Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-10, अंक-116
रायपुर, सोमवार 15 दिसम्बर 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00


# बिहार सरकार के मंत्री नितिन नबीन बनें राष्ट्रीय भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भाजपा ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा के संसदीय बोर्ड के इस फैसले की जानकारी राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स हैंडल पर अपने एक पोस्ट में नितिन नबीन को नयी जिम्मेदारी के लिये बधाई दी। वहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा ने भी नितिन नबीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई दी है। इसके साथ नबीन को सोशल मीडिया पर बधाई देने का तांता लग गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर अपने बधाई संदेश में लिखा कि नितिन नबीन ने एक मेहनती कार्यकर्ता के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। वह युवा और मेहनती नेता हैं, जिनके पास संगठन का अनुभव है और बिहार में कई बार विधायक और मंत्री के तौर पर उनका शानदार रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लगन से काम किया है। वह अपने विनम्र स्वभाव और ज़मीनी काम करने के तरीके के लिए जाने जाते हैं। मुझे विश्वास है कि उनकी ऊर्जा और समर्पण आने वाले समय में हमारी पार्टी को मज़बूत करेगा। उन्हें भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई। ज्ञात रहे कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी अध्यक्ष जेपी नडडा को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया था। तब से नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कयास लगने लगे थे। नडडा 2020 में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए गए थे। बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष उनका कार्यकाल जून 2024 तक था। नबीन को यह जिम्मेदारी पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक रणनीति को धार देने में उनकी भूमिका को देखते हुये दी गयी है। उनकी नियुक्ति को बिहार की राजनीति में भाजपा के संगठनात्मक विस्तार के तौर पर देखा जा रहा है। भाजपा कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन के नाम की घोषणा के साथ ही उन तमाम अटकलों पर भी विराम लग गया है। जिनमें कई दिग्गज नेताओं के नाम की संभावनाएं जताई जा रही थीं। नितिन नबीन की नियुक्ति को लेकर भाजपा ने जातीय समीकरण भी साधने की कोशिश की है। भाजपा के नए अध्यक्ष कायस्थ समुदाय से आते हैं। इस समुदाय से बीजेपी में शीर्ष पद पर कई नेताओं को लाने की बात लंबे समय से चल रही थी। साथ ही आने वाले पश्चिम बंगाल और 2027 में यूपी विधानसभा चुनाव में नितिन नबीन की अहम भूमिका हो सकती है।

## सीएम विष्णुदेव साय ने दी बधाई



**रायपुर।** बीजेपी ने छत्तीसगढ़ प्रभारी और मंत्री नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। नबीन वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा की जगह लेंगे। नबीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर सीएम विष्णुदेव साय ने उन्हें बधाई दी है। पार्टी आला- कमान ने उनके संगठनात्मक अनुभव, जमीनी पकड़ और प्रशासनिक क्षमता को देखते हुए यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। वे बिहार की नीतीश सरकार में सड़क निर्माण मंत्री नितिन नबीन हैं और वर्तमान में पटना के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

## विचक न्यूज़

### अरुणाचल प्रदेश स्थानीय निकाय चुनाव के लिए तैयार, कल सुबह 7 बजे से मतदान

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में सोमवार को पंचायती राज संस्थाओं और ईटानगर तथा पासीघाट के दो शहरी स्थानीय निकायों के लिए वोट डाले जाएंगे। राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) के अनुसार, मतदान सुबह सात बजे शुरू होकर शाम चार बजे तक होगा। आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि मतदान समाप्त होने के समय कतार में खड़े जिन मतदाताओं को वोटिंग स्लिप मिली होगी, उन्हें वोट डालने की अनुमति दी जाएगी। मतदान से पहले ही सत्तारूढ़ भाजपा को एक बड़ी बढ़त मिली है। उसके रिकॉर्ड संख्या में उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। भाजपा ने ईटानगर नगर निगम (आईएमसी) की 20 में से चार सीटें जीती हैं।

### रेलवे ने 11 सालों में 42,600 से अधिक एलएचबी कोचों का निर्माण किया

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने लिंके हॉफमैन बुश (एलएचबी) कोचों के उत्पादन में लगातार प्रगति की है, जिन्हें यात्रियों के लिए बेहतर सुरक्षा, बेहतर यात्रा आराम और बेहतर परिचालन प्रदर्शन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। रेलवे की तरफ से जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार 2014 और 2025 के बीच, 42,600 से अधिक एलएचबी कोचों का विनिर्माण किया, जो 2004 और 2014 के बीच निर्मित 2,300 कोचों की तुलना में 18 गुना अधिक है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 (नवंबर 2025 तक) के दौरान कुल 4,224 से अधिक एलएचबी कोचों का विनिर्माण किया गया है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि में उत्पादित 3,590 कोचों की तुलना में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाता है।



### शंख ध्वनि के बीच यूपी भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बने पंकज चौधरी



**लखनऊ।** महाराजगंज से सांसद व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बन गए हैं। उनके नाम की घोषणा औपचारिक तौर पर प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन के केंद्रीय प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने की। शंख ध्वनि के बीच नाम का एलान होते ही डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नए अध्यक्ष को भाजपा का झण्डा सौंपा।

## शीतकालीन सत्र की शुरुआत राष्ट्रगान व राज्यगीत से न होना परंपरा के विरुद्ध : जेसीसीजे

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत राष्ट्रगान और राज्यगीत से न होने पर कड़ा विरोध व्यक्त किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा कियह राज्य की गौरवशाली परंपरा, संवैधानिक मर्यादा और छत्तीसगढ़ की अस्मिता का अपमान है। उन्होंने कहा कि यह दिन छत्तीसगढ़ के लोकतांत्रिक इतिहास के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि विधानसभा जैसी सर्वोच्च संस्था में राज्य के गौरव पर एक साथ दो आघात किए गए हैं। पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जोगी) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने सोशल साइट्स (फेसबुक/एक्स) के जरिए कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के इतिहास में पहली बार सदन की कार्यवाही न तो राष्ट्रगान 'जन गण मन' से और न ही राज्यगीत 'अरपा पैरी के धार' से शुरू हुई। यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और राज्य की सांस्कृतिक पहचान की उपेक्षा है। उन्होंने याद दिलाया कि 1 नवंबर 2000 को नवगठित छत्तीसगढ़ राज्य की पहली विधानसभा की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई थी, जो आज तक चली आ रही एक गौरवशाली और सम्मानजनक परंपरा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले विधानसभा भवन से समाज सुधारक और महान विभूति मिनीमाता के नाम को हटाया जाना भी राज्य के महापुरुषों के प्रति अनादर का प्रतीक रहा है। अब राष्ट्रगान और राज्यगीत की अनदेखी कर इस अपमान को और गहरा किया गया है। अमित जोगी ने कहा कि 'अरपा पैरी के धार' केवल एक गीत नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की आत्मा, उसकी संस्कृति, संघर्ष और पहचान का प्रतीक है। इसकी उपेक्षा सीधे तौर पर छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान पर चोट है।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने ऊर्जा बचाने वाले नायकों को किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर विज्ञान भवन में एक समारोह में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) 2025 और राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता (एनपीसी) 2025 के विजेताओं को सम्मानित किया। समारोह का आयोजन विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ब्यूरो ऑफएनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुर्मु ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण कोई विकल्प नहीं, बल्कि आज की आवश्यकता है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारत वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और देश ने पेरिस समझौते के तहत निर्धारित लक्ष्य से पाँच वर्ष पहले ही 50 प्रतिशत स्थापित क्षमता गैर-जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त कर ली है। उन्होंने पीएटी योजना, मानक एवं लेबलिंग, एडीईईटीआईई जैसी बीईई की पहलों को ऊर्जा दक्षता की रीढ़ बताया। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 2025 ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि ऊर्जा संरक्षण तकनीक, नीति और जनभागीदारी का संगम है।

## मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल की 'ऊर्जावान छत्तीसगढ़' कॉफी टेबल बुक का किया विमोचन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवीन विधानसभा परिसर स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में रजत महोत्सव विशेष छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल द्वारा प्रकाशित 'ऊर्जावान छत्तीसगढ़' कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। यह कॉफी टेबल बुक छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल एवं उसकी उत्तरवर्ती पावर कंपनियों की 25 वर्षों की गौरवमयी यात्रा, उपलब्धियों और विकास गाथा पर आधारित है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह कॉफी टेबल बुक छत्तीसगढ़ में ऊर्जा क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक परिवर्तनों, अधोसंरचना विकास, नवाचारों और जनसेवा आधारित कार्यों का सजीव दस्तावेज है। कॉफी टेबल बुक में छत्तीसगढ़ राज्य ने ऊर्जा क्षेत्र में सुदृढ़ नियोजन, आधुनिक तकनीक और उपभोक्ता-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ उल्लेखनीय उपलब्धियों को शामिल किया गया है और सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट की स्थापना से लेकर 32 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता, कोयला खनन के सुदृढ़ संचालन और राज्यव्यापी पारेषण-वितरण ढांचे के विस्तार तक बिजली क्षेत्र में व्यापक सुधार को प्रदर्शित किया गया है।

## ईडी ने कोडीन युक्त सिरप मामले में कई जगहों पर तलाशी ली

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कोडीन युक्त कफ सिरप के गैर-कानूनी व्यापार और इसके दुरुपयोग के सिलसिले में कई जगहों पर तलाशी अभियान चलाया है। ईडी के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने कहा कि उसने लखनऊ, वाराणसी, जौनपुर, सहारनपुर, रांची और अहमदाबाद में आरोपियों और उनके साथियों के घरों और कार्यालयों समेत 25 जगहों पर तलाशी ली है। ईडी ने उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट, भारतीय दंड संहिता और दूसरे लागू कानूनों की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज 30 प्राथमिकियों के आधार पर अपनी जांच शुरू की।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा के समिति कक्ष में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक हुई आयोजित

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा के समिति कक्ष में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## बूथ ही बनेगा जीत का केंद्र, एसआईआर चुनावी रणनीति की धुरी : सीएम योगी

पायनियर संवाददाता लखनऊ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि आगामी चुनाव पूरी तरह बूथ स्तर पर लड़े जाएंगे और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) इस रणनीति की रीढ़ है। भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोधी दलों के पास संगठनात्मक ताकत नहीं है, लेकिन वे छल और भ्रम फैलाने की कोशिश जरूर करेंगे। ऐसे में कार्यकर्ताओं को सजग, साहसी और पूरी तरह तैयार रहना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदला हुआ उत्तर प्रदेश आज अपनी पहचान खुद गढ़ रहा है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, अयोध्या में भव्य राम मंदिर, नैमिषारण्य सहित प्रमुख तीर्थ स्थलों का कायाकल्प इस परिवर्तन के प्रतीक हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले प्रदेश में बिजली इसलिए नहीं आती थी ताकि अंधेरे में डकैती डाली जा सके, जबकि आज रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली आपूर्ति हो रही है। योगी आदित्यनाथ ने एसआईआर को अत्यंत संवेदनशील बताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की क्षमता पर कोई संदेह नहीं है, लेकिन कई बार अनावश्यक उदारता के कारण गंभीर चूक हो जाती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई जगह यह कहकर संतोष कर लिया जाता है कि हमारे यहां सब ठीक है, जबकि वास्तविकता कुछ और होती है। एक जिले में तो विरोधियों ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम तक मतदाता सूची में दर्ज करवा दिए, जहां पिता-पुत्र-दादा की उम्र में ही भारी विसंगति पाई गई और मतदाता मूल रूप से असम के निवासी निकले। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक बूथ पर फर्जी नामों के खिलाफ अनिवार्य रूप से आपत्ति दर्ज कराई जाए।

## हॉर्नबिल महोत्सव भारत की सांस्कृतिक समृद्धि का सशक्त प्रतीक : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव की सराहना की है और इसे भारत की सांस्कृतिक समृद्धि तथा जनजातीय विरासत की चिरस्थायी जीवंतता का सशक्त प्रतीक बताया है। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा एक अखबार में हॉर्नबिल महोत्सव को लेकर लिखे गये लेख को साझा किया है और इसकी प्रशंसा करते हुए इसे भारत की सांस्कृतिक समृद्धि तथा जनजातीय विरासत की चिरस्थायी जीवंतता का एक शक्तिशाली प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर एक नये, आत्मविश्वासी भारत का चेहरा प्रस्तुत करता है। नागालैंड की अनूठी सांस्कृतिक पहचान की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह राज्य केवल एक महोत्सव की मेज़बानी नहीं करता, बल्कि स्वयं में एक उत्सव का प्रतीक है, जो 'त्योहारों की भूमि' के गौरवशाली नाम को सही सिद्ध करता है। सिंधिया ने एक अंग्रेजी अखबार में नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव में पूर्वोत्तर की झलकियां नाम से एक लेख लिखा है, जिसे मोदी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा किया है। मोदी ने लिखा कि नागालैंड का हॉर्नबिल महोत्सव मानवीय भावना के विविध रंग और प्राचीन तथा आधुनिकता के अद्भुत सम्मन्वय के रूप में चित्रित करता है। उन्होंने कहा, जब हमारा पूर्वोत्तर प्रकाशमान होगा, तभी समूचा राष्ट्र उन्नति की ऊंचाइयों को छूएगा। उल्लेखनीय है कि नागालैंड की समृद्ध संस्कृति और जीवन शैली को प्रस्तुत करने वाला यह महोत्सव नागालैंड की लड़ाकू जनजातियों का सबसे बड़ा उत्सव है। इसे 'त्योहारों का त्योहार' भी कहा जाता है। इस हर साल एक से 10 दिसंबर यानी दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में मनाया जाता है।

# वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस की रैली में देश भर से उमड़े लोग

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के वोट चोरी के खिलाफ देश भर में चलाए गये अभियान के बाद रामलीला मैदान में हुयी विशाल रैली में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ ही बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों से आए पार्टी के प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया। रैली में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, के सी वेणुगोपाल के साथ ही कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, कार्य समिति के सदस्य, प्रभारी महासचिव, विभिन्न प्रदेशों के अध्यक्ष और विधायक दलों के नेताओं के साथ ही बड़ी संख्या में पार्टी के प्रमुख नेता मौजूद रहे। रैली को खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के अलावा, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब के साथ ही विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों, पूर्व मुख्यमंत्रियों और अन्य प्रमुख नेताओं ने संबोधित किया। पार्टी ने वोट चोरी को लोकतंत्र के खिलाफ एक अपराध बताया है और यह भी कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्टी नेताओं का कहना था कि अब देश के हर घर में वोट चोरी होने की आवाज पहुंच चुकी है इसलिए वोट चोरों को गद्दी छोड़नी पड़ेगी। इससे पहले कांग्रेस मुख्यालय में एक दिन पहले केरल में स्थानीय निकाय चुनावों में शानदार जीत हासिल करने वाले केरल के नेताओं ने खरगे, गांधी, राहुल गांधी, वेणुगोपाल शाहिद विभिन्न नेताओं से मुलाकात की।

### भाजपा को सत्ता से बाहर कर ही होगी सत्य की जीत : खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि भाजपा की सरकार वोट चोरी से बनी है और असत्य की नींव पर टिकी इस सरकार की असलियत अब उजागर हो गयी है इसलिए देश को गुमराह करने वाली सरकार को सत्ता से बाहर करना जरूरी हो गया है। खरगे ने यहां रामलीला मैदान में पार्टी की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस का पूरा विचारधारा झूठ पर टिकी है। कांग्रेस इसी झूठ के खिलाफ खड़ी है।

### वोट चोरी का सच सामने आने से खत्म हो रहा है मोदी-शाह का आत्मविश्वास : राहुल



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग सरकार के इशारे पर ईमानदारी से चुनाव नहीं करा रहा है और अगर वह पारदर्शी तरीके से काम करे तो भाजपा एक भी चुनाव नहीं जीत सकती है। गांधी और वाड्रा ने रामलीला मैदान में पार्टी की 'वोट चोर गद्दी छोड़' नाम से आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश में इस समय सत्य और असत्य के बीच लड़ाई हो रही है। कांग्रेस सच्चाई के रास्ते पर है और भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) असत्य की राह पर चलकर सिर्फ चुनाव जीतने की साजिश कर रहे हैं।

## वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने राज्य के दीर्घकालिक विकास विज़न का रखा स्पष्ट रोडमैप

# विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन छत्तीसगढ़ अंजोर 2047 पर हुई चर्चा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन राज्य के दीर्घकालिक विकास दस्तावेज छत्तीसगढ़ अंजोर 2047 पर व्यापक और सारगर्भित चर्चा हुई। सदन में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने इस महत्वाकांक्षी विजन डॉक्यूमेंट पर विस्तृत चर्चा करते हुए इसके उद्देश्य, आवश्यकता और क्रियान्वयन की रूपरेखा को विस्तार से रखा। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ अंजोर 2047 केवल एक नीति दस्तावेज नहीं, बल्कि अगले 25 वर्षों में राज्य को समृद्ध, आत्मनिर्भर और समावेशी विकास की दिशा में ले जाने का संकल्प है। उन्होंने बताया कि यह विजन भारत की आज़ादी के 100 वर्ष पूर्ण होने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विशेषताओं को केंद्र में रखा गया है। वित्त मंत्री चौधरी ने चर्चा में स्पष्ट किया कि तेज़ी से बदलते वैश्विक और राष्ट्रीय परिदृश्य में राज्य को दीर्घकालिक दृष्टि के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण, जलवायु परिवर्तन, तकनीकी विकास और युवाओं की बढ़ती आकांक्षाओं को देखते हुए योजनाबद्ध और दूरदर्शी नीति अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ अंजोर 2047 का उद्देश्य आर्थिक विकास को गति देना, युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करना, किसानों, श्रमिकों और आदिवासी समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना, पर्यावरण संरक्षण के साथ औद्योगिक विस्तार करना, सुशासन, पारदर्शिता और डिजिटल गवर्नेंस को सुदृढ़ बनाना है। वित्त मंत्री ने सदन को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ अंजोर 2047 को कई प्रमुख स्तंभों पर आधारित किया गया है। इनमें कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण, औद्योगिक निवेश और स्टार्टअप को बढ़ावा, शिक्षा और कौशल विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, महिला सशक्तिकरण, आधारभूत संरचना का विकास और हरित विकास शामिल हैं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि राज्य की युवा आबादी को डेमोग्राफिक डिविडेंड में बदलना इस विज़न का प्रमुख लक्ष्य है। इसके लिए शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट और नवाचार को प्राथमिकता दी गई है। मंत्री चौधरी ने बताया कि छत्तीसगढ़ अंजोर 2047 को तैयार करने में विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के सुझावों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया में जनभागीदारी और नियमित समीक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। विधानसभा में इस विषय पर उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार रखे और राज्य के दीर्घकालिक विकास के लिए इस पहल को महत्वपूर्ण बताया।

## पतंजलि विश्वविद्यालय को ज्ञान भारतम मिशन द्वारा मिली क्लस्टर सेंटर की मान्यता



**हरिद्वार/वार्ता।** हरिद्वार में ज्ञान भारतम मिशन, संस्कृति मंत्रालय के द्वारा आयोजित एक समारोह में पतंजलि विश्वविद्यालय को 'क्लस्टर सेंटर' के रूप में मान्यता प्रदान की गई। इस संदर्भ में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगगुरु स्वामी रामदेव, कुलगुरु डॉ. आचार्य बालकृष्ण तथा ज्ञान भारतम मिशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अनिर्बान दाश, डॉ. श्रीधर बारीक (कॉर्डिनेटर, एनएमएम) तथा विश्वरंजन मालिक (कॉर्डिनेटर, डिजिटाइजेशन, एनएमएम) की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर योगगुरु स्वामी रामदेव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत सहित ज्ञान भारतम मिशन की पूरी टीम का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की संस्कृति मूलक भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण का जीवंत उदाहरण है।

## मंत्री राजवाड़े ने कहा- महतारी वंदन योजना में जल्द जुड़ेंगे नए नाम, राशि बढ़ाने पर भी हो सकता है फैसला

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने महतारी वंदन योजना को लेकर बड़ी जानकारी देते हुए कहा है कि राज्य सरकार इस योजना में जल्द ही नए नाम जोड़ने जा रही है। एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में महतारी वंदन योजना का दायरा और बढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी संकेत दिए कि योजना के तहत दी जाने वाली राशि में बढ़ोतरी को लेकर भी सरकार जल्द निर्णय ले सकती है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना का सफलतापूर्वक संचालन कर रही है। इस योजना के तहत हाल ही में 22वीं किस्त जारी की गई है, जिसमें पात्र महिलाओं के बैंक खातों में सीधे 1,000 रुपये ट्रांसफर किए गए। अब तक प्रदेश की लगभग 67,71,012 महिलाएं इस योजना का लाभ ले चुकी हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना माताओं और बहनों के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर किया हमला मुंबई विकास और कल्याण योजनाओं पर डाला प्रकाश

एजेंसी ◀ नागपुर
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर तीखा हमला बोला और कहा, हमने मुंबई की सड़कों को धोया, लेकिन उसके खजाने को कभी लूटा नहीं। शिंदे ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन कोविड काल और मिठी नदी की सफाई कार्यों के दौरान भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने ठाकरे को रहमान डाकू करार दिया, जिसने मुंबई के खजाने को लूटा। उन्होंने यह भी दावा किया कि महायुति सरकार ऐसी ताकतों का मुकाबला करने के लिए काफी मजबूत है। शिंदे ने काव्यात्मक तंज कसते हुए कहा कि महायुति उन लोगों को हराएगी जो मुंबई को लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी योजनाएं गेम चेंजर हैं और महायुति आगामी नगरपालिका चुनावों में विजयी होगी। शिंदे ने अपनी स्थिति की वैधता पर उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि उन्हें पहले मुख्यमंत्री के रूप में और अब उपमुख्यमंत्री के रूप में भी असंवैधानिक कहा गया, लेकिन उनका काम बिना रुकावट जारी है। उन्होंने टिप्पणी की कि कुछ लोग यह हजम नहीं कर पा रहे कि एक साधारण परिवार से आने वाला व्यक्ति मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री बन गया। शिंदे ने मुंबई के लिए कई बड़े बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की घोषणा की, जिनमें वर्सोवा-भायंदर कोस्टल रोड को मंजूरी, पॉड टैक्सी प्रोजेक्ट, बीकेसी से नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक अंडरग्राउंड टनल और विरार से वाधवन तक सड़क विकास शामिल हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अब काला पानी समुद्र में नहीं बहेगा और मुंबई से पर्यावरणीय तथा राजनीतिक प्रदूषण दोनों खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मुंबई छोड़कर गए मुंबईकरों को वापस लाने के प्रयास चल रहे हैं और दोहराया कि मुंबई को महाराष्ट्र से कभी अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि झुग्गी-झोपड़ी निवासियों की जानकारी डिजिटल की जा रही है। शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की जन्म शताब्दी (23 जनवरी) पर शिंदे ने मुंबईकरों के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बालासाहेब का तैल चित्र विधानसभा के सेंट्रल हॉल में लगाया गया है और उनके कार्यकाल में 300 एकड़ का सेंट्रल पार्क प्रोजेक्ट शुरू किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर राज्य भर के शहरों में उद्यानों के लिए फंड आवंटित करने का भी जिक्र किया। शिंदे ने कृषि मोर्चे पर कहा कि अत्यधिक वर्षा से प्रभावित किसानों को 15,000 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई, जिसमें नियमों में ढील दी गई। किसान ऋण माफी की प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि यह वादा पूरा होगा। उन्होंने विपक्षी नेताओं को सिर्फ फोटो के लिए खेतों में जाने वाले बताया। कल्याण योजनाओं पर बोलते हुए शिंदे ने कहा कि लाडकी बहिन योजना विपक्ष के दावों और अदालती चुनौतियों के बावजूद जारी है। उन्होंने कहा कि कोई भी इस योजना को रोक नहीं सकता और पात्र महिलाओं को वादे के अनुसार 2,100 रुपये मिलेंगे।

# दुधवा नेशनल पार्क के लिए किफायती जंगल सफारी टूर पैकेजों का ऐलान

**लखनऊ।** दुधवा नेशनल पार्क की हरियाली, रोमांच से भरे जंगल सफारी अनुभव और दुर्लभ वन्य जीवों की झलक को अब पर्यटक पहले से कहीं अधिक आसान और किफायती तरीके से देख सकेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने सैलानियों, परिवार के सदस्यों और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक रात, दो दिन के पांच विशेष बजट पैकेज तैयार किए हैं। प्रदेश के पर्यटन जयवीर सिंह ने बताया कि 'यूपीएसटीडीसी की ओर से तैयार टूर पैकेज पर्यटकों को दुधवा नेशनल पार्क के प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता को करीब से अनुभव करने का मौका देगा। यह बजट पैकेज उत्तर प्रदेश में इको टूरिज्म, जंगल सफारी और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देगा।' राजधानी लखनऊ के होटल गोमती से 15 दिसंबर से शुरू होने वाले इस टूर पैकेज से संबंधित विशेष जानकारी यूपीएसटीडीसी की वेबसाइट www.upstdc.co.in से प्राप्त होगी। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) द्वारा तैयार 'दुधवा बजट पैकेज' अधिकतम आठ यात्रियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। टेम्पो ट्रैवलर से सफर की शुरुआत होगी, जिसका प्रति व्यक्ति किराया 6,175 रुपए (05 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त) होगा। दो दिनी यात्रा के पहले दिन लखनऊ स्थित होटल गोमती से सुबह 08 बजे टेम्पो ट्रैवलर यात्रियों के साथ दुधवा के लिए रवाना होगा। दोपहर 01:30 बजे दुधवा पहुंचकर होटल में लंच और रात 08 बजे रात्रि भोजन के बाद पर्यटक आराम करेंगे। दूसरे दिन सुबह 06:00-10:00 बजे तक पर्यटक जंगल सफारी का आनंद लेंगे। तत्पश्चात सुबह 11 बजे वापसी के लिए लखनऊ रवाना होंगे। दंपति के साथ पांच वर्ष आयु तक के बच्चे मुफ्त में सफर कर सकते हैं।

# रांची में बंटी-बबली स्टाइल ठगी का पर्दाफाश, लोन के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला दंपती गिरफ्तार

वार्ता ◀ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड की राजधानी रांची में बंटी-बबली की तर्ज पर ठगी करने वाले एक शातिर दंपती का भंडाफोड़ हुआ है। लोन दिलाने के नाम पर बड़े कारोबारियों से लाखों रुपये ऐंठने वाले पति-पत्नी को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस ठग दंपती की तलाश ओडिशा पुलिस को भी लंबे समय से थी। रांची के कांके थाना क्षेत्र में सक्रिय इस इंटरस्टेट ठगी गिरोह का खुलासा शिकायत के आधार पर हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिवाजी पाटिल उर्फ अमित महतो और एंजेला कुजूर के रूप में हुई है। दोनों खुद को प्रभावशाली फाइनेंस एजेंट बताकर बड़े व्यवसायियों को अपने जाल में फंसाते थे। कम ब्याज दर और बेहद कम प्रोसेसिंग फीस पर भारी-भरकम लोन दिलाने का लालच देकर वे कारोबारियों से मोटी रकम वसूलते थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रामगढ़ जिले के व्यवसायी सरोजकांत झा इस ठगी के शिकार हुए। आरोपियों ने उन्हें कम ब्याज पर बड़ा लोन दिलाने का झांसा दिया और इसके बदले 74 लाख रुपये वसूल लिए। जब लोन नहीं मिला तो ठग दंपती ने मामले को दबाने के लिए एक जमीन का फर्जी एग्रीमेंट भी कर दिया। जांच में सामने आया कि जिस जमीन का एग्रीमेंट किया गया था, वह जमीन आरोपियों की थी ही नहीं। इसके बाद पीड़ित व्यवसायी ने कांके थाना में एफ आईआर दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि इस दंपती ने कांके थाना क्षेत्र में ही करीब 70 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया था। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपियों ने ओडिशा में भी कई लोगों को निशाना बनाया था। ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि ओडिशा के सुदाम बारिक नामक युवक के संपर्क से जुड़े एक व्यवसायी से करीब 42 लाख रुपये की ठगी करने का मामला भी सामने आया है। इसी वजह से ओडिशा पुलिस भी इनकी तलाश कर रही थी। पुष्कर ने कहा कि दोनों आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं और यह आशंका है कि देश के अन्य राज्यों में भी इन्होंने इसी तरह की ठगी की हो। फिलहाल दंपती को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है और ओडिशा पुलिस को भी पूरे मामले की जानकारी दे दी गई है।

# हमारा लक्ष्य है एक साल के भीतर चित्तूर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाना: एनजीओ

एजेंसी ◀ चित्तूर (आंध्र प्रदेश)
www.dailypioneer.com




केन्द्र सरकार की बाल विवाह उन्मूलन के लिए 100 दिन की सघन कार्य योजना से प्रेरणा लेकर चित्तूर स्थित एनजीओ रूरल एजुकेशन एंड लिबर्टी (रियल) ने जिले को एक वर्ष की अवधि में बाल विवाह से मुक्त करने की रणनीति बनाई है। 'बाल विवाह मुक्त भारत' पहल के एक साल पूरे होने पर शुरू किए गए राष्ट्रीय 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान से तालमेल बिठाते हुए 'रियल' ने सरकारी विभागों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, चुने हुए प्रतिनिधियों और सामुदायिक संस्थानों के साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया है। एनजीओ ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि उसका यह अभियान स्कूलों और शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों, जहां ऐसी शादियां होती हैं उनसे विवाह से संबंधित सेवा प्रदाताओं, ग्राम पंचायतों और नगर निगम वार्डों पर ध्यान केंद्रित कर इसे रोकने के कई तरीके अपनाता है। इसमें कहा गया है कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन (जेआरसी) की साझीदार संस्था 'रियल' ने अब तक पूरे देश में एक लाख से अधिक बाल विवाह को रोका है। संस्था ने पिछले साल सिर्फ चित्तूर जिले में 209 बाल विवाह रोके हैं। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की पहली वर्षगांठ 27 नवंबर 2024 को मनाने के लिए 'रियल' ने जिले भर के स्कूलों, कॉलेजों और ग्राम समुदायों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया और शपथ समारोह भी आयोजित किए। संगठन समुदायों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में भी जागरूक कर रहा है और चेतावनी दी है कि कैटरर्स, टेंट हाउस ऑपरेटर, मेहमान और धार्मिक नेता जैसे सेवा प्रदाता जो बाल विवाह कराने में शामिल होते हैं, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। सरकार की नई पहल का स्वागत करते हुए 'रियल' के निदेशक एस रामा राव ने कहा कि चुने हुए प्रतिनिधियों, सरकारी मशीनरी, कानून लागू करने वाली एजेंसियों और कम्युनिटी की भागीदारी का एक साथ आना भारत में बाल विवाह को खत्म करने की कोशिशों में बड़ा बदलाव लेकर आयेगा। उन्होंने बताया कि तीन चरणों में चल रहा यह सघन जागरूकता अभियान आठ मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाप्त होगा।

# रामनगर-हल्द्वानी मार्ग पर धमोला में यात्री बस पलटी, सात लोग गंभीर रूप से घायल

एजेंसी ◀ रामनगर
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड में रामनगर-हल्द्वानी मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ जिसमें सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कालाढूंगी थाना क्षेत्र के धमोला इलाके में एक पैसेंजर बस और कार के बीच जोरदार टक्कर होने के बाद बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा पलटी। हादसे में सात यात्रियों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है जबकि कई अन्य यात्रियों को भी चोटें आई हैं। बस में 35 से अधिक यात्री सवार थे। धमोला के पास बस के आगे चल रही एक कार ने अचानक कुत्ते को बचाने के प्रयास में इमरजेंसी ब्रेक लगाया। पीछे चल रही बस के चालक ने भी कार को बचाने के लिए अचानक ब्रेक लगाया लेकिन तेज रफ्तार के कारण बस का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे खेत में पलट गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कालाढूंगी पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और रामनगर के रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय भेजा गया है, जहां उनका उपचार जारी है। रामनगर सीओ सुमित पांडे ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस के आगे चल रही कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगाया, जिससे पीछे आ रही बस पलट गई। बस में करीब 30 से 35 सवारियां मौजूद थीं। वहीं बस में सवार एक यात्री ने बताया कि वे रामनगर से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे और बेलपड़ाव से बस में सवार हुए थे, उस समय बस पूरी तरह भरी हुई थी और 8 से 10 यात्री खड़े भी थे। उन्होंने बताया कि धमोला के पास बस अचानक पलट गई। उनके अनुसार बस में 40 से अधिक लोग सवार थे। फि लहाल पुलिस ने मौके पर यातायात को सामान्य कर रही है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# पुलिस अकादमी ने माओवादी नेता प्रसाद राव से बातचीत से इनकार किया

**हैदराबाद।** हैदराबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एसवीपीएनपीए) ने जारी एक बयान में स्पष्ट किया है कि आत्मसमर्पण कर चुके माओवादी नेता पुल्लुरी प्रसाद राव उर्फ चंद्रन्ना से आईपीएस प्रशिक्षुओं ने कोई बातचीत नहीं की है। एसवीपीएनपीए ने एक बयान में प्रिंट मीडिया की उन खबरों से इनकार किया कि माओवादी नेता प्रसाद राव को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत सेशन के लिए अकादमी में बुलाया गया था। अकादमी ने बयान में कहा न तो प्रसाद राव को यहां बुलाया गया था और न ही आईपीएस प्रशिक्षु के साथ कोई बातचीत सेशन हुआ था। अकादमी का यह बयान एक अंग्रेजी अखबार की उस रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें दावा किया गया था कि वरिष्ठ माओवादी नेता ने आत्मसमर्पण के बाद आईपीएस प्रशिक्षुओं से बात की थी और माओवादी अभियान और अपने अनुभवों के बारे में जानकारी साझा की थी। उल्लेखनीय है कि 64 वर्षीय प्रसाद राव ने गत 28 अक्टूबर को तेलंगाना पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। एसवीपीएनपीए के बयान में इन दावों को गलत बताया गया और कहा गया कि अकादमी में ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई।

# कार ट्रेलर से टकराई, तीन लोग घायल




**भरतपुर।** राजस्थान में भरतपुर के हलैना थाना क्षेत्र में ट्रेलर और कार की टक्कर से कार सवार दो महिलाओं सहित तीन लोग घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दौसा जिले के महुआ निवासी एकांत उपाध्याय अपने परिवार के साथ कार से वृंदावन जा रहे थे। आगरा-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर आमोली टोल प्लाजा के पास ट्रेलर चालक द्वारा अचानक मोड़ने से कार ट्रेलर से टकरा गई। इससे कार चला रहे एकांत उपाध्याय, उनकी भाभी ललिता देवी और मां सोमलता उपाध्याय घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# देहरादून में पीआरएसआई के 47वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में पहुंची विधानसभा अध्यक्ष

एजेंसी ◀ देहरादून
www.dailypioneer.com

देहरादून के सहस्त्रधारा रोड स्थित एक होटल में आयोजित पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) के 47वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी बतौर मुख्य अतिथि पहुंची। उन्होंने पीआरएसआई की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था सरकार की नीतियों, योजनाओं और विकास कार्यों को आम जनता तक पहुंचाने में एक सशक्त सेतु का कार्य कर रही है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज का युग सूचना और संवाद का है। जनसंचार के माध्यम से अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जा सकती है। उन्होंने इस क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पीआर और कम्युनिकेशन जैसे क्षेत्रों में महिलाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि पीआर इंडस्ट्री का आकार लगातार बढ़ रहा है, लेकिन इसके साथ-साथ यह चुनौती भी है कि सूचना विश्वसनीय, पारदर्शी और प्रभावी तरीके से जनता तक पहुंचे।

# पार्टी संगठन की सामूहिक मेहनत, अनुशासन और जनसेवा से बिहार चुनाव में जीत मिली: नितिन नवीन

एजेंसी ◀ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता नितिन नवीन ने कहा कि बिहार चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पार्टी संगठन की सामूहिक मेहनत, अनुशासन और जनसेवा के संकल्प की विजय है। नवीन ने चुनावी सफलता का श्रेय पार्टी के कार्यकर्ताओं को देते हुए कहा कि उन्होंने घर-घर जाकर सरकार की नीतियों, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाया, जिसके परिणामस्वरूप जनता का भरपूर समर्थन मिला। बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से बड़ी जीत हासिल करने के बाद नवीन ने पटना के स्काउट और गाइड मैदान में कार्यकर्ता परिवार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया। इस समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी, बूथ स्तर के कार्यकर्ता, नेता एवं समर्थक उपस्थित हुए। इस दौरान नवीन ने कहा कि यह सम्मान समारोह उसी समर्पण और संघर्ष को नमन करने का एक छोटा सा प्रयास है। मंत्री ने कार्यकर्ताओं से आगे भी जनसेवा, संगठन विस्तार और विकास के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ अध्यक्षों, मंडल पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नवीन ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए वे पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे। कार्यकर्ता सम्मान समारोह के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा आगामी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस सम्मान समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उद्योग मंत्री दिलीप जयसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद रवि शंकर प्रसाद, मंत्री राम कृपाल यादव, विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, सांसद विवेक ठाकुर, विधायक संजीव चौरसिया, विधायक संजय गुप्ता, पूर्व विधायक अरुण सिन्हा, लाजवंती झा (प्रदेश महामंत्री प्रभारी) सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित थे।

# हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र में अफीम डोडा तस्करी का भंडाफोड़, दो तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी ◀ हजारीबाग
www.dailypioneer.com



झारखंड के हजारीबाग जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कोर्रा थाना क्षेत्र से अफीम एवं डोडा की खरीद-बिक्री में संलिप्त दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सूचना के अनुसार कनहरी पहाड़ के समीप कुछ तस्कर अफीम एवं डोडा की खरीद-बिक्री कर रहे थे। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, हजारीबाग के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। गठित दल द्वारा कनहरी हिल के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान चरही की ओर से आ रही सफेद रंग की एक स्वीफ्ट कार को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर कार सवार तेजी से वाहन भगाने लगे, जिसे छापामारी दल ने पीछा कर ओवरटेक करते हुए कार सहित उसमें सवार व्यक्तियों को पकड़ लिया। तलाशी के क्रम में कार की डिक्की से अफीम एवं डोडा बरामद किया गया। पकड़े गए व्यक्तियों ने अपना नाम ईशु कुमार सिंह उर्फ नन्हे, पिता स्व. सुधांशु सिंह, साकिन पटना रोड उजैना, थाना बरही तथा विजय कुमार गुप्ता उर्फ बिक्क, पिता स्व. सुखदेव साव, साकिन रसोईया धमना, थाना बरही, जिला हजारीबाग बताया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे अफीम एवं डोडा खूंटी जिला के तमाड़-रायडीह क्षेत्र से लेकर बरही की ओर जा रहे थे। पुलिस ने इनके पास से 1.980 किलोग्राम अफीम, 20 किलोग्राम डोडा, 5500 रुपये नगद, एक स्वीफ्ट कार एवं तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। इस छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर अमित आनंद, पुलिस निरीक्षक ललित कुमार, कोर्रा थाना प्रभारी अजीत कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

# आप ने दिल्ली में भाजपा की 'चुनावी धांधली' को लेकर कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल उठाए



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने 'वोट-चोरी' के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी की ईमानदारी पर सवाल उठाया। उन्होंने दिल्ली में वोट में हेराफेरी पर उनकी पिछली चुप्पी पर आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी सिर्फ अपनी पार्टी के लिए बोलते हैं, देश के लिए नहीं। भारद्वाज ने लोकतंत्र को मजबूत करने के सभी प्रयासों का स्वागत करते हुए पूछा कि कांग्रेस एक साल पहले चुप क्यों रही, जब अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह समेत आप नेता दिल्ली चुनावों में जिसे वे 'वोट-चोरी' कह रहे हैं, उसके सबूत सार्वजनिक रूप से पेश कर रहे थे। भारद्वाज ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, उस समय हमारे नेता बार-बार सबूत पेश कर रहे थे लेकिन कांग्रेस पूरी तरह चुप रही। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को दिल्ली में इन आरोपों पर बोलने की चुनौती दी। उन्होंने पूछा, जब राहुल गांधी जंतर-मंतर या रामलीला मैदान में खड़े होंगे, तो क्या वे उसी विधानसभा क्षेत्र में खड़े होंगे जहां अरविंद केजरीवाल को उनके वोट हटाकर और फर्जी वोट बनाकर हराया गया था? आप नेता ने सुझाव दिया कि दिल्ली के मुद्दे पर बोलने की इच्छा से कांग्रेस पार्टी की ईमानदारी की परीक्षा होगी। उन्होंने कहा, अगर राहुल गांधी दिल्ली में वोट-चोरी पर बोलने से बचते हैं, तो यह साफ हो जाएगा कि यह पूरी कहानी सिर्फ उनके और उनकी पार्टी के लिए है, देश के लिए नहीं।

# रुपये की ऐतिहासिक गिरावट ने भाजपा के आर्थिक दावों की खोली पोल: अखिलेश

एजेंसी ◀ लखनऊ
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि डॉलर के मुकाबले रुपये का अब तक के इतिहास में सबसे कमजोर स्तर पर पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार अर्थव्यवस्था को लेकर जो आंकड़े और दावे पेश कर रही है, वे पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन हैं। उन्होंने कहा कि रुपये की गिरावट ने सरकार की आर्थिक नीतियों की असलियत जनता के सामने ला दी है। पार्टी की तरफसे जारी बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा इस सच्चाई से इनकार नहीं कर सकती कि रुपये की कमजोरी सीधे तौर पर सरकार की नाकामी का परिणाम है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने रुपये की गिरावट और सरकार के बीच ऐसा विचित्र आर्थिक सिद्धांत गढ़ा है, जो पूरी तरह अव्यावहारिक और विफल साबित हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को गंभीर संकट में डाल दिया है। रुपया लगातार डॉलर के मुकाबले गिरता जा रहा है और गिरावट के पुराने सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं। इसके साथ ही महंगाई बेलगाम हो चुकी है, जिससे आम जनता की क्रय शक्ति लगातार कमजोर हो रही है। गलत आर्थिक नीतियों का खामियाजा किसान, युवा, व्यापारी और मध्यम वर्ग सभी भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के झूठे वादों की परतें एक-एक कर खुल रही हैं और जनता यह समझ चुकी है कि भाजपा की विदाई से ही रुपये को मजबूती मिल सकती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा शासन में भ्रष्टाचार और लूट अपने चरम पर है। हर स्तर पर अवैध कारोबार फल-फूल रहा है और नकली व गैरकानूनी सामान खुलेआम बाजार में बिक रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने आम लोगों के जीवन को खतरे में डाल दिया है और माफियाओं के अवैध धंधों को खुला संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा और माफिया एक-दूसरे के पूरक बन चुके हैं। हर जिले में माफिया खड़े कर दिए गए हैं, जिनके कारण समाज का हर वर्ग भय के माहौल में जी रहा है। अधिकारियों और कर्मचारियों में भी इन माफियाओं का डर व्याप्त है। कहीं भू-माफियाओं का आतंक है तो कहीं कफसिरप जैसे अवैध कारोबार लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकारें हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हुई हैं।

# पंजाब, हरियाणा में पराली नहीं जली फिर भी दिल्ली में प्रदूषण: आप

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के स्तर पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के लगभग एक साल सत्ता में रहने के बावजूद स्थिति और खराब हो गयी है। भारद्वाज ने यहां संवाददाताओं से कहा कि दिसंबर का आधा महीना बीत चुका है और पंजाब, हरियाणा या अन्य राज्यों में पराली जलाने की कोई घटना सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण का स्तर ऊंचा बना हुआ है, बंद कमरों के अंदर भी धुंध दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को हल करने की जवाबदेही किसकी है - इसके बारे में निवासियों के बीच स्पष्टता की कमी है। उन्होंने मौजूदा नेतृत्व की प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने की क्षमता पर सवाल उठाया। भारद्वाज ने कहा कि लोगों को नहीं पता कि वायु प्रदूषण पर कार्रवाई के लिए किसकी ओर देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है और आने वाले वर्षों में सुधार की संभावना कम है। भारद्वाज ने दृष्टिकोण में बदलाव का आह्वान करते हुए कहा कि नीतियां पेशेवर विशेषज्ञों के निर्देशों पर बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों को नेतृत्व करना चाहिए और सुझाव दिया कि मुख्यमंत्री को इस प्रक्रिया को सही मायने में शुरू करने की अनुमति देने के लिए पीछे हट जाना चाहिए। इस बीच, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में और गिरावट की सूचना दी। आयोग के अनुसार, 13 दिसंबर को शाम चार बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 431 था और उसी दिन शाम छह बजे तक बढ़कर 441 हो गया। प्रदूषण के स्तर में वृद्धि का कारण धीमी हवा की गति, स्थिर वायुमंडलीय स्थिति, प्रतिकूल मौसम संबंधी मापदंड और प्रदूषकों का अपर्याप्त फैलाव था। बिगड़ती हवा की गुणवत्ता के जवाब में, दिल्ली सरकार ने पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा पांच के तहत निर्देश जारी किए। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के तहत सभी सरकारी कार्यालयों और दिल्ली के सभी निजी कार्यालयों को 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ काम करने का निर्देश दिया गया है। शेष कर्मचारी घर से काम करेंगे। यह आदेश अगले निर्देशों तक लागू रहेगा। इस बीच दिल्ली शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और गैर-सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के प्रमुखों को कक्षा नौवीं और कक्षा ग्यारहवीं तक की कक्षाएं हाइब्रिड मोड में आयोजित करने का निर्देश दिया। कक्षाएं जहां भी संभव हो, ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से आयोजित की जाएंगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और अगले निर्देशों तक जारी रहेगा।

# तंत्र मंत्र के नाम पर अंधविश्वास फैलाने ठगी करने, हिंसा की घटनाएं : डॉ. दिनेश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने कहा पिछले कुछ समय से प्रदेश के अनेक स्थानों से तंत्र मंत्र के नाम से ठगी, धोखाधड़ी, हत्याओं के अनेक मामले सामने आए हैं। कुछ फर्जी बैगा, कथित तांत्रिक ग्रामीणों को चमत्कार झूठे के दावे कर, जादू-टोना, भूत-प्रेत आदि के नाम पर भ्रमित कर भ्रम व अंधविश्वास फैला रहे हैं। जबकि ऐसी काल्पनिक मान्यताओं का कोई अस्तित्व नहीं है। आम लोगों को इस प्रकार अंधविश्वास में नहीं फंसना चाहिए। डॉ.दिनेश मिश्र ने कहा पिछले दो सप्ताह के अंदर ही बालोद से तंत्र मंत्र से खजाना दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी, कोरबा से रूपए को करोड़ों रुपयों में बदलने के लिए तांत्रिक अनुष्ठान के नामपे 3 हत्याएं, गरियाबंद से तांत्रिक इलाज से बीमारी ठीक करने के नाम पर जेवर, रुपए हड़पने के मामले सामने आए हैं। तथाकथित चमत्कार के दावे बनावटी होते है। ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं है जिसे किसी भी प्रकार से दूसरे के विषय में जादू से जानकारी मिल सके अलग अलग माध्यम से प्राप्त कुछ सूचनाएं चमत्कार के रूप में प्रस्तुत की जाती है यह एक प्रकार की ट्रिक ही है, जैसे जादूगर अपने शो में अलग अलग प्रकार के खेल दिखाते हैं, जैसे रुपये दुगने करने, किसी व्यक्ति के दो टुकड़े करने, फिर जोड़ देने, ताजमहल को गायब करने जैसे करतब पर वे इसे सिद्धि, नहीं कहते सिर्फ एक मनोरंजन के तौर पर यह भी इनसे किसी को कोई लाभ नहीं होगा। क्योंकि ऐसे चमत्कारों न ही किसी का भला हो सकता है और न ही कोई व्यापक जनहित के काम। क्योकि यदि चमत्कारों से ही देश के कार्य सम्भव होते तो सरकार को पंचवर्षीय योजनाएं, नहीं बनानी पड़ती और न ही शिक्षा, ऊर्जा, रोजगार, रक्षा, चिकित्सा की समस्याओं के लिये विकास के लिए योजना बना कर काम करना पड़ता। उसी जब चिकित्सा विज्ञान का आविष्कार नहीं हुआ था तब बीमारियों



को जादू टोने का कारण औरमानसिक बीमारियों को भूत प्रेत के होने के कारण माना जाता था, लेकिन जब से चिकित्सा विज्ञान का आविष्कार हुआ है नए-नए मेडिकल कॉलेज अस्पताल खुले हैं बीमारियों के अलग-अलग कारण तथा उसके हिसाब से इलाज ढूंढे गए हैं और अभी भी जारी है। जैसे कोरोना के समय मे न ही कोई बाबा काम आया न उनका चमत्कार। डॉक्टरों, अस्पतालों, दवाओं, वैक्सीन जैसी कोरोना नियंत्रण में आया। उसी प्रकार कुछ मानसिक बीमारियों को अंधविश्वास के कारण लोग भूत-प्रेत एक का वजह मानते थे तथा उसके लिए झाड़ फूंक कराने जाते थे, उसका भी उपचार आजकल मनो चिकित्सकों द्वारा किया जाता है जो की व्यक्ति की बीमारी और उसके लक्षण के आधार पर तय होता है। किसी बीमार व्यक्ति को जादू टोना करने, भूत आने की बात कह कर भ्रमित करना, प्रेतों की सेना, आदि काल्पनिक बाते अविश्वसनीय ही नही बल्कि हास्यास्पद भी हैं। क्योकि जादू टोने के शक में महिलाओं को टोनही कह कर प्रताड़ित करने और मार डालने के हजारों मामले प्रति वर्ष देश भर से सामने आते है। इस अंधविश्वास से लोगों को बाहर निकालने की जरूरत है न कि उनके चमत्कार, जादू टोना, भूत प्रेत जैसे भ्रम में दाल कर अंधविश्वास बढ़ाने की। भारत सरकार के ड्रग एन्ड मैजिक रेमेडी एक्ट के अंतर्गत यह सब अपराध है। डॉ दिनेश मिश्र ने कहा हर व्यक्ति को अपने धर्म के प्रचार, प्रसार का अधिकार है, पिछले कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि कुछ बैगा, तांत्रिक टोटके बाजी, खजाना दिलाने, रुपए डबल करने, कथित चमत्कार, बीमारियों के इलाज के नाम पर भी भ्रम उत्पन्न कर रहे हैं। लोगों में चमत्कार, जादू टोने, भूत प्रेत के नाम पर अंधविश्वास फैलाना उचित नहीं है ऐसे मामलों में प्रशासन को संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करनी चाहिए एवं आम लोगों को ऐसे स्वार्थी तत्वों पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

## जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 संपन्न

**सुकमा।** नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा शनिवार को जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला शिक्षाधिकारी जी.आर. मंडावी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बॉयज़ हायर सेकेंडरी स्कूल सुकमा, गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल सुकमा एवं डीएवी स्कूल सुकमा में पहुंचकर परीक्षा संचालन, सुरक्षा व्यवस्था एवं अनुशासन की स्थिति का अवलोकन किया। जिला शिक्षाधिकारी ने परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। नवोदय विद्यालय सुकमा में पंजीकृत 1536 विद्यार्थियों में से 1355 विद्यार्थी उपस्थित रहे, वहीं नवोदय विद्यालय कोंटा में पंजीकृत 648 विद्यार्थियों में से 560 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सहभागिता की।

# कुआकोंडा में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

विकासखंड कुआकोंडा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन मे तीन जोन कुआकोंडा, पालनार एवं मड़कामीरास में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें कुआकोंडा जोन से 47 शिक्षक, पालनार जोन से 60 और मड़कामीरास जोन से 45 कुल 152 शिक्षक इस प्रशिक्षण मे शामिल हुए। इसमें शिक्षकों को बताया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत एक महत्वपूर्ण पहल हैं, जिसका लक्ष्य 3 से 8 वर्ष की आयु के बच्चों में पढ़ने, लिखने और गणित के बुनियादी कौशल (जैसे एक पाठ को समझना, लिखना और सरल गणना करना) को मजबूत करना है, ताकि भविष्य की शिक्षा की नींव तैयार हो सके। एफएलएन कार्यक्रम, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत चलाया जा रहा एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मिशन हैं, जिसे निपुण भारत मिशन के नाम से भी जाना जाता हसन। इसका मुख्य लक्ष्य 2026-27 तक कक्षा 3 के अंत तक सभी बच्चों को पढ़ने, लिखने और बुनियादी गणित (जोड़-घटाव, गुणा-भाग) में निपुण बनाना हैं।इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद भदौरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज राठौर एवं खंड स्त्रोत समन्वयक रत्तू राम राणा शामिल हुए।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में पहुंची विदेशी सैलानी



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा संचालित विकास नगर स्टेडियम में संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में सुबह 7 बजे विदेशी सैलानी पहुंची अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने विदेशी सैलानी को बताया कि पूर्व सैनिकों के द्वारा युवक एवं युवतियों को फोर्स में भर्ती होने के लिए प्रतिदिन सुबह 5:30 से 7:30 बजे तक निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें से बहुत से युवक एवं युवतिया फोर्स में चयनित होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं विदेशी सैलानी ने बताया कि वह इजराइल से आई हैं और लड़कियों को ट्रेनिंग करते हुए देखकर अत्यधिक प्रसन्नता हुई इसके बाद सभी ने मिलकर भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय जवान जय किसान के नारे लगाए।

# राजनीतिक दलों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संशोधित कार्यक्रम की दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर छत्तीसगढ़ में चलाये जा रहे मतदाता नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। आयोग द्वारा 9 दिसंबर 2025 को जारी आदेश के अनुसार पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम में आवश्यक संशोधन किया गया है, ताकि मतदाता सूची का अद्यतन, शुद्धिकरण एवं पुनरीक्षण कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जा सके। इस संबंध में शनिवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चाली ठाकुर द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को



आमंत्रित कर विशेष गहन पुनरीक्षण संशोधित कार्यक्रम की जानकारी दी गई। निर्वाचन आयोग ने मतदाता जागरूकता बढ़ाने तथा विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं, इसके लिए सभी राजनीतिक दलों को अपने बूथ लेवल एजेंटों से सहयोग हेतु निर्देशित की गई। जिससे प्रत्येक पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित कर सके। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 18 दिसंबर तक गणना प्रपत्र का कार्य एवं मतदान केंद्रों का युक्तिकरण पूर्ण किया जाएगा। इसके पश्चात 19 से 22 दिसंबर तक कंट्रोल टेबल का अद्यतन कर प्रारूप मतदाता सूची तैयार की जाएगी, जिसका प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा। प्रारूप सूची के प्रकाशन के साथ ही 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकेंगी। दावे एवं आपत्तियों पर नोटिस जारी करने, सुनवाई, सत्यापन एवं निराकरण की प्रक्रिया 23 दिसंबर से 14 फरवरी 2026 तक संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा समानांतर रूप से की जाएगी। इसके बाद मतदाता सूची के स्वास्थ्य मानकों की जांच कर अंतिम प्रकाशन हेतु आयोग की अनुमति 17 फरवरी 2026 तक प्राप्त की जाएगी तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। जिला प्रशासन ने समस्त मतदाताओं से अपील की है कि वे प्रारूप मतदाता सूची का अवलोकन कर अपने नाम, पता एवं अन्य विवरणों की जांच अवश्य करें और किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर दावा या आपत्ति प्रस्तुत करें, ताकि अंतिम मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध एवं अद्यतन तैयार की जा सके। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के सदस्यों और निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 'जनजाति गौरव माह-2025' पर कार्यशाला आयोजित

**सुकमा।** उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शासकीय नवीन महाविद्यालय कोंटा में 11 दिसंबर को 'जनजाति गौरव माह-2025' के अंतर्गत जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत एवं योगदान विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पी. विजय ने कहा कि जनजातियों के विकास से ही बस्तर क्षेत्र का विकास संभव है। मुख्य वक्ता नैनी जांगैय्या ने विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि एसडीएम कोंटा सुभाष शुक्ला ने युवाओं को लक्ष्य निर्धारण एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डी. सुरेश बाबु ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा जनजातीय संस्कृति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रो. दुष्यंत कुमार ने किया तथा आभार प्रदर्शन मुकेश कुमार पटेल ने किया।

## आईपीएस अधिकारी प्रखर पांडेय का निधन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस के अधिकारी आईपीएस प्रखर पांडेय का रविवार दोपहर करीब 4:15 बजे निधन हो गया। बताया जा रहा है कि उन्हें भिलाई में अचानक हृदयघात आया था, जिसके बाद 5 तारीख से उन्हें रायपुर स्थित रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। तब से उनका इलाज चल रहा था, लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके निधन से पुलिस विभाग में शोक की लहर है। आईपीएस प्रखर पांडेय वर्तमान में पुलिस मुख्यालय रायपुर में उप पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी), सीआईडी विभाग के पद पर तैनात थे। उन्होंने अपने सेवा जीवन में कई अहम जिम्मेदारियां संभालीं। इससे पहले वे कबीरधाम, सूरजपुर और दुर्ग जिले में पुलिस अधीक्षक रह चुके थे, वहीं बिलासपुर और राजनांदगांव में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में भी सेवाएं दीं। उनके आकस्मिक निधन से पुलिस महकमे में शोक की लहर है। छत्तीसगढ़ सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत अधिकारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# धान खरीदी को आसान बनाने की दिशा में राज्य सरकार का निर्णायक कदम

■ धान विक्रय प्रक्रिया हुई सरल, अब दिन-रात कभी भी मिलेगा तूहर टोकन

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तूहर टोकन ऐप को अब 24×7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लघु किसनों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है। उल्लेखनीय है कि टोकन प्रत्येक सहकारी समिति को आबंटित सीमा के भीतर ही जारी किए जाएंगे। किसानों से आग्रह है कि वे समय रहते तूहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त करें और किसी भी असुविधा से बचें। किसानों की सुविधा और पारदर्शी व्यवस्था हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। तूहर टोकन ऐप को 24×7 खोलने और समय की बाध्यता समाप्त करने का निर्णय इसी सोच का परिणाम है। अब किसान बिना किसी दबाव के, अपनी सुविधा अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसानों के लिये टोकन की अतिरिक्त समय सीमा और अवधि का विस्तार किसानों को वास्तविक राहत देगा। राज्य सरकार किसान हित में हर संभव कदम उठाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# अब युक्त धारा पोर्टल से स्वीकृत होंगे पंचायतों में मनरेगा के कार्य

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत शासन के निर्देशानुसार युक्त धारा पोर्टल पर जीआईएस आधारित ग्राम पंचायत प्लान की एंट्री की जा रही है। सुकमा जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कलेक्टर देवेश ध्रुव के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रत्येक ग्राम पंचायत का युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्ययोजना तैयार किया जा रहा है। जिले के 03 जनपद पंचायतों कोंटा, छिंगदढ़ और सुकमा के ग्राम पंचायतों में प्राथमिकता के कार्यों को युक्त धारा पोर्टल में एंट्री प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिसमें बजट के कार्ययोजना में कृषि से संबंधित 60 प्रतिशत कार्य एवं जल संरक्षण से संबंधित 30 प्रतिशत के कार्यों को प्राथमिकता से कार्ययोजना में शामिल किया गया है। इसके साथ जिले में ग्रामीणों के मांग अनुसार डबरी, बकरी शेड, सुअर शेड तालाब आदि कार्यो को प्रमुखता से कार्ययोजना में लिया गया है। युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से लिये जाने वाले परिसंपतियों का भौतिक सत्यापन करते हुए अत्याधुनिक तकनीक जैसे कि CLART APP के माध्यम से कार्यो का चयन स्थल के उपयुक्ता के अनुसार किया जा रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा तैयार कार्ययोजना के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर युक्तधारा पोर्टल में अक्षांश एवं देशान्तर के साथ एंट्री की गई है। इन सभी कार्यो को युक्त धारा पोर्टल में प्राथमिकता के क्रम में एंट्री की जा रही है। वर्ष 2026-27 से जो भी कार्य पंचायतों में प्रारंभ होंगे वह एंट्री के प्राथमिकता के क्रम में होंगे। इस तरह से शासन द्वारा एक बेहतरीन व्यवस्था लोगों की सुविधा के लिए लागू की गई है। इसके अलावा युक्त धारा पोर्टल में जो भी कार्यों की एंट्री होगी उनमें प्रत्येक कार्यों की अक्षांश एवं देशांतर की एंट्री भी की जा रही है, ताकि भविष्य में उनमें अभिसरण (समन्वय) के माध्यम से और भी कार्य कराया जा सके तथा पारदर्शिता भी बनी रहे। अब भविष्य में जो भी कार्य ग्राम पंचायत में होंगे। उन्हें इसी प्रकार 02 अक्टूबर को होने वाली ग्राम सभा से अनुमोदन कराकर युक्त धारा पोर्टल में एंट्री उपरांत ही की जाएगी। युक्त धारा पोर्टल के माध्यम से लेबर बजट 2026-27 के लिए प्लानिंग किये गये कार्य 01 अप्रैल 2026 से स्वीकृति प्रदान किया जाएगा। इस प्रकार अब युक्त धारा पोर्टल के माध्यम से जीआईएस आधारित योजना निर्माण की स्वीकृति से पारदर्शिता एवं त्वरित स्वीकृति में सहायता मिल सकेगी।

## प्रशिक्षण का उद्देश्य कारीगरों को बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार

# रॉट आयरन शिल्प से जुड़े परिवारों को दो दिवसीय मार्केटिंग-ब्रांडिंग का प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राज्य कार्यालय द्वारा चयनित पीडब्ल्यूसी संस्था के माध्यम से जिले में रॉट आयरन के कार्य से जुड़े समूहों और परिवारों को उनके उत्पादों के बेहतर विपणन एवं ब्रांडिंग हेतु 12 एवं 13 दिसंबर को दो दिवसीय आवासीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कारीगरों को बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करने तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाना है। प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई द्वारा जिले में निर्मित रॉट आयरन उत्पादों के कैटलॉग को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत कर विस्तार से समझाया गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उत्पादों की



डिजाइन, फिनिशिंग और प्रस्तुति को आकर्षक बनाकर उन्हें बाजार में भेजा जा सकता है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि तैयार किए गए कैटलॉग एवं उत्पादों के वीडियो सभी प्रतिभागियों को व्हाट्सएप के माध्यम से मोबाइल पर उपलब्ध कराए जाएं, जिससे कारीगर स्वयं भी अपने उत्पादों का प्रचार कर सकें। सीईओ भोई ने कारीगरों से कहा कि विभागीय स्तर पर लगाए जाने वाले राज्य, जिला एवं राष्ट्रीय स्तर के स्टॉलों में अनिवार्य रूप से सहभागिता लें। इससे न केवल उत्पादों की पहचान बढ़ेगी, बल्कि लोगों से सीधा संपर्क स्थापित होगा और कार्य के लिए ऑर्डर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि बाजार से जुड़ाव ही कारीगरों की आय बढ़ाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (विहान) से जिला मिशन प्रबंधक विनय सिंह, उड़ान महिला की सफल कंपनी के सीईओ श्री देवेंद्र तथा पीडब्ल्यूसी संस्था के मास्टर ट्रेनर भी उपस्थित रहे। विशेषज्ञों द्वारा ब्रांडिंग, पैकेजिंग, ग्राहक पसंद, मूल्य निर्धारण एवं डिजिटल माध्यमों से विपणन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कोंडागांव जिले को शिल्प नगरी के रूप में जाना जाता है। यहां के पारंपरिक कारीगरों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा लगातार विभिन्न योजनाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रयास किए जा रहे हैं। यह प्रशिक्षण उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे स्थानीय शिल्प को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी।

# ठोटी मड़ानार में 11 केवी तार की चपेट में आया पैरा से भरा पिकअप वाहन, आग लगने से मचा हड़कंप, ग्रामीणों ने दिखाई तत्परता

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत मुंगवाल के आश्रित ग्राम ठोटी मड़ानार के स्कूल पारा में आज शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। 11 केवी विद्युत तार की चपेट में आने से एक पिकअप वाहन में अचानक आग लग गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्थानीय किसान पिकअप वाहन में पैरा लेकर जा रहा था। इसी दौरान पिकअप में लदा पैरा ऊपर से गुजर रहे 11 केवी विद्युत तार के संपर्क में आ गया, जिससे वाहन में आग भड़क उठी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया और काफी




मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि पिकअप वाहन और उसमें लदे पैरा को नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद ग्रामीणों ने ढीले व नीचे लटके विद्युत तारों को लेकर चिंता जताते हुए संबंधित विभाग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

# निज सहायक अवैध वसूली में मस्त, अधिकारी त्रस्त

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी के निज सहायक की अवैध वसूली की चर्चा इन दिनों शासकीय दफ्तरों से निकलकर शहर के चौक-चौराहों से लेकर पान ठेलों में चल रही है जिसमें बताया जाता है कि उक्त निज सहायक जिसके खिलाफ पूर्व में काफी गंभीर आरोप लग चुके हैं परंतु अधिकारी का कृपापात्र होने का इन दिनों भरपूर फायदा उठा रहा है। जिले के अधिकारियों को फोन कर अधिकारी के घर खर्च से लेकर जन्मदिन सहित एक वीआईपी नेता के दामाद के खर्चों के नाम पर जमकर अवैध वसूली की जा रही है। कार्यालय में पदस्थ निज सहायक अवैध वसूली में मस्त है। अधिकारी उनसे त्रस्त हैं। हास्यास्पद बात यह है कि इसकी जानकारी होने के बाद भी उक्त निज सहायक अपने अधिकारी पर भारी पड़ रहा है। खबर के मुताबिक शासकीय भवन का रंग-रोगन, फर्नीचर, स्टेशनरी सहित अन्य कार्यों के नाम पर जिले के अधिकारियों से उसकी वसूली अब आम हो रही है। इसे लेकर कुछ अधिकारियों में खासी नाराजगी देखी जा रही है किंतु उसके पद की गरिमा को देखते हुए कोई इसकी शिकायत उसके अधिकारी को करने की जुर्रत नहीं करते और अल्पावधि में ही इस निज सहायक ने आकूत संपत्ति का संग्रहण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है जो अब जिले में भी चर्चित है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और जीरो टॉलरेंस का मखौल उड़ाते हुए यह व्यक्ति मनमाने स्तर पर चंदाखोरी कर रहा है। इस व्यक्ति पर आरोप है कि वह वीआईपी,



वीवीआईपी के दामाद के नाम पर प्रतिदिन हजारों रूपये की राशि वसूल कर उक्त दामाद को देने का दावा कर रहा है। इस वसूली से जिले के कुछ अधिकारियों में खासी नाराजगी है। इन पीड़ितों का कहना है कि हम प्रति माह उक्त निज सहायक को कहां तक सहयोग करते रहेंगे। हमारे पास इतनी राशि देने की औकात नहीं है। हम कई बार उससे यह बात कह भी चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी वह शासन के एक वीवीआईपी का निर्देश मानकर उसका पालन करने की बात कहते हैं और आपत्ति दर्ज कराने वाले अधिकारी की बात को रग्गे में उड़ा देता है। उसकी इस कार्यशैली के कारण जिले के कुछ अधिकारी उसके कक्ष में जाने का साहस भी नहीं करते। इसके बावजूद भी वह चपरासी को भेजकर उन्हें अपने चेंबर में तलब करता है और पुनः वसूली की बात कहता है। जो अधिकारी इसका विरोध करते हैं उसे, उनके कार्यों में त्रुटि निकालकर वापस करने की बात कहता है। भयभीत होकर अधिकारी उसकी बात को मजबूरीवश पालन करते आ रहा है। जिले में पदस्थ कुछ अधिकारी उसकी इस प्रक्रिया से लगातार नाराज चल रहे हैं जिसका मुख्य कारण निज सहायक की अवैध वसूली है। ऐसा नहीं है कि यह बात जिले में पदस्थ अधिकारियों के समक्ष नहीं पहुंची है। लेकिन उसका विरोध करने की हिम्मत इन अधिकारियों में नही है। खबर के मुताबिक यह निज सहायक जबसे पदस्थ हुआ है, तबसे लेकर अब तक लगातार उसके द्वारा यही प्रक्रिया अपनाई जा रही है। वसूलीबाज उक्त सहायक ने जितनी राशि अभी तक वसूली है, उसे संबंधित कार्यों में कम और अपने स्वार्थपूर्ति में ज्यादा राशि लगाई है। इसी के चलते इसकी चल-अचल संपत्ति में भारी वृद्धि हुई है। पहले एक साधारण से मोटर सायकल में कार्यालय आते रहे और कुछ माह बाद चमचमाती लग्जरी कार में जब ये महोदय अपने कार्यालय में पहुंचते हैं तो लोग कानाफूसी करते हैं कि भ्रष्टाचार की काली कमाई से अपना साम्राज्य स्थापित करने वाला भ्रष्ट व्यक्ति पहुंच चुका है। वह बकायदा अधिकारी की तर्ज पर आने लगे जिसे देखकर लोग तंज भी कसने लगे हैं। दिखावे के लिये यह व्यक्ति एक साधारण सा कर्मचारी दिखाई देता है। इसके पीछे एक संदेश है कि मैं दूध से धुला हुआ हूं जबकि वास्तविकता इसके विरूद्ध है। कोई भी व्यक्ति इसके अधिकारी से आसानी से मिलकर अपनी समस्याएं रख सकता है जिसका उक्त अधिकारी त्वरित निराकरण भी करते आ रहे हैं। लेकिन इस निज सहायक की नादिरशाही इतनी बढ़ गई है कि आगंतुक जब उससे अधिकारी के आने का समय पूछने के लिये जाते हैं तो वह चमकाकर उन्हें बाहर कर देता है जिससे भी उक्त अधिकारी के निष्पक्ष कार्यशैली भी संदेह के दायरे में आ रही है।

# 31 दिसंबर तक एलसीडीसी अभियान बढ़ते मामलों को रोकने पर जोर

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर बीएस उइके की अध्यक्षता में आज उनके कार्यकक्ष में जिले में चर्म रोग खोज अभियान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में चर्म रोग खोज अभियान के उन्मुलन के उददेश्य से समुदाय में चर्म रोग के संक्रमण को रोकने के लिए प्रत्येक रोगियों का प्रारंभिक अवस्था पहचान कर उपचार किया जाएगा ताकि रोग के प्रसार में नियंत्रण एवं विकलांगता से बचा जा सके। इसके लिए जिले के समस्त विकासखण्ड में 08 दिसंबर से 31 दिसंबर तक सघन चर्म रोग खोज अभियान (एलसीडीसी) संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में 2024-25 में 36 प्रकरण खोजे गए थे। जबकि वर्तमान वर्ष 2025-26 में अब तक 105 केस दर्ज हुए हैं जिनका उपचार निरंतर किया जा रहा है। इस अभियान के लिए कुल 716 टीमों का गठन किया गया है, जो लगभग 1 लाख 43 हजार 300 घरों में घर-घर सर्वेक्षण करेंगी। अभियान की तैयारी के संबंध में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, बीईई तथा अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्रीय गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें मितानिन घर-घर जाकर जांच करेंगे। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षण, समुदाय में आईईसी सामग्री का वितरण, जागरूकता गतिविधियों की योजना, ब्लॉक एवं सेक्टर स्तर पर टीमों को जिम्मेदारियाँ सौंपना तथा दैनिक रिपोर्टिंग प्रस्तुत करना एवं समय-सीमा की समीक्षा जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विश्वास और स्थिरता के एक नए अध्याय की ओर बढ़ रहा है : रंजना साहू

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार के दो वर्ष पूर्ण हुए हैं। आज ही के दिन मुख्यमंत्री के रूप में विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री के रूप में अरुण साव एवं विजय शर्मा ने शपथ ली थी। सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने सरकार की जमकर तारीफ की और प्रदेश में पुनः सुशासन स्थापित करने वाली सरकार बताया। प्रेस नोट जारी करते हुए रंजना साहू ने कहा सुशासन सरकार के सफलतम 02 वर्ष सेवा, संकल्प और समर्पण की मिसाल हैं। इन दो वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास, विश्वास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। सुशासन के इस ऐतिहासिक सफ़र पर समस्त देवतुल्य जनता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। हमारी सरकार प्रदेश से भय और आतंक को समाप्त करने की दिशा में ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए नक्सलियों का सफाया कर रही और प्रदेश में अमन चैन खुशहाली स्थापित करने का कार्य कर रही है वहीं कृषक उन्नत योजना के अंतर्गत किसानों को पूरा सम्मान देते हुए 3100 प्रति क्विंटल से 21 एकड़ धान खरीदी कर रही है। महिलाओं को समृद्ध और सशक्त बनाते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में महतारी वंदन योजना से महिलाओं के उत्थान हेतु हमारी सरकार कार्य कर रही है। 2 साल में छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदली है। बिजली, पानी, सड़क, किसान, युवाओं के कल्याण में ऐतिहासिक काम हुए हैं। पिछली सरकार जहाँ जनता के काम को नहीं करती थी हमारी सरकार जनता का काम करने जनता के द्वार तक पहुँच रही है। ये है विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार। डबल इंजन की सरकार ने बस्तर की तस्वीर बदल दी है। जिस बस्तर के नाम से लोग डरते थे वो बस्तर विकसित और शांत बस्तर की ओर आगे बढ़ रहा है और बहुत जल्द बस्तर की प्राकृतिक छटा को देखने विश्व के लोग आएँगे। प्रदेश में हवाई सेवाओं का विस्तार हो रहा है अब छत्तीसगढ़ के कई जिले देश के बड़े शहरों से सीधा कनेक्ट हो रहे हैं। इन दो वर्षों में प्रदेश ने विकास की गति को और बढ़ाया है तथा जनकल्याणकारी कार्यों का कीर्तिमान रचा है।

# सामाजिक सेवा के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने की आवश्यकता : रामू रोहरा

## सर्व हिंदू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भव्य रूप से संपन्न

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com




सर्व हिंदू समाज संस्था धमतरी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह धनकेशरी मंगल भवन धमतरी में गरिमामय अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम धमतरी के महापौर रामू रोहरा रहे। उन्होंने संस्था के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संगठन की गरिमा, सामाजिक एकता, अनुशासन एवं सेवा भाव के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। समारोह को संबोधित करते हुए महापौर रोहरा ने कहा कि सर्व हिंदू समाज संस्था समाज को जोड़ने, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को संगठित होकर राष्ट्रहित, संस्कृति संरक्षण एवं सामाजिक सेवा के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने की आवश्यकता है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से उन्होंने अपेक्षा जताई कि वे संगठन को और अधिक मजबूत करते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का कार्य करेंगे। महापौर ने यह भी कहा कि सामाजिक संगठनों की जिम्मेदारी केवल आयोजनों तक सीमित नहीं होती, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने, युवाओं को संस्कारों से जोड़ने तथा जरूरतमंदों के हित में निरंतर कार्य करने की होती है। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन के उद्देश्यों के प्रति निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, गणमान्य नागरिक, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में सर्व हिंदू समाज के सदस्य उपस्थित रहे, जिससे आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ हीरा महावर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ रोशन उपाध्याय एवं डॉ प्रभात गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी अध्यक्ष महेश रोहरा, महासचिव अशोक पवार, उपाध्यक्ष बिसेशर पटेल, रमेश लहरे, हरजिन्दर छाबड़ा, सरंक्षण दीपक लखोटिया, सहसचिव पवन अग्रवाल, संरक्षक जानकी प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष यशवंत साहू, संगठन महामंत्री विजय गोलछा, वरुण रॉय, मीडिया प्रभारी दिलीप पटेल, कार्यकारिणी सदस्य राजेश शर्मा, सुबोध राठी, अजय जैन, नंदू जसवानी, दिलीप सोनी, कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से किया गया। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया गया। शपथ ग्रहण समारोह सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और समाज को एकजुट होकर सेवा, समरसता एवं संगठन की भावना के साथ आगे बढ़ने का प्रेरक संदेश दिया।



**धमतरी।** धमतरी नगर निगम के महापौर रामू रोहरा नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर की माताजी, स्व. त्रिवेणी बाई सोनकर के तीज-नहावन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने दिवंगत आत्मा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त कीं। महापौर रोहरा ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की चिरशांति तथा परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

# देवकी ने किया सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता ‹ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत उड़ेला में मुख्य सड़क से रंगमंच मुख्य चौक तक सीसी रोड निर्माण हेतु मुख्य अतिथि देवकी पुरुषोत्तम दीवान छत्तीसगढिया सभापति जिला पंचायत महासमुंद के द्वारा भूमि पूजन किया गया। विशिष्ट अतिथि रिंकू प्रीतम सिदार पूर्व जनपद सदस्य, संतराम निषाद अध्यक्ष सहकारी समिति सोमनाथ पटेल, कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल भंवरपुर, ब्रिजेंद्र सिदार सेवानिवृत प्राचार्य थे। देवकी ने कहा कि दुरस्थ अंचल के ग्राम वासियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। सीसी रोड बनने से स्थानीय ग्रामवासियों को आवा गमन के लिए बेहतर सुविधा मिल पाएगी। सांथ ही ग्राम पंचायत, जनपद एवं जिला पंचायत के परस्पर सहयोग से ही ग्रामो का चहुमुखी विकास होगा। कार्यक्रम मे सरपंच किशोर कुमार चौहान, उपसरपंच अनुसूईया सिदार, पंचदशोदा चौहान, मोतीनबाई एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# डायल 112 के चालक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

थाना अंतर्गत ग्राम दर्राभांठा के पास एक अज्ञात वाहन ने मोटर सायकल में सवार डायल 112 वाहन के चालक को ठोकर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार मनीष पटेल पिता सनत कुमार पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम मोहदा ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 28 नवंबर को रात्रि लगभग 11 बजे उसके पिता सनत कुमार पटेल अपनी मोटर सायकल प्लेटिना क्रमांक सीजी 06 जीयू 9015 में सिंघोड़ा से डायल 112 वाहन चलाकर अपनी ड्युटी समाप्त कर अपने घर ग्राम मोहदा आ रहे थे। वे सारंगढ़ रोड पर ग्राम दर्राभांठा के पास पहुंचे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर उनके मोटर सायकल को ठोकर मार दिया। इससे उनके सिर एवं नाक में गंभीर चोट आने से ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने प्रार्थी के रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) के तहत अपराध कायम किया है।

# अत्यधिक ठंड-विद्यालयों के समय में अस्थायी परिवर्तन

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में पड़ रही अत्यधिक ठंड को देखते हुए छात्रहित में जिला धमतरी में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं अन्य सभी विद्यालयों के शाला संचालन समय में 3 जनवरी 2026 तक अस्थायी परिवर्तन किया गया है। यह परिवर्तन विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस आशय के आदेश जारी कर दिए है। कार्यालय का समय यथावत रहेगा। परिवर्तित शाला संचालन समय निम्नानुसार रहेगा-दो पाली में संचालित होने वाली शालाएँ प्रथम पाली-सोमवार से शुक्रवार एवं शनिवार प्रातः 8.30 बजे से 12 बजे तक, द्वितीय पाली सोमवार से शुक्रवार एवं शनिवार 12.15 बजे से 04.15 बजे तक। एक पाली में संचालित होने वाली शालाएँ-सोमवार से शुक्रवार प्रातः 10 बजे से 04 बजे तक, शनिवार प्रातः 8.30 बजे से 12 बजे तक। निर्देशित किया गया है कि सभी विद्यालय उक्त समय.सारणी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं अध्ययन व्यवस्था प्रभावित न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

# हिंदुत्व एकता और सनातनी संस्कृति पर हिंदू सम्मेलन 25 को होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सरायपाली नगर में हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन 25 दिसंबर को किया जा रहा है, जिसमें हिंदुत्व की एकता और सनातनी संस्कृति पर केंद्रित संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। यह आयोजन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरूकता और सनातन मूल्यों के प्रचार-प्रसार हेतु एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी आयोजन हेतु और इसके सफल आयोजन लिए नगर स्तर पर संयोजक मंडल का गठन किया गया है।जिसमे संयोजक प्रखर अग्रवाल सह संयोजक स्वर्णसिंह सलूजा, अनिता चौधरी कार्यक्रम प्रमुखनिखिल कानूनगो, सह प्रमुख (कार्यक्रम) प्रकाश हमदेव, महावीर भोई व्यवस्थापन प्रमुख भरत अग्रवाल सह प्रमुख (व्यवस्थापन), प्रदीप प्रधान गुड्डु जायसवाल आर्थिक टोली में विपिन उपोवेजा, संजय शर्मा, गुंजन अग्रवाल, विदित धनानिया, चंद्र कुमार पटेल प्रचार-प्रसार विकास महापात्र मयंक पाठिग्राही, दुर्विंदल दीप कार्यक्रम में धार्मिक वक्ता द्वारा संबोधन किया जाएगा। नगरवासियों से अपील की गई है कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन में सपरिवार सहभागी बनें और सनातन संस्कृति के गौरव को साझा करें। कार्यक्रम का आयोजन अग्रकुंज सराईपाली में किया जाएगा।

# नेशनल लोक अदालत में अनेक मामलों का हुआ निराकरण



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत की 04 खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकों के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि. की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले, सिविल मामले भी नियत किये गये थे। उक्त खण्डपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए सरायपाली न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार खण्डपीठ क्रमांक 01 वंदना दीपक देवांगन प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में प्री-लिटिगेशन संबंधीत मामलों में विद्युत से संबंधित 11 प्रकरण में 4,79,000 रूपये, ट्रांसफर डिक्री के 05 प्रकरणों में निराकरण किया गया एवं मोटर दावा दुर्घटना के 05 प्रकरणों में 85,20,000 रुपये का और सिविल निष्पादन 8,50,000 रुपए का निराकरण किया गया। वहीं खंडपीठ 02 पंकज आलोक तिर्की द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सरायपाली के न्यायालय में आर्बिटेशन के कुल 05 प्रकरणों में 32,74,148 रुपये एवं 01 एमएसीटी में 5,50,000 रुपये का निराकरण किया गया। खंडपीठ क्रमांक 03 वैभव घृतलहरे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरायपाली के न्यायालय में धारा 138 के 01 प्रकरण में 3,00,000 रुपये, दाण्डिक के प्रकरण, सिविल, समरी 345 में 54,000 रुपये तथा खंडपीठ क्रमांक 04 विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट सरायपाली के न्यायालय में धारा 138 के 03 प्रकरणों में 15,69,696, समरी 135 प्रकरणों 23,000 रुपये, प्रिलिगेशन के 06 प्रकरणों में 54,000 रूपये की राशि के साथ निराकरण किया गया।

# कलेक्टर बीएस उइके ने विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर बीएस उइके ने समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी का निरीक्षण करने धान खरीदी फिंगेश्वर क्षेत्र अंतर्गत जामगाँव, गुण्डरदेही एवं फिंगेश्वर पहुंचे। इस दौरान उन्होनें केन्द्र में धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों से किसानों से सुचारू तरीके से धान खरीदी की सुविधाओं का भी मूल्याकंन किया। धान खरीदी केन्द्र में उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान का नमी मापकर देखा, साथ ही धान की बोरियों में भी हाथ लगाकर नमी आदि की जांच की, साथ ही अपने सामने ही धान तौलाई का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि किसानों के धान तौलाई में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं आनी चाहिए, इसके लिए समिति में सुचारू व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों से धान खरीदी पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लापरवाही पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने धान बेचने में किसानों को किसी भी परेशानी न हो, यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम विशाल महाराणा, जिला खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे, डीएमओ किशोर चंद्रा, सहायक आयुक्त सहकारिता महेश्वरी तिवारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर उइके ने धान उपार्जन केंद्र पहुंचकर समिति के कर्मचारियों को किसानों के धान निर्धारित मात्रा में तौलने के निर्देश देते हुए कहा कि धान तौलने, भरने, स्टेकिंग करने में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रतिदिन धान खरीदी होने के उपरांत उसे सिलाई कर स्टेकिंग कराये। जहां कहीं अनियमितता है, उसे सुधार करे। उन्होंने संबंधित अधिकारी को स्टॉक वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे भी अपने धानों को साफ-सफाई कर एवं सुखाकर धान खरीदी केन्द्रों में बेचने के लिए लाए। कलेक्टर उइके ने किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। उन्होंने किसानों को तौल में पारदर्शिता, उपार्जित धान के संपूर्ण विक्रय तथा कम पैदावार की स्थिति में रकबा समर्पण की प्रक्रिया का पालन करते हुए पोर्टल में समय पर एंट्री कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे भविष्य में किसी भी प्रकार की विसंगति या विवाद की स्थिति उत्पन्न होने से रोका जा सकेगा। पीडीएस दुकानों का संचालन करने वाली समितियों को भी रिक्त बोरियों की नियमित एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# रेंगालपाली में सर्वसुविधायुक्त उमावि. भवन का लोकार्पण: वित्तमंत्री चौधरी ने 1 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक भवन को किया समर्पित

## 300 से अधिक विद्यार्थियों को मिलेगा स्मार्ट सुविधाओं से युक्त उन्नत शिक्षण वातावरण

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुसौर विकासखंड के ग्राम रेंगालपाली में निर्मित 1 करोड़ 21 लाख 16 हजार रुपये की लागत वाले सर्वसुविधायुक्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी. चौधरी द्वारा विधिवत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वित्त मंत्री चौधरी ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना से की। इसके पश्चात उन्होंने स्मार्ट क्लास एवं प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी की सराहना की। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया। नव निर्मित विद्यालय भवन को आधुनिक शैक्षणिक मानकों के अनुरूप डिजाइन किया गया है। इसमें 9 सुसज्जित कक्षाएँ, स्मार्ट क्लास, दो आधुनिक प्रयोगशालाएँ, समृद्ध लाइब्रेरी, प्रिंसिपल एवं स्टाफ कक्ष, बालक-बालिका प्रसाधन कक्ष



जैसी प्रमुख सुविधाएँ शामिल हैं। यह भवन 300 से अधिक विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक, सुरक्षित और आधुनिक शिक्षा का वातावरण उपलब्ध कराएगा।

**उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विकसित भारत की मजबूत नींव- वित्त मंत्री-** समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री चैधरी ने कहा कि गुणवत्ता-सम्पन्न शिक्षा ही उन्नत समाज और विकसित भारत का आधार है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर बच्चे को आधुनिक, सुरक्षित और बेहतर शिक्षण सुविधाएँ उपलब्ध हों। रायगढ़ जिला शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसंरचना के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विद्यालय विकास में मिले एचडीएफसी बैंक के सीएसआर सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पिछले दो वर्षों में जितने शैक्षणिक और विकासात्मक कार्य हुए हैं, उतने एक साथ कई वर्षों में नहीं हो पाए थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य निर्धारण के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया और उन्हें कैरियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता अमित कश्यप ने भवन निर्माण की लागत, संरचना और उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य डी.एस. उरांव एवं जेमिनी गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष पुसौर हेमलता चैहान, हेमालिनी गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष मानी सतपथी, संदीप पंडा, प्रदीप सतपथी, हरदीप सिंह, गौरांग साव, सत्यवीर सिंह, खितेश्वर गुप्ता, दीपक गुप्ता, एडीएम महेश शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी शैलेश देवांगन, विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी लारा जल्द बनेगा देश का सबसे बड़ा पावर प्लांट: केशवचंद

## एनटीपीसी लारा परियोजना ने मनाया 13वें स्थापना दिवस

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

एनटीपीसी लारा का 13 वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ चक्रधर भवन (प्रशासनिक भवन) परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) केशब चन्द्र सिंहाँ राय द्वारा एनटीपीसी ध्वज फहराया गया एवं कर्मचारियों को संबोधित कर लारा स्टेशन की उपलब्धियों पर प्रकास डाला गया। इस वित्त वर्ष में नवम्बर अंत तक 89.66: पीएलएफ पर 7785.14 मिलियन यूनिट बिजली बनाया गया है, जो की पीएलएफ की दृष्ठि से पूरे एनटीपीसी में दूसरे स्थान पर है। नई परियोजना, नई तकनीक और यह प्रदर्शन बेहद सराहनीय है। सिंहा राय ने कहा कि वित्त वर्ष की अंत तक लारा स्टेशन एनटीपीसी का 1-नंबर का स्टेशन बनने वाला है। स्टेज-2 का निर्माण कार्य के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है, और उन्होने यह विश्वास जताया है की यह कार्य भी समय पर



पूरा होगा। इस अवसर पर केशब सिंहा राय ने कहा बहुत जल्द एनटीपीसी लारा देश का सबसे बड़ा पावर प्लांट बनने जा रहा है। नैगम सामाजिक दायित्व और सामुदायिक विकास के लिए एनटीपीसी लारा पूरी तरह समर्पित है। अनेक विकास कार्य के साथ साथ विद्यार्थियों, युवाओं को स्वरोजगार के मध्यम से आत्मनिर्भर बनाने कीयोजना बनाया जा रहा है। बालिका सशक्तिकरण अभियान का सफल आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर को यादगार मनाने के लिए, अशोक कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं ईंधन प्रबंधन), हेमंत पवगी, महाप्रबंधक (परियोजना), सीआईएसएफ के उप कमांडेंट महावीर सिंह, विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में केक काटा गया और गुब्बारे विमोचन किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों की जानकारी के लिए शुरू से लेकर आजतक लारा परियोजना का विकास पर प्रदर्शनी लगाई गई। स्थापना दिवस को स्मरणीय बनाने के लिए प्रातः पौधरोपण अभियान किया गया, जिसमे केशब चन्द्र सिंहा राय, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) की तत्वाधान में वृहद पौधारोपण कार्य किया गया।

# भूमि की नई गाइडलाइन दरें लागू: वैज्ञानिक युक्तिकरण से बाजार मूल्य के अनुरूप निर्धारण, किसानों और आमजन को होगा लाभ

पायनियर संवाददाता ✓ अम्बिकापुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में भूमि के वास्तविक बाजार मूल्य को प्रतिबिंबित करने और वर्षों से चली आ रही विसंगतियों को दूर करने के उददेश्य से वर्ष 2025-26 की नई गाइडलाइन दरें लागू कर दी गई हैं। छत्तीसगढ़ गाइडलाइन दरों का निर्धारण नियम, 2000 के प्रावधानों के तहत उप जिला एवं जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर स्थावर संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण से संबंधित इन दरों को केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड, छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है। नई गाइडलाइन दरें 20 नवंबर 2025 से पूरे राज्य में प्रभावशील हो चुकी हैं। वर्ष 2019-20 के बाद लगभग छह वर्षों के अंतराल पर गाइडलाइन दरों का यह व्यापक पुनरीक्षण किया गया है। इस अवधि में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में वास्तविक बाजार मूल्य और गाइडलाइन दरों के बीच उल्लेखनीय अंतर उत्पन्न हो गया था। इसी असंतुलन को दूर करने के लिए वैज्ञानिक, तथ्यपरक और तुलनात्मक पद्धति अपनाते हुए नई दरें निर्धारित की गई हैं। इसका उद्देश्य भूमि के वास्तविक मूल्य को सामने लाना, संपत्ति लेन-देन को पारदर्शी बनाना तथा किसानों और आम नागरिकों को उनकी संपत्ति का उचित मूल्य सुनिश्चित कराना है। ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष 2025-26 की गाइडलाइन दरों में मुख्य मार्ग पर औसतन 108 प्रतिशत तथा मुख्य मार्ग से अंदर स्थित भूमि पर औसतन 120 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। सरगुजा जिले में ऐसे 16 ग्राम हैं, जहां मुख्य मार्ग की हेक्टेयर दर में 300 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि परिलक्षित हो रही है। इसका मुख्य कारण एक ही मार्ग से जुड़े समीपस्थ ग्रामों की दरों का युक्तियुक्तकरण है। जिन ग्रामों की पूर्व दरें अत्यंत कम थीं, वहां संतुलन स्थापित करने के कारण अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि दिखाई दे रही है। उदाहरण के तौर पर, वर्ष 2019-20 की गाइडलाइन के अनुसार सरगुजा जिले के ग्राम झिरमिटी में मुख्य मार्ग की दर 11 लाख 67 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर थी, जबकि समीप स्थित ग्राम उदयपुर में यह दर 20 लाख 19 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर निर्धारित थी। दोनों ग्राम राष्ट्रीय राजमार्ग-143 के आमने-सामने स्थित हैं। दरों के युक्तियुक्तकरण के बाद झिरमिटी का मुख्य मार्ग दर 20 लाख 19 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तय किया गया, जिससे वहां 587 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई, जबकि उदयपुर में 297 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इससे स्पष्ट होता है कि अधिक वृद्धि का कारण कम आधार दरों को समान स्तर पर लाना है।

# छातामुड़ा चौक पर रायगढ़ पुलिस का सघन यातायात जागरूकता अभियान

## बिना हेलमेट दुपहिया चालकों पर कार्रवाई के साथ हेलमेट वितरण

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए रायगढ़ पुलिस द्वारा लगातार यातायात नियमों के पालन को लेकर सघन जांच और जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा शहर के व्यस्ततम छातामुड़ा चौक पर विशेष यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता का संदेश दिया गया और नियमों की अनदेखी करने वालों पर विधिसम्मत कार्रवाई की गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य मार्ग पर बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाते पाए गए चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के पश्चात जिला परिवहन अधिकारी अमित



कश्यप, यातायात उप पुलिस अधीक्षक उत्तम प्रताप सिंह तथा थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम की उपस्थिति में संबंधित वाहन चालकों को निरूशुल्क हेलमेट प्रदान किए गए। पुलिस अधिकारियों ने चालकों को समझाइश देते हुए बताया कि हेलमेट केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी साधन है और इसके नियमित उपयोग से गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में जान बचाई जा सकती है। ट्रैफिक डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह ने उपस्थित वाहन चालकों और आम नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, शराब सेवन कर वाहन चलाने से पूर्णतः परहेज करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा दुपहिया वाहन पर सवार चालक और पीछे बैठने वाले दोनों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य होने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को स्वयं की और दूसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर आरटीओ अधिकारी अमित कश्यप एवं डीएसपी ट्रैफिक उत्तम प्रताप सिंह द्वारा यातायात जागरूकता से संबंधित पोस्टरों का वितरण किया गया और लोगों से अपील की गई कि वे सुरक्षित, संयमित और जिम्मेदार वाहन चलाने की आदत अपनाएं। रायगढ़ पुलिस ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि जिले में दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और सुरक्षित यातायात

# गरियाबंद में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन 70 हजार से अधिक प्रकरणों का त्वरित निराकरण

## 93 लाख 59 हजार रुपये से अधिक की राशि का राजीनामा सेटल

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद सहित जिले के समस्त सिविल न्यायालयों, राजस्व न्यायालयों तथा राजिम एवं देवभोग न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत विभिन्न खण्डपीठों का गठन कर न्यायालयीन लंबित प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के माध्यम से त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया गया। गरियाबंद की न्यायालयों में गठित खण्डपीठों द्वारा बड़ी संख्या में मामलों का निपटारा करते हुए लाखों रुपये की राशि के एवार्ड पारित किए गए। इसके साथ ही राजस्व न्यायालयों में भी व्यापक स्तर पर मामलों का समाधान किया गया। आयोजित नेशनल लोक अदालत में कुल 70 हजार 363 प्रकरणों का निराकरण किया गया,




जिसमें कुल 93 लाख 59 हजार 426 रुपये की राशि का सेटलमेंट किया गया। यह आयोजन आम नागरिकों को शीघ्र, सुलभ एवं निःशुल्क न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। इस दौरान वासनीकर ने बताया कि लोक अदालत के अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद के न्यायालय परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा जनहितकारी स्टॉल भी लगाए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का प्रदर्शन कर वितरण किया गया तथा महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए पाम्पलेट वितरित किए गए। उद्यानिकी विभाग द्वारा फलदार एवं फूलदार पौधों का वितरण किया गया, वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा पक्षकारों, अधिवक्ताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर तालुका अध्यक्ष एवं अपर सत्र न्यायाधीश, एफटीएससी यशवंत वासनीकर, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बी.आर. साहू तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कु. सीमा कंवर द्वारा न्यायालय परिसर में लगे विभिन्न विभागों, बैंकों, विद्युत विभाग एवं नगरपालिका के स्टॉलों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रबंधकों को अधिक से अधिक प्रकरणों के राजीनामा के माध्यम से निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। राजस्व न्यायालयों में गठित खण्डपीठों के पीठासीन अधिकारियों द्वारा लोक अदालत के पूर्व से ही पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं के साथ प्री-सिटिंग कर अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष प्रयास किए गए। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन में न्यायिक अधिकारियों, राजस्व अधिकारियों, अधिवक्ता सदस्यों, न्यायालयीन कर्मचारियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा संबंधित पक्षकारों का योगदान सराहनीय रहा।

### रायगढ़ जिले की नई गाईडलाईन जारी, ग्रामीण क्षेत्रों में दी गई बड़ी सौगातें

**रायगढ़।** राज्य सरकार द्वारा संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण से संबंधित नई गाइड लाइन दरें लागू की गई है। नई गाइडलाइन दरों में नगरीय क्षेत्रों में भूमि की दरों की विसंगति को दूर कर एकरूप किया गया है। अलग-अलग दरों की कंडिकाओं को घटाकर कम किया गया है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी लंबे समय से एक ही मुख्य मार्ग से लगे ग्रामों के बीच दरों में भारी विसंगतियाँ थीं। नई गाइडलाइन दरों में इसे भी दूर कर तार्किक रूप से एक समान किया है। जिला पंजीयक रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ जिला के उप पंजीयक कार्यालयों के गाइड लाईन दरों में किये गये जन हितैषी सुधारो में एक प्रमुख सुधार ग्रामीण क्षेत्रो में डायवर्सन भूमि के बाजार मूल्य की गणना हेक्टेयर दर पर होना है। पूर्व प्रचलित गाइडलाइन उपबंध में ग्रामीण क्षेत्र में परिवर्तित्त भूमि विक्रय किये जाने पर निर्धारित बाजार मूल्य का 2.5 गुणा कर बाजार मूल्य की गणना की जाती थी।

# पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा

पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

एमसीबी जिले के थाना केल्हारी क्षेत्र अंतर्गत हुए एक जघन्य हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बिरौरीडांड निवासी बीना बियार (40 वर्ष) पति बजरंगी बियार थाना केल्हारी में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थिया ने बताया कि वह बडकी सुमित्रा के साथ अपने खाते से 1000 रुपये निकालकर मुर्गा लेकर घर लौटी थी। इसके बाद पति बजरंगी बियार के साथ आग के पास बैठकर तीनों ने शराब एवं मुर्गा का सेवन किया। इसी दौरान उनका पुत्र सतीश बियार अपने पिता से विवाद करने लगा और पैसे खर्च करने को लेकर उलाहना देने लगा। विवाद बढ़ने पर सतीश बियार तथा उसका साला श्याम लाल मौके पर पहुंचे और लकड़ी व जलती हुई लुआठी



से बजरंगी बियार के सिर पर गंभीर हमला कर दिया। हमले में बजरंगी बियार की मौके पर ही मृत्यु हो गई। आरोपियों ने बीच-बचाव करने आई प्रार्थिया बीना बियार के साथ भी मारपीट कर उसे घायल कर दिया और फरार हो गए। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना केल्हारी में अपराध क्रमांक 69/2025 धारा 103, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक एमसीबी रत्ना सिंह (आईपीएस) एवं एसडीओपी मनेन्द्रगढ़ अलेक्सियुस टोप्पो के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी एवं थाना केल्हारी पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार आरोपियों की पतासाजी की और मुख्य आरोपी सतीश बियार को 24 घंटे के भीतर ग्राम सिंघोर, थाना सोनहत, जिला कोरिया (छत्तीसगढ़) से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस संपूर्ण कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, थाना प्रभारी केल्हारी उप निरीक्षक टिकेवर यादव, हेड कांस्टेबल ललित यादव सहित विनोद खलखो, आर. मदन राजवाड़े, दीप नारायण तिवारी, सुरेश तिग्गा, मुरारी सिंह, भूपेन्द्र यादव, राकेश तिवारी एवं तेजप्रताप की सराहनीय भूमिका रही।

## 16 हजार से अधिक किसानों ने बेचा धान, लघु एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता

# रिकॉर्ड धान खरीदी: जिले में अब तक 8,89,778.80 क्विंटल धान की खरीदी, 18,176.75 लाख से अधिक का भुगतान

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर किसानों में उत्साह, संतोष और विश्वास का वातावरण निर्मित हुआ है। शासन के स्पष्ट निर्देशों एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के सतत मार्गदर्शन में जिले के 105 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की प्रक्रिया पूरी तरह सुचारू, पारदर्शी एवं किसान-हितैषी ढंग से संचालित की जा रही है। प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए टोकन जारी करने से लेकर उपार्जन केंद्र तक पहुंच, धान की तौल, खरीदी और भुगतान तक की समस्त प्रक्रिया को सरल, सुव्यवस्थित और समयबद्ध बनाया गया है। इसका सकारात्मक परिणाम यह है कि किसान बिना किसी असुविधा के समय पर अपना धान विक्रय कर पा रहे हैं। धान खरीदी



व्यवस्था की नोडल अधिकारियों द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। किसी भी उपार्जन केंद्र पर यदि कोई समस्या सामने आती है तो उसका तत्काल समाधान कर किसानों को राहत पहुंचाई जा रही है। इससे किसानों में संतोष और भरोसे का माहौल बना हुआ है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि किसानों की सुविधा, पारदर्शिता और समय पर भुगतान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**अब तक 16 हजार से अधिक किसानों ने बेचा धान-**जिले में अब तक 16,000 से अधिक किसानों ने समर्थन मूल्य पर अपना धान विक्रय किया है। इनमें 6,340 सीमांत किसान, 8,511 लघु किसान एवं 1,179 बड़े किसान शामिल हैं। धान खरीदी में लघु एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता दिए जाने से छोटे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है और उनमें संतोष का भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है।

**रिकॉर्ड मात्रा में धान खरीदी, भुगतान में पूर्ण पारदर्शिता-**अब तक जिले में 8,89,778.80 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि किसानों को धान विक्रय के पश्चात भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो। इसके परिणामस्वरूप किसानों के बैंक खातों में अब तक 18,176.75 लाख रुपए से अधिक की राशि का सीधा भुगतान किया जा चुका है। इसके साथ ही 3,308.76 लाख रुपए की ऋण वसूली की गई है। जिले में लगभग 493.754 हेक्टेयर रकबा समर्पित किया गया है, जिससे अन्य किसानों को भी समय पर धान विक्रय का अवसर मिल रहा है। रकबा समर्पण से वास्तविक किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है और कोचियों व बिचैलियों द्वारा अवैध धान विक्रय की संभावनाओं पर प्रभावी रोक लगी है।

**अवैध धान परिवहन व भंडारण पर सख्त कार्रवाई-**कलेक्टर के स्पष्ट निर्देशों के तहत जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के मामलों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। अब तक 121 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें 28,236.80 क्विंटल से अधिक धान जब्त किया गया है। सभी मामलों में मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि वास्तविक किसानों के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा, जबकि अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। जिले में धान खरीदी व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए कलेक्टर ने सभी जिला नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने समितियों में उपस्थित रहकर धान खरीदी स्टॉक का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें। सत्यापन के दौरान स्टैकिंग शासन की गाइडलाइन के अनुसार हो तथा बारदानों का भी भौतिक सत्यापन किया जाए।

**उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं-**सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए बैठने की व्यवस्था, छांव, पेयजल, तौल मशीनों की उपलब्धता एवं सुव्यवस्थित खरीदी सुनिश्चित की गई है। अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने बताया कि समिति प्रबंधकों एवं केंद्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि धान विक्रय के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। धान खरीदी की इस सुव्यवस्थित, पारदर्शी और संवेदनशील व्यवस्था से जिले में सकारात्मक माहौल बना है और किसान संतोष एवं भरोसे के साथ धान विक्रय कर रहे हैं।

**तूहर टोकन ऐप अब 24 घंटे उपलब्ध-**जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन तूहर टोकन ऐप के साथ-साथ ऑफलाइन टोकन व्यवस्था भी लागू की गई है, जिससे डिजिटल माध्यमों में असहज किसानों को भी राहत मिल रही है। राज्य सरकार ने किसानों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए तूहर टोकन ऐप को 24 घंटे, सातों दिन उपलब्ध करा दिया है। अब किसानों को टोकन लेने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी।


### शपथ-पत्र

मै नफीसा खातून पत्नी मो. फिरोज आलम उम्र लगभग 46 वर्ष निवासी हाउस नम्बर-31 शहीद अब्दुल हमीद वार्ड मस्जिद हेरा के पास मिल्लत नगर, खरसिया नाका, अम्बिकापुर पोस्ट ऑफिस अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) को एतदद्वारा निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ-

1. मैं शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मेरा निकाह / विवाह दिनांक 29.05.2001 को हुआ है। मेरे विवाह के पूर्व मेरा सरनेम बानो था, तथा विवाह के पश्चात मेरा सरनेम खातून कर दिया गया है। इस प्रकार विवाह से पूर्व मैं अपना नाम नफीसा बानो लिखती थी, और इसी नाम से मुझे जाना और पुकारा जाता था, किन्तु विवाह के पश्चात मैं अपना नाम नफीसा खातून लिखती हूँ, और इसी नाम से मुझे जाना और पुकारा जाता है।

मैं शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे विवाह के पूर्व मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, अंक सूची एवं अन्य दस्तावेजो मे मेरा नाम नफीसा बानो उल्लेखित है, तथा विवाह के पश्चात मेरे सभी दस्तावेज- आधार कार्ड, पेन कार्ड, निर्वाचन कार्ड, राशन कार्ड, एल.पी.जी. कार्ड आदि मे मेरा नाम नफीसा खातून उल्लेखित है।

3. मै शपथपूर्वक कथन करती हूँ, कि मुझे उमराह /हज तिर्थ यात्रा के लिए पासपोर्ट की नितांत आवश्यक्ता है, इसलिए मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम नफीसा ख़ातून उल्लेख किये जाने हेतु यह शपथ पत्र निष्पादित की।

**शपथग्रहिता**

**सत्यापन**

मै उपरोक्त शपथग्रहिता नफीसा ख़ातून पत्नी मो फिरोज आलम उम्र लगभग 46 वर्ष निवासी हाउस नम्बर-31 शहीद अब्दुल हमीद वार्ड मस्जिद हेरा के पास मिल्लत नगर, खरसिया नाका, अम्बिकापुर पोस्ट ऑफिस अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग) की एतद्वारा यह घोषित करती हूँ, कि इस शपथ पत्र की कण्डिका क्रमांक 1 से लगायत 3 तक मे उल्लेखित तथ्य / कथन मेरे स्वय की जानकारी व विश्वास के आधार पर सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक को मै अपना हस्ताक्षर करके इस शपथ पत्र को सत्यापित की।

स्थान-अम्बिकापुर
दिनांक-13.12.2025

मुहर

**शपथग्रहिता**
**नफीसा खातून**

# प्रभाष जोशी ने हिंदी पत्रकारिता के नए मानक स्थापित किए

## जनसत्ता के प्रभाष जोशी पुस्तक की समीक्षा


मनोज कुमार मिश्र

जनसत्ता के संस्थापक संपादक और पत्रकारिता के शिखर पुरुष प्रभाष जोशी पांच नवंबर, 2009 को इस दुनिया से विदा हुए। तब से लेकर अभी तक देश के विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में उनके बारे में सैकड़ों संस्मरण प्रकाशित हुए। उनके निधन के बाद उनकी परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए बने प्रभाष परंपरा न्यास ने साले 2012 में उनके संस्मरणों के आधार पर एक पुस्तक प्रकाशित की थी। एक बार फिर न्यास के प्रबंध न्यासी, प्रभाष जोशी की परंपरा के श्रेष्ट पत्रकार, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष और पद्म भूषण से सम्मानित रामबहादुर राय (राय साब) के मार्गदर्शन में उनके संस्मरणों पर ही आधारित - ''जनसत्ता के प्रभाष जोशी'' पुस्तक प्रकाशित करना तय किया गया। प्रयास यही किया गया है कि इस पुस्तक में जनसत्ता में जोशी जी के साथ काम करने वालों के संस्मरण शामिल किए जाएं। इसके अलावा कुछ संस्मरण उनके करीबी मित्रों और परिवार के सदस्यों के भी शामिल किए गए।

ज्यादातर संस्मरण अभी के लिखे हुए हैं। इस पुस्तक में जनसत्ता के चार वरिष्ट सहयोगियों - मंगलेश डबराल जी, श्रीश चन्द्र मिश्र जी, सुरेश कौशिक जी और आलोक तोमर जी के पहले के लिखे लेख शामिल किए गए हैं, क्योंकि वे अब हमारे बीच नहीं हैं। उसी तरह उनके आत्मीय जनों में जिनके लेख लिए गए हैं, उनमें प्रभाष परंपरा न्यास के संस्थापक अध्यक्ष डाक्टर नामवर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार राजकिशोर और लेखक रुपेश पांडेय भी अब जा चुके है।

इस पुस्तक में 49 लेख शामिल किए गए हैं। जिसमें 38 जनसत्ता के सहयोगियों के औरे 11 लेख जोशी जी के आत्मीय जनों के हैं। सभी संस्मरण लेखों में प्रभाष जोशी और जनसत्ता के बारे में विस्तार से लिखा गया है। राय साब ने अपने लेख में जनसत्ता के शुरुआती दिनों का ब्यौरा विस्तार से दिया है। वे लिखते हैं कि जनसत्ता की पूरी कल्पना प्रभाष जोशी जी की थी। वे एक ऐसे अखबार की कल्पना को अपने मन में जीवित रखे हुए थे जो हिंदी में हो। और सही मायने में राष्ट्रीय समाचार पत्र हो। यानी हर प्रांत के लोगों को लगे कि अखबार के सरोकार में वे और उनका समाज शामिल है। उसी कल्पना में यह भी था कि हिंदी में एक ऐसे अखबार की जरूरत है जो सत्ता या सियासत तक सीमित न हो, बल्कि वह अपने पाठकों की दिल की धड़कन बन जाए। पिछली सदी के छठे दशक से वे इसी सपने को संजोये हुए थे। उन्हें 1983 में वह अवसर मिला। इसके लिए उन्होंने पत्रकारीय तपस्या की। उन्होंने जनसत्ता निकाला।

राय साब आगे लिखते हैं कि जनसत्ता ने हिंदी पत्रकारिता में कई नए प्रयोग किए। प्रयोग सफल रहे। उनकी सराहना हुई। अखबार में प्रयोग करने की अगर छूट प्रभाष जी ने न दी होती और वहां खुला माहौल नहीं होता तो जनसत्ता को जो सफलता मिली वह संभव नहीं थी। जनसत्ता के शुरुआती दिनों से प्रभाष जी के वरिष्ठ सहयोगी रहे बनवारी जी ने लिखा कि प्रभाष जी में एक कुशल संपादक के सभी गुण थे। उनमें प्रतिभा थी, लगन थी, नेतृत्व क्षमता थी, राजनैतिक बुद्धि और सांस्कृतिक अभिरुचि थी, प्रवाहमयी भाषा थी और अपने सहयोगियों के प्रति आत्मीयता थी। लेकिन वे केवल जनसत्ता के संपादक नहीं थे। जनसत्ता उनकी कृति थी। उनकी सबसे विलक्षण बात उनका वह संकल्प था कि जनसत्ता को हिंदी जगत का एक उत्कृष्ट समाचार-पत्र बनाना है। जो लंबे समय तक पत्रकारिता का मानक रहा। अपने ध्येय के लिए उन्होंने हमेशा सबसे पहले अपने आप को कसौटी पर रखा। जनसत्ता की ख्याति में उनके नेतृत्व और उनके लेखन का बड़ा योगदान था।




वरिष्ठ पत्रकार और राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश जी अपने लेख में लिखते हुए पूछा हैं कि क्यों प्रभाष जी की स्मृति उभरती है? उनके आत्मीय स्नेह के कारण? उनके मौजूद मानवीय संवेदनशीलता-सरोकार के कारण? उनके प्रयोगधर्मी स्वभाव, मिजाज व संस्कार की वजह से देशज शब्दों-भावों से पत्रकारिता को नई धार देने वाले व्यक्ति के असमय चले जाने के कारण? हिंदी क्षेत्रों में, खासतौर से गंभीर मुद्दों पर नवजागरण के अग्रदूत के रूप में उनकी सक्रिय भूमिका में अचानक विराम लग जाने के कारण? ये सभी वजहें हैं। उनका व्यक्तित्व समृद्ध था। यायावर, दार्शनिक, संगीत प्रेमी, गांधीवादी, सर्वोदय के व्याख्याकार। अत्यंत सुंदर,प्रवाहमयी, देशज अभिव्यक्ति भाव व गद्य के धनी। विचारों के प्रवर्तक व व्याख्याकार भी। धुन के पक्के। महज क्रिकेट ही नहीं, खेलों के प्रेमी।

इस पुस्तक के संस्मरणों में अलग- अलग घटनाओं और जोशी जी के व्यक्तित्व के अलग-अलग पहलुओं का ब्यौरा दिया गया है। जनसत्ता में लंबे समय तक काम करके सेवानिवृत हुए हरेकृष्ण यादव ने पुस्तक प्रकाशन का काम अपने हाथ में लिया। उन्हें राय साब ने बताया की स्वर्गीय प्रभाष जोशी इस तरह की पुस्तक प्रकाशित करना चाहते थे। यादव जी ने राय साब से पुस्तक प्रकाशन का दायित्व देने का अनुरोध किया। राय साब ने मुझे इस काम में सहयोग करने का निर्देश दिया। 2010 से हर साल न्यास प्रभाष जोशी जी की प्रतिष्ठा के अनुरूप अनेक आयोजन करता है। सबसे बड़ा आयोजन उनके जन्मदिन के मौके पर किया जाता है। उनका जन्मे 15 जुलाई, 1937 को हुआ था। इस साल उनके जन्मदिन यानी प्रभाष प्रसंग का आयोजन रविवार, 20 जुलाई 2025 को हुआ। उसी मौके परे ''जनसत्ता के प्रभाष जोशी'' पुस्तक का लोकार्पण किया गया था। प्रभाष परंपरा न्यास से जुड़ने के दौरान राय साब के मार्गदर्शन में प्रभाष जी की पहले प्रकाशित हुई पुस्तकों में जो लेख नहीं आ पाए थे उन लेखों को दो पुस्तकों में झे 'ओटन लगे कपास' औरे 'घंटी तो बजनी है', संग्रहित करने का अवसर मिला।

इन लेखों से पहले सन् 1960 में आचार्य विनोबा भावे के इंदौर प्रवास के दौरान नई दुनिया अखबार ने विनोबा दर्शन नाम से निःशुल्क परिशिष्ट 39 दिन तक लगातार प्रकाशित किया था। वह परिशिष्ट प्रभाष जी ने तैयार किया था। राय साब से मिली परिशिष्ट सामग्री मुझे झे 'विनोबा के साथ उनतालीस दिन' पुस्तक संपादित करने का भी अवसर मिला। इन सभी पुस्तकों को तैयार करते समय प्रभाष जी की दिग्गज पत्रकार की छवि, और निखर कर सामने आयी। वे मूल रूप से गांधीवादी थे। गांधी, विनोबा और जयप्रकाश नारायण जैसे नेता उनके आदर्श रहे। लेकिन वे लोकतंत्र के भारी समर्थक और ठेठ पत्रकार थे। सभी को पता है कि समाज के इन्हीं नेताओं के बताए रास्ते पर चलने के लिए प्रभाष जी ने विश्वविद्यालय की पढ़ाई छोड़ी और गांव में जाकर रहे, काम किया। विनोबा दर्शन पढ़ते हुए उनके विनोबा प्रेम और उनकी आसक्ति साफ दिखती है।

वहीं 11 वे 12 दिसंबरे 1995 को प्रभाष जी, 'अहिंसक क्रांति का विनोबा प्रयोग' औरे 'अहिंसा की तलाश में सत्याग्रह खो गया' लिखकर इमरजेंसी का विरोध न करने के लिए विनोबा जी की आलोचना भी करते हैं। मैं तो जुलाई 1986 से जनसत्ता से जुड़ा। इस पुस्तक में उन वरिष्ट जनों के संस्मरणों को प्राथमिकता से शामिल किया गया है जो 1983 में जनसत्ता के शुरुआती दिन से प्रभाष जोशी की टीम में थे। जनसत्ता का पहला अंके 17 नवंबरे, 1983 को प्रकाशित हुआ। मगर अनेक वरिष्ट साथी तो उससे पहले से काम कर रहे थे। प्रभाष जोशी के जाने के 16 साल बाद संस्मरणों पर आधारित पुस्तक को पढ़कर जनसत्ता, प्रभाष जोशी जी और उस संस्थान में बिताए दिन वापस सजीव होने लगते हैं। मुझे विश्वास है कि यह पुस्तक पठनीय बनी है। यह प्रभाष जोशी को जनसत्ता के साथियों की ओर से एक श्रद्धांजलि भी है। वास्तव में प्रभाष जी ने जनसत्ता और अपने लेखन से पत्रकारिता के नए मानक स्थापित किए।



बतरस

## मेरा झोला बड़ा कारसाज है!

राजेश विक्रांत

चाहे जो हो जाए, हम तो झोल करके ही रहेंगे क्योंकि हर जगह मेरी सेटिंग है। इसलिए चुनाव प्रचार के बाद हमेशा मैं ध्यान की मुद्रा में चला जाता हूँ। सच तो ये है कि ध्यान व्यान कुछ नहीं होता , यह तो मेरी एक चुनावी मुद्रा होती है।

आपको याद होगा कि कई साल पहले मैंने कहा भी था कि मैं झोला उठाकर चला जाऊंगा। मैं चला भी जाता पर कजानी सेठ ने रोक लिया। फिर क्या हुआ कि मेरा झोला भरने लगा- टैरिफ, विशेष गहन पुनरीक्षण, वोटचोरी, हेट स्पीच, जहरीली हवाएं आदि इत्यादि। पर अभी भी मेरे झोले में बहुत सारी जगह है। जब तक देश के सभी नागरिकों के हाथ मैं कटोरा न पकड़ा दूं तब तक झोला नहीं उठाऊंगा। कहते हैं कि एक चुप हजार शब्दों के बराबर होता है और चुप रहकर ही मैं अपना सब काम कर लेता हूं। नागरिकों व मतदाताओं को जो सन्देश देना होता है, दे देता हूं। विपक्ष चाहे जितना चिल्लाए, कोई फर्क नहीं पड़ेगा। देश की बदहाली व कंगाली के झोल को मैंने आखिरकार अपने ध्यान के झोले से भर ही दिया है। लोकतंत्र, गरिमा, नैतिकता आदि फालतू के शब्द हैं। पता नहीं किसने इन शब्दों का आविष्कार किया था, वो अगर मुझे मिल जाए चार जूते खुद लगाऊं। ये किसी कारण से न कर पाया तो जेल में भिजवा ही सकता हूं। ईडी, सीबीआई, इन्कम टैक्स आखिर किस दिन काम आएंगे? मेरी सरकार झोल की सरकार है, झोले की सरकार है। एक्जिट पोल में झोल, इवीएम में झोल, नीयत में झोल, अर्थव्यवस्था में झोल, जीडीपी में झोल, क़ानून व्यवस्था में झोल, विकास में झोल सब मेरे ही बाई प्रोडक्ट हैं। यहां तक कि राहत की फुहार में भी झोल है और रहेगा।

जो शब्द मुझे प्रिय हैं वे हैं- धांधली, करप्शन, अनैतिकता, हैकिंग, बोलबचन, तानाशाही, हेराफेरी, धोखाधड़ी, फर्जीकल स्ट्राइक। जब मैं अपने परिवार को, प्रियजनों को, साथियों को धोखा दे सकता हूं तो आम आदमी की क्या बिसात है? मेरा विकसित भारत कजानी सेठ से जुड़ा है। कजानी सेठ खूब प्रगति कर रहे हैं। उनका रास्ता साफ करने के लिए इंडिगो ने काफी मेहनत की है। चांदी की कीमत 2 लाख हो गई है। रुपया डॉलर का गुलाम बन गया है। कजानी सेठ एशिया में नम्बर एक हो गए हैं। इसका मतलब यह है कि भारत धनवान हो रहा है। मेरे कहने पर इंडिगो गंभीर प्रभावित यात्री को 10 हजार रुपए का ट्रेवल वाउचर देगी। ट्रम्प दादागिरी कर रहे हैं। अदालतों में 5.50 करोड़ केस लंबित हैं। किसान आत्महत्या कर रहे हैं। हेट क्राइम, साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट का खुशनुमा दौर चल रहा है। कृपया इसकी आलोचना न करें। क्योंकि मेरी सरकार झोल की सरकार है।

# नेपाल भारत दोस्ती के रिश्ते में चीन की शरारत

मनोज कुमार अग्रवाल


हाल ही में नेपाल सरकारी करेंसी पर मुद्रित एक नक्शे ने भारत नेपाल संबंधों में तकरार पैदा की कोशिश की है। आप को पता है कि राजशाही के खात्मे के बाद नेपाल 2008 में गणतंत्र बना था और 2015 में नेपाल का संविधान लागू हुआ। इस दौरान चीन परस्त के। पी। शर्मा ओली 2 बार देश के प्रधानमंत्री बने। हालांकि वह एक बार भी अपना कार्यकाल पूर्ण नहीं कर पाए परंतु इस दौरान उन्होंने भारत विरोधी रवैया ही अपनाए रखा। नेपाल के सेंट्रल बैंक ने गुरुवार (27 सितंबर) को 100 रुपए का नया नोट जारी किया है। इस नोट को जारी करते ही भारत और नेपाल के बीच एक नया सीमा विवाद खड़ा हो गया। दरअसल इस नोट में नेपाल का बदला हुआ मैप छपा है। इस मैप में भारत और नेपाल के बीच विवादित कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा इलाके नेपाल की सीमा में दिखाए गए हैं। इस नोट पर छपे नक्शे को लेकर भारत ने इसे ऑर्टिफीशियल एनलार्जमेंट बताया है। नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) के नए नोट पर पिछले गवर्नर महा प्रसाद अधिकारी के सिग्नेचर हैं। वहीं इस नोट को जारी करने की तिथि बैंक ने 2081 बीएस लिखी है।

घरेलू मामलों में मनमाने निर्णय लेने के साथ-साथ चीन के उकसावे पर ओली ने भारत के 3 इलाकों लिपुलेख, कालापानी व लिपियाधुरा पर अपना दावा जताने के अलावा समय-समय पर भारत विरोधी बयान दिए और भारत विरोधी कदम उठाए जिनसे दोनों देशों के संबंधों में खटास आई।

आपको बता दें 13 जून, 2020 को ओली ने उत्तराखंड स्थित लिपुलेख, लिपियाधुरा और कालापानी के इलाकों को नेपाल के नक्शे में दिखाने को नेपाल की संसद से स्वीकृति दिलाई और आरोप लगाया कि भारत उनकी सरकार को अस्थिर करना चाहता है जिस पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी।

इस बीच 3 सितम्बर, 2025 को प्रधानमंत्री के। पी। शर्मा ओली तथा उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों के मनमाने फैसलों तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध युवाओं ने मोर्चा खोल दिया।

जेन जी के बैनर तले आंदोलनकारी युवा नेपाल की राजधानी काठमांडू के कई हिस्सों में के। पी। चोर देश छोड़ो और भ्रष्ट नेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करो, भूकम्प की जरूरत नहीं है नेपाल रोज भ्रष्टाचार से हिलता है जैसे नारे लगाते हुए प्रदर्शन कर रहे थे।



आंदोलनकारियों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित अनेक मंत्रियों के आवास अग्नि भेंट कर दिए तथा आंदोलन के दौरान 20 लोगों की मौत की जवाबदेही की मांग को लेकर अपना प्रदर्शन जारी रखा। 9 सितम्बर को सुबह से ही तेजी से बदलते हालात के बीच दोपहर को एहतियातन राजधानी काठमांडू तथा आसपास के इलाकों में कर्फ्यू भी लगाया गया परन्तु स्थिति नियंत्रण में नहीं आई। इस आंदोलन के परिणामस्वरूप अंततः देश में तख्तापलट हुआ और 13 सितम्बर, 2025 को देश की पूर्व चीफ जस्टिस सुशीला कार्की (73) को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाया गया। चूंकि 1971 में नेपाल के त्रिभुवन विश्वविद्यालय से ग्रैजुएशन करने के बाद सुशीला कार्की ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से आगे की पढ़ाई पूरी की थी, इसलिए आशा थी कि भारत में पढ़ाई के बाद अब राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर मिलने पर वह भारत के प्रति अपना सकारात्मक रवैया रखेंगी, परंतु ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा। नेपाल के केंद्रीय बैंक (नेपाल राष्ट्र बैंक अर्थात एन। आर। बी। ) ने 27 नवम्बर, 2025 को अपने देश का 100 रुपए का नया नोट जारी करके एक एक बार फिर अपना भारत विरोधी चेहरा उजागर कर दिया है। इस नोट पर नेपाल का संशोधित मानचित्र लगा हुआ है और इसमें भारत के स्वामित्व वाले काला पानी, लिपुलेख और लिपियाधुरा क्षेत्र नेपाल में दिखाकर फिर विवाद खड़ा कर दिया है। एनआरबी प्रवक्ता ने ये भी साफ किया कि नेपाली रुपयों में 10 रुपये, 50 रुपये, 500 रुपये और 1, 000 रुपये जैसे अलग-अलग कीमत वाले बैंक नोटों में से सिर्फ़ 100 रुपये वाले नोट पर ही नेपाल का नक्शा है बाकी के नोटों पर नहीं है। वहीं भारत का दावा है कि लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा तीनों ही भारत के हैं नेपाल इसे गलत तरीके से प्रदर्शित कर रहा है। भारत ने साल 2020 में नेपाल की इस हरकत के लिए चेतावनी भी दी थी कि किसी भी सूरत में भारत नेपाल के इस कृत्रिम विस्तार को मंजूरी नहीं देगा।

नेपाल के नए 100 रुपये के बैंक नोट के बाईं ओर माउंट एवरेस्ट है, जबकि दाईं ओर नेपाल के राष्ट्रीय फूल रोडोडेंड्रोन का वॉटर मार्क है। बैंक नोट के बीच में बैकग्राउंड में नेपाल का हल्का हरा रंग का नक्शा छपा है। नक्शे के पास अशोक स्तंभ भी छपा है जिस पर भगवान बुद्ध की जन्मभूमि लुंबिनी लिखा है। बैंक नोट के पीछे एक सींग वाले गैंडे की तस्वीर है। बैंक नोट में एक सिक्योरिटी थ्रेड और एक उभरा हुआ काला डॉट भी है, जिससे अंधे लोग इसे पहचान सकते हैं। नेपाल भारत के पांच राज्यों सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सीमा रेखाओं में 1850 किमी से ज़्यादा हिस्सा अपना होने का दावा करता है।

भारत के विदेश मंत्रालय ने नेपाल सरकार के इस कदम पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे कृत्रिम विस्तार तथा ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत बताया है और यह मुद्दा एक बार फिर गर्मा गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव ने स्थिति को जटिल बना दिया है और चीन के प्रभाव में ही नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी की सरकारें भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा दे रही हैं।

नेपाल का यह रवैया भारत के लिए तो चिंता का विषय है ही नेपाल के लिए भी हितकर नहीं है। जब भी वहां कोई प्राकृतिक संकट पैदा होता है तो सबसे पहले भारत ही उसकी सहायता के लिए आगे आता है। लिहाजा वहां जितनी जल्दी परिपक्व फैसले लेने वाली सरकार बने उतना ही दोनों देशों के संबंधों के लिए बेहतर होगा।

# सोशल मीडिया का बढ़ता वर्चस्व और खोता बचपन

ललित गर्ग

पिछले एक दशक में जिस सोशल मीडिया को आधुनिकता की उपलब्धि, अभिव्यक्ति की आजादी और वैश्विक संपर्क का सबसे बड़ा माध्यम माना गया था, उसी सोशल मीडिया ने अब अपने छिपे डरावने एवं वीभत्स चेहरे दिखाने शुरू कर दिए हैं। पश्चिमी देश, जो कल तक इसके गुणगान करते नहीं थकते थे, अब उसके दुष्परिणामों से भयभीत होने लगे हैं। यह भय यूं ही नहीं है-अनेक देशों में बच्चों की आत्महत्याओं, हिंसक व्यवहार, मानसिक विकारों, नशे जैसे डिजिटल व्यसनों और सामाजिक विकृतियों के बढ़ते आंकड़ों ने सोशल मीडिया की वास्तविकता का पर्दाफाश किया है। इसी पृष्ठभूमि में आस्ट्रेलिया की सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाकर विश्व-समुदाय को चेताया भी है और झकझोर भी दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया कंपनियों से वह अधिकार वापस ले लिए हैं, जिनके दुरुपयोग ने बच्चों के जीवन और अभिभावकों की मानसिक शांति को संकट में डाल दिया था। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह सुधार बच्चों को 'बचपन जीने का अधिकार' लौटाने के लिए है-उन जिंदगियों को नया मोड़ देने के लिए है जो सोशल मीडिया ने समय से पहले वयस्कता, अस्वस्थता, तनाव और विकृतियों में धकेल दी थीं। इतना ही नहीं, 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के अकाउंट नहीं हटाने पर लगभग पाँच करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान देश का रुख साफ करता है कि अब बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस पहल के बाद पश्चिमी जगत में सुगबुगाहट बढ़ी है। ब्रिटेन से लेकर अमेरिका तक सवाल उठ रहे हैं कि यदि ऑस्ट्रेलिया यह साहस दिखा सकता है तो वे क्यों नहीं? यह सुगबुगाहट केवल सरकारों में ही नहीं है-उन अभिभावकों में भी है जिन्होंने सोशल मीडिया को अपने बच्चों की आत्महत्या, अवसाद और चरित्र-भंग का मूल कारण मानना शुरू कर दिया है। वास्तव में, इस संकट की शुरुआत तब हुई जब सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्मों ने बच्चों को आकर्षित करने के लिए ऐसे एल्गोरिद्म बनाए, जो उनका अधिकतम समय खाएं, उनकी जिज्ञासाओं को उकसाएं और उनके भीतर छिपी संवेदनशीलता का दोहन करके उन्हें सोशल मीडिया निर्भरता की स्थिति तक ले जाएं। इन प्लेटफॉर्मों पर वयस्क सामग्री, द्विअर्थी वीडियोज, हिंसक गेम्स, 'लाइक-फॉलोअर' जैसे डिजिटल भ्रमों का ऐसा सैलाब है जिसने बच्चों की मनोवैज्ञानिक संरचना को गहरी चोट पहुंचाई है। नतीजा यह है कि आज बच्चे समय से पहले वयस्क हो रहे हैं-शरीर से नहीं, मानसिकता से।




भारतीय परिवार-व्यवस्था, संस्कार और मूल्य-व्यवस्था इस संकट की चपेट में और तेजी से आए हैं। पहले जहां बच्चे माता-पिता, शिक्षक और संस्कारों से सीखते थे, आज वे 'रील्स' और 'शॉर्ट वीडियोज' एवं अश्लील सामग्री से सीख रहे हैं। जो सामग्री उनके सामने आ रही है, वह न भारतीय चरित्र से मेल खाती है न जीवन-मूल्यों से। निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा तैयार ये सामग्री बच्चों के मन में गलत आदर्श, गलत नायक और गलत आकांक्षाएं भर रही है। सवाल यह है कि क्या बच्चे स्वयं सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर रहे हैं, या सोशल मीडिया उन्हें एक सुनियोजित तरीके से अपनी गिरफ्त में ले रहा है? सच्चाई का उत्तर दूसरा है। इन प्लेटफॉर्मों पर अमर्यादित सामग्री की भरमार है-जिसे देखकर किशोरों में अपराधी प्रवृत्तियों की ओर उन्मुखता बढ़ रही है। ब्रह्मचर्य, संयम, अनुशासन और चरित्र जैसे भारतीय मूल्य हाशिये पर जा रहे हैं। इसके साथ-साथ एक गंभीर स्वास्थ्य-संकट जन्म ले रहा है। घंटों मोबाइल पकड़े बैठने से बच्चे शारीरिक सक्रियता से दूर हो रहे हैं। मोटापा, नींद की कमी, सिरदर्द, रीढ़ संबंधी विकार और यहां तक कि किशोरावस्था में मधुमेह जैसे रोगों के मामले बढ़ रहे हैं। मानसिक रूप से स्थिति और भी भयावह है। लगातार स्क्रॉल करने की आदत बच्चों की एकाग्रता को चकनाचूर कर रही है। शिक्षा पर इसका सीधा दुष्प्रभाव दिखाई दे रहा है। जो बच्चे घंटों कल्पना-लोक में विचरण करते हैं, वे वास्तविकताओं से जूझते समय टूटने-बिखरने लगते हैं। उनकी सहनशक्ति कम हो रही है, आत्मविश्वास टूट रहा है, और असफलताओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ रही है-जो कई बार आत्महत्या जैसी भयावह प्रवृत्तियों को जन्म देती है। भारत भी इस संकट से अछूता नहीं है। ऑनलाइन बुलिंग, ऑनलाइन ठगी, व्यभिचार से जुड़ी सामग्री, गुमराह करने वाले 'इन्फ्लुएंसर', फर्जी पहचान, ऑनलाइन हिंसा और डिजिटल व्यसन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कई बार बच्चे अपराधों में नहीं, बल्कि अपराधों के शिकार के रूप में फंसते हैं- लेकिन उन्हें बचाने वाला कोई नहीं दिखता। सोशल मीडिया कंपनियों का रवैया लापरवाह रहा है, क्योंकि उनका लक्ष्य बच्चों की सुरक्षा नहीं, बच्चों का उपयोग करके मुनाफा कमाना है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत में भी ऑस्ट्रेलिया जैसे कठोर कदम उठाए जाने चाहिए? उत्तर है-बिल्कुल होना चाहिए। और वह भी तुरंत।

भारत की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा किशोरों और युवाओं का है। यदि यह पीढ़ी सोशल मीडिया के अंधाधुंध प्रभाव में ढल गई, तो भविष्य में हमें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत की वह पहचान, जहां दुनिया भर में भारतीय प्रतिभा, अनुशासन और बुद्धिमत्ता की मिसाल दी जाती थी, वह धूमिल पड़ने लगेगी। यह संकट केवल सरकार का नहीं है- यह समाज, विद्यालयों, अभिभावकों और मीडिया-संस्थानों का संयुक्त संकट है। अभिभावकों को बच्चों को मोबाइल देना उनकी 'मांग' समझ में आता है, लेकिन उनको दिशा देना उनका कर्तव्य है। विद्यालयों को बच्चों को डिजिटल शिष्टाचार, डिजिटल योग्यता और डिजिटल अनुशासन के बारे में शिक्षित करना चाहिए। सरकार को सामाजिक जिम्मेदारी के साथ ऐसे नियम बनाने चाहिए, जिनमें सोशल मीडिया कंपनियों को बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाना पड़े। ऑस्ट्रेलिया ने यह कर दिखाया। और दुनिया सहम गई। अब बारी भारत और अन्य देशों की है। क्योंकि बच्चों का बचपन सिर्फ उनका अधिकार नहीं-पूरे समाज का भविष्य है। यदि यह बचपन सोशल मीडिया के हाथों बर्बाद होता रहा, तो आने वाले दौर में जो विकृतियां जन्म लेंगी, वे केवल सामाजिक नहीं, राष्ट्रीय संकट बन जाएंगी। यह समय निर्णायक है। थोड़ी-सी भी देर-और समाज को इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। ऑस्ट्रेलियाई पहल ने दुनिया को एक संदेश दे दिया है कि बच्चों को बचाने का समय अब आ गया है। भारत को भी साहसिक कदम उठाकर यह साबित करना होगा कि वह डिजिटल युग के दुष्परिणामों को समझता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, स्वस्थ और संस्कारित वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। बचपन को बचाइए-क्योंकि यही वह आधार है जिस पर समाज, संस्कृति और सभ्यता खड़ी होती है। और यदि यह आधार कमजोर पड़ गया, तो भविष्य की कोई भी इमारत स्थायी नहीं रह सकती।

# शिवमहापुराण समापन पर शिव-महिमा का विराट उद्घोष : स्वामी ज्योतिर्मयानंद

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

गौ प्रतिष्ठा यज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा के आयोजन स्थल पर दण्डि स्वामी ज्योतिर्मयानंद: सरस्वती जी के प्राकट्य दिवस पर उन्हें बधाई लेने वालों का तांता लगा रहा। कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित शिवमहापुराण कथा के समापन दिवस पर कथा-स्थल श्रद्धा, भक्ति और दिव्य चेतना से सराबोर दिखाई दिया। अंतिम दिन का वातावरण ऐसा था मानो कैलास की छाया स्वयं धरती पर उतर आई हो। मंचासीन स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती ने शिव-महिमा का ऐसा पुराण वर्णित कथा को गूढ़ और करुणा-पूर्ण श्रवण कराया कि श्रोता घंटों तक कथा-रस में निमग्न रहे।स्वामी जी ने कहा कि भगवान शिव कोई सीमित देव-प्रतिमा नहीं, बल्कि करुणा, क्षमा और सादगी के साक्षात् स्वरूप हैं। वे पार्वती के पति, गणेश-कार्तिकेय के पिता, भक्तों के उद्धारक और सुर-असुर, नर-नारी-सभी के आराध्य हैं। उनकी महिमा का वर्णन करने बैठ जाएं तो समय स्वयं छोटा पड़ जाए। अनजाने में भी शिवभक्ति व्याध से शिव पूजन हो गई उसका जीवन फलदायक हो गया वह अगले जन्म धार्मिक व्यक्ति हो गया। स्वामी ने कहा शिव कथा से मनुष्य का इस जीवन तो क्या जनम जन्म का जीवन सुधर जाता है।अज्ञानता में भी की गई शिव-आराधना मोक्ष का द्वार खोल देती है निष्कपट भाव ने उसे पुण्यात्मा बना दिया। भगवान शिव के साक्षात् प्रकट होकर वरदान देने की कथा बताती है शिव जी कल्याणकारी देव है। स्वामी ज्योतिर्मयानंद ने रामायण का उदाहरण पेश करते हुए भी कहा कि राम ने स्वयं कहा है, शिव द्रोही मम दास का कहावा, सो नर मोहि सपनेहूं नहीं पावा। शिव के स्वरूप का वर्णन करते हुए उन्होंने जटाजूट, भस्म, रुद्राक्ष, गंगा-चंद्र, त्रिशूल-डमरू और कैलासवास का अद्भुत चित्र खींचा। नंदी की उत्पत्ति, नरसिंह-शरभ अवतार, पितृ-तृप्ति, भैरव स्वरूप और हनुमान को शिव के परम सत्य रूप में स्थापित करते हुए कथा को व्यापक आध्यात्मिक आयाम दिया। बाघम्बर कथा से कहा जा सकता है-



कि जंगल का राजा हो या समाज का तुच्छ प्राणी सब पर शिव का प्रभाव है। स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती के अनुसार, सृष्टि में ऐसा कोई स्थान, कोई प्राणी या कोई अस्तित्व नहीं है जो शिव से अलग हो। जहाँ दृष्टि जाती है, वहाँ शिव का ही विस्तार है-सम्पूर्ण संसार शिवमय है। नंदी की उत्पत्ति और बाघंबर से जुड़ी कथा का संक्षिप्त वर्णन करते हुए बताया कि हिरण्यकशिपु वध के बाद भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार का उग्र क्रोध शांत करने हेतु भगवान शिव ने शरभ अवतार धारण किया, जो आधा सिंह और आधा पक्षी का अद्भुत स्वरूप था। इस अवतार के प्रभाव से नरसिंह भगवान शांत हुए और अपनी खाल शिवजी को धारण करने का निवेदन किया, जिसे शिव ने स्वीकार किया। स्वामी ने कहा-यह जीवन भी एक दान है हमें जीवन दान से मिला है तो क्यों ना इस जीवन को परोपकार में लगाएं। दान से धन घटता नहीं, शुद्ध होता है; जितना दोगे, उससे अधिक पाओगे। समापन पर शिव को भोले भंडारी बताते हुए उन्होंने कहा कि जो स्वयं सबका दाता है, उसे देने का भाव ही सबसे बड़ा दान है। स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती ने कहा कि शिव पुराण में कलियुग के बारे में भी बताया गया है, जिसमें अधर्म और अशुभता के बीच शिव-भक्ति और मंत्रों (जैसे 'ओम नमः शिवाय') के जाप कर जीवन को सफल और पुण्य का भागी बना सकते हैं। स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती ने शिवपुराण को दुर्लभ बताते हुए कहा इसके श्रवण से मनुष्य परलोक में सुख प्राप्त करता है। यहाँ कण-कण में वह सत्ता विद्यमान है जो न समय से बँधती है, न पुण्य से मापी जाती है। यह भूमि शंकर की है,क्योंकि यहाँ जीवन भी उनका है और परिवर्तन भी।जो चेतना कैलासत्व को चुन लेती है, वह किसी स्थान की शरण नहीं लेती- वह स्थिति की शरण लेती है। जहाँ भोले के चरण है, वहाँ निर्वासन नहीं,केवल स्वीकृति है। इस लोक में कोई पराया नहीं,क्योंकि यहाँ युद्ध भी शिव का है और परिवार भी शिव का। दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती का प्राकट्य दिवस के दिन उनके भक्तों ने उनके वजन के बराबर फलों से उन्हें तौला एवं वहीं फल धर्म प्रेमी जनता को प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। इस प्रकार 6 से 14 दिसंबर तक चलने वाली कथा शिवमहापुराण का समापन केवल कथा का अंत नहीं, बल्कि आत्मज्ञान, समता और करुणा के शाश्वत संदेश के साथ हुआ। मंडी प्रांगण में आयोजित गौ प्रतिष्ठा यज्ञ और शिवमहापुराण समापन दिवस पर मुख्य रूप से लेखमणी पाण्डेय, गुड्डा गुप्ता, प्रितम चंदेल, संजीव तिवारी, दीपक पाण्डेय, सुमित चौबे, पुरूषोत्तम पटेल, संदीप पाण्डेय, राकेश तिवारी, निति अग्रवाल, पार्षद नितु कोठारी, चांदनी रोशन दत्ता, गौरव साहू, लक्की साहू, माधवी शर्मा, मिनू पटेल, वर्षा गौतम, प्रहलाद मिश्रा, सत्यम साहू गौरव साहू, लव मिश्रा, देवी प्रसाद मिश्रा के साथ बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी लोग उपस्थित रहे।

# 21 दिसंबर को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन



पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर दल्ली राजहरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 21 दिसंबर को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन श्री राम मंदिर के पास किया जा रहा है। आयोजन के संबंध में गत दिनों श्री राम मंदिर प्रांगण में आवश्यक बैठक रखी गई थी जिसमें निर्णय लिया गया है कि यह आयोजन रविवार 21 दिसंबर को सुबह 11:00 बजे से 2:00 तक होगा। जिसमें नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी कलश यात्रा उपरांत श्री राम मंदिर के पास नववर्ष की तरह विशाल मंच तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता की आरती से होगी। इस कार्यक्रम में प्रमुख संतों को आमंत्रित किया जाएगा जिसमें हिंदू धर्म के संबंध में उनके वक्तव्य होगा। कार्यक्रम में लघु नाटक का भी मंचन एवं भजन मंडली का मंचन होगा। साथ ही कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इन 100 सालों में किन किन विषम परिस्थितियों पर से गुजर कर आज खड़ा हुआ है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापकों ने आरएसएस को खड़ा करने में कितनी विपदाएं झेली है। इस संबंध में विस्तृत से जानकारी दिया जाएगा। सभा समाप्ति उपरांत उपस्थित जनों के लिए दोपहर की भोजन की व्यवस्था भी की जाएगी। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण पत्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों के द्वारा नगर पंचायत चिखलाकसा तथा आसपास के ग्रामीण अंचलों में दिया जा रहा है।

# सोशल मीडिया प्लेटफार्म में अश्लील गालियां देते हुए वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सोशल मीडिया प्लेटफार्म में अश्लील गालियां देते हुए वायरल करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म में अश्लील, गाली-गलौज या अपमानजनक टिप्पणी करना एक कानूनी अपराध है, जिसके लिए जेल और जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। 04.11.2025 को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म आईडी सुमित विरानी आईडी का धारक द्वारा ईलेक्ट्रानिक उपकरण का उपयोग कर सोशल मिडिया प्लेटफार्म में अश्लील गालियां देते हुए वायरल करने की रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में धारा 296, 351 (4) भारतीय न्याय संहिता, 67 आईटी एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की जानकारी अधिकारियों को दी गई, जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं प्रभारी एसडीओपी बेमेतरा कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक मयंक मिश्रा के साथ थाना स्टाफ द्वारा विवेचना कार्य प्रारंभ की गई। प्रकरण में विवेचना के दौरान सोशल मिडिया प्लेटफार्म में अश्लील गालियां देते हुए वायरल करने वाला सोशल मीडिया प्लेटफार्म आईडी सुमित विरानी आईडी का धारक सुमीत विरानी को पकड़ा गया। आरोपी के पास से पुरानी मोबाईल कीमती करीबन 20 हजार रूपये को जप्त किया गया। आरोपी सुमीत विरानी पिता बच्चू मल विरानी उम्र 26 वर्ष, निवासी बेमेतरा, हाल पता तोरवा थाना तोरवा जिला बिलासपुर को विधिवत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई। इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक भुषण ठाकुर, हेमंत साहू, आरक्षक राजेन्द्र मेरावी, श्रवण वर्मा, राहुल यादव, मनीष मिश्रा, बिरेन्द्र साहू सहित थाना बेमेतरा के समस्त पुलिस स्टाफका महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा। सोशल मीडिया पर अश्लील, गाली-गलौज या अपमानजनक टिप्पणी करना एक कानूनी अपराध है, जिसके लिए जेल और जुर्माने दोनों की सज़ा हो सकती है। अपमानजनक टिप्पणी और किसी को धमकाने वाले संदेश या गाली-गलौज भेजना अपराध है।

# ग्राम मटंग टी बी मरीज मुक्त ग्राम घोषित

पायनियर संवाददाता पाटन
www.dailypioneer.com

पाटन ब्लॉक के ग्राम पंचायत मटंग ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है- टी बी मरीज मुक्त ग्राम घोषित हुआ है। कल स्वास्थ्य विभाग ने इस खुशी का ऐलान किया, और सरपंच अमित हिरवानी ने कहा कि यह सफलता ग्रामवासियों की जागरूकता और मितानिनों के सहयोग के बिना संभव नहीं थी। सभी ग्रामीणों को हार्दिक बधाई। इस खास मौके पर गोवर्धन साहू, राजेश साहू, देवकुमार साहू, रिखी देवांगन, संतराम यादव, हरबंश साहू, कुबेर लेंझवार, मितानिन सरस्वती वर्मा, पुनवंतिन साहू, कुंती और स्वास्थ्य विभाग से रूपाली यादव मौजूद रहीं। यह एक प्रेरणादायक कदम है। क्या आपको लगता है कि इस तरह के अभियानों से और गांवों को भी प्रोत्साहित किया जा सकता है।





# संस्कारों से सशक्त समाज का होता है निर्माण : दीपेश साहू

## सिलघट में आयोजित 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में विधायक दीपेश साहू हुए शामिल

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले के ग्राम सिलघट भीमभौरी में 10 से 13 सितंबर तक अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांति कुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में एवं महिला एवं बाल विकास परियोजना बेमेतरा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव भव्यता और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। इस आयोजन के अंतर्गत 1056 गर्भवती माताओं का गर्भोत्सव संस्कार एवं 93 जोड़ों का मुख्यमंत्री कन्या आदर्श विवाह संस्कार सम्पन्न कराया गया, जो सामाजिक समरसता, नारी सम्मान एवं भारतीय संस्कृति का अनुपम उदाहरण है। कार्यक्रम के अंतिम दिन समापन



समारोह में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू उपस्थित रहे। इसके साथ पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल सहित सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के विराट एवं अनुशासित आयोजनों के पीछे आयोजन समिति, शांति कुंज हरिद्वार परिवार, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्थानीय प्रशासन एवं सैकड़ों स्वयंसेवकों का अथक परिश्रम छिपा हुआ है। उन्होंने कहा कि आयोजन समिति ने सेवा भावना, समर्पण और उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के साथ इस संस्कार महोत्सव को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया है, जो पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत है। विधायक साहू ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों को साधुवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और समाज को संस्कारों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। अंत में विधायक दीपेश साहू ने पुष्प वर्षा कर सभी नवविवाहित जोड़ों को नवदाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखमय, समृद्ध एवं संस्कारपूर्ण जीवन की मंगलकामना की।

# सभापति प्रणव शर्मा ने सेजस विद्यालय जामगांव-एम का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता पाटन
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री के शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत सभी शासकीय शालाओं में किये गये सामाजिक अंकेक्षण के परिणाम अनुसार जिले के 188 विद्यालय डी ग्रेड में चिन्हित की गई हैं। राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार उक्त शालाओं के निरीक्षण हेतु माननीय जनप्रतिनिधि / चयनित अधिकारी द्वारा विद्या समीक्षा केन्द्र माध्यम से निर्मित एप्प पर 15 दिसंबर तक प्रत्येक शाला का दो बार निरीक्षण किया जाना अनिवार्य किया गया है, इसके अंतर्गत क्षेत्र के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि सभापति युवा इंजीनियर प्रणव शर्मा द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी







माध्यम विद्यालय जमगाँव(एम) का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान नव नियुक्त प्राचार्य एवं शिक्षक भी साथ में रहे, परीक्षा के चलते अधिकांश बच्चे विद्यालय में नहीं थे, निरीक्षण में शौचालय और लेब में साफ सफाई की कमी, पुस्तकालय का बच्चों द्वारा कम उपयोग किया जाना, ग्रीनरी का अभाव, खेल सामग्री की कमी से खेल में रुचि रखने वाले छात्र छात्राओं को असुविधा, पानी आपूर्ति हेतु अतिरिक्त बोर की आवश्यकता, के साथ ही हिंदी माध्यम में माध्यमिक विद्यालय में एक भी शिक्षक नहीं होने, प्यून, लैब असिस्टेंट, क्लर्क, शिक्षक शिक्षिकाओं की कमी होना पाया गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं से पाठ्यक्रम, पढ़ाई, खेलकूद, अन्य गतिविधियों पर चर्चा किया गया सभी विषयों पर विस्तृत वृहद विचार निरीक्षण में शिक्षक शिक्षिकाओं, प्राचार्य व सभी स्टाफ का अनुकूल सहयोग प्राप्त हुआ, सभी स्टाफ में आपसी सामंजस्य की भावना का होना प्रतीत हुआ, इंजीनियर युवा जनप्रतिनिधि द्वारा विद्यालय के निरीक्षण से सभी आशान्वित हुए, उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग कर सर्वोत्तम शिक्षा गुणवत्ता सुधार हेतु प्रयास किए जाने हेतु जोर दिया गया। सभापति प्रणव शर्मा एवं समाजसेवी मनोज सोनी जी द्वारा विद्यालय में खेल सामग्री हेतु तत्काल आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। सभापति जी ने विभिन्न प्रकार के निरीक्षण से संतुष्ट होकर प्रसन्नतापूर्वक क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ शासकीय विद्यालय के रूप में पूर्व की भांति स्थापित होने की आशा व्यक्त की। उक्त निरीक्षण में एसएमडीसी अध्यक्ष कुलेश्वर देवांगन, सरपंच तुलसी सिन्हा, मनोज सोनी, प्रशांत शर्मा, प्राचार्य सोनाली सेन, व्याख्याता राजेश कुमार वर्मा, आर पांडे, योगिता राजपुरोहित, संकुल समन्वयक मुकेश सपहा, शिक्षक डीके वर्मा, प्रधान पाठिका श्रीजी अनूप, हर्षिता देवांगन एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

# जिला न्यायालय बेमेतरा में वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत का सफलता पूर्वक हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला न्यायालय बेमेतरा में वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें सरोज नंद दास, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दीप प्रज्जवलन कर लोक अदालत का शुभारंभ कर कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण व न्यायिक कर्मचारीगण को अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने हेतु प्रोत्साहित कर शुभकामनाएं दी गई। माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा द्वारा लोक अदालत की विशेषता बताते हुए कहा कि पक्षकारों के मन में पुराने समय से चल रही वैमनस्यता को दूर करने के लिए लोक अदालत बहुत अच्छा माध्यम है। यह एक राष्ट्र के प्रति सेवा है। जिसमें हमें बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता देनी चाहिए, तथा न्यायालय में लंबित मामलों के अधिक से अधिक निराकरण कर सौहाद्रपूर्ण वातावरण का निर्माण कर राष्ट्र के विकास में सहयोग प्रदान करना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय नीलिमा सिंह बघेल द्वारा अपने उद्बोधन में पक्षकारों, अधिवक्ताओं को सक्रिय भागीदारी निभाते हुए लोक अदालत को सफल बनाने हेतु कहा गया। लोक अदालत में जिला न्यायालय प्रांगण में जिले के कोने-कोने से पक्षकार अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए उपस्थित हुये, जिनकी सुविधा के लिए विधिक सहायता डेस्क, स्वच्छता चिकित्सकीय वेन, स्वास्थ्य डेस्क, यातायात जागरूकता डेस्क व समस्त बैंक, विद्युत विभाग, फाइनेंस कंपनी द्वारा संचालित डेस्क लगाई गयी। नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय में 8 खण्डपीठ और तहसील ताजा न्यायालय में । खण्डपीठ इस प्रकार जिला में कुल 9 न्यायालयीन खण्डपीठ का गठन कर दो-दो सुलहकर्ता सदस्यों की नियुक्ति की गई। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन वो अनुक्रम में समस्त न्यायालीन कर्मचारी, पैरालीगल, वालेंटियर्स, जिला प्रशासन, जिला एवं जनपद पंचायत, नगर पालिका, विद्युत विभाग, जिले की समस्त बैंको सहित अन्य समस्त विभागों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है। जिले 9934 प्री-लिटिगेशन व लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा गया था जिसमें से राजस्व प्रकरण, विद्युत विवाद बैंक प्रकरण व



बी.एस.एन.एल. प्रकरणों का निराकरण कर कुल 68,43.086/- रूपये की वसूली की गई। न्यायालय में लंबित 25 अपराधिक प्रकरण, 28 सिविल प्रकरण, 15 पारिवारिक प्रकरण, 12 एनआई एक्ट धारा 138 प्रकरण, 20 मोटर दुर्घटना दावा व 2731 अन्य प्रकरण का निराकरण कर कुल 2.37,23,601 रूपये का अवार्ड पारित कर जिलें में रिकॉर्ड अनुसार 3,05,66,687/- रूपये की समझौता राशि वसूली गई। नेशनल लोक अदालत में नालसा एवं सालसा योजनाओं एवं अभियानों की व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा द्वारा योजनाओं / अभियानों एवं कानूनी के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में न्याय वृक्ष एवं द्वार तोरन बनाकर प्रदर्शनी के माध्यम से नेशनल लोक अदालत में आये पक्षकारों को नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दिया तथा न्याय सबके लिए संदेश देते हुये बाल विवाह एवं बलात्कार पीड़िता के गर्भ का चिकित्सीय समापन, मोटर यान अधिनियम, हिट एन रन, साइबर क्राइम, निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह व अन्य विधिक विषयों से संबंधित पाम्पलेट का वितरण किया गया। तथा प्रेरणादायक सुविचारों को छोटे-छोटे तख्तियों के माध्यम से समस्त न्यायालय परिसर में लगाकर पक्षकारों को आपसी रंजीश, नफरत व वैमनस्यता को दूरकर समझौता करने, बाल विवाह रोकने में सहयोग प्रदान करने एवं सड़क सुरक्षा हेतु प्रोत्साहित किया। नेशनल लोक अदालत में उपस्थित पक्षकारों को विधिक रूप से जागरूक करने हेतु लघु फिल्मों का प्रसारण एवं महिलाओं के विरूद्ध अपराध व साइबर काईम विषय पर किया गया। जिला न्यायालय परिसर में आमजन को विधिक रूप से जागरूक करने हेतु प्रोजेक्टर के माध्यम से घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराधों से संबंधित, महिलाओं से छेड़छाड़ व साइबर क्राईम, मोटर दुघ टिना सहित विभिन्न विषयों पर लघु फिल्म दिखाई गयी, जहां पक्षकारों के लिए बैठक व पेय जल की व्यवस्था की गई। साथ ही प्राधिकरण की गतिविधियों की झलकियां भी दिखाई गई।

## पक्षकारों को प्रोत्साहन स्वरूप किया गया पौधों का वितरण

नेशनल लोक अदालत में आये पक्षकारों को निःशुल्क पौधा वितरण डेस्क से फलदार, छायादार पौधों का वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही पक्षकारों के लिए सेल्फी जोन भी रखा गया। समझौता करने वाले पक्षकारों को न्यायालय के पीठासीन अधिकारी द्वारा तुलसी का पौधा भेंट कर प्रोत्साहित किया। यातायात जागरूता एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत् जागरूकता शिविर का आयोजन। नेशनल लोक अदालत में आये पक्षकारों को सड़क सुरक्षा, मोटर यान अधिनियम व बाल विवाह के प्रति जागरूक करने हेतु पुलिस विभाग के सहयोग से यातायात जागरूकता शिविर एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत् शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से आये पक्षकारों को यातायात के संबंध में दिशा निर्देश देते हुए बाल विवाह मुक्त भारत के तहत् बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, निष्पादन एमएसीटी के प्रकरण, आर्बिटल प्रकरण एवं सिविल अपील में अवार्ड पारित किया गया। सरोज नंद दास प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा के न्यायालय में अपीलार्थी द्रौपती बाई, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, जिला बेमेतरा द्वारा पारित निर्णय से क्षुब्ध होकर सरस्वती बाई तर्फ चन्द्रकुमारी व तीन अन्य के विरूद्ध नगर पालिका द्वारा दिये गये पट्टे पर दिये गये मछली मार्केट स्थित दुकान मांक 01. भद्रकाली मंदिर के पिछे बाजार पारा वार्ड नं. 18 स्थित मकान एवं अन्य विवादित भूमि के संबंध में प्रस्तुत अपील में अपीलार्थी एवं उत्तरवादीगण के द्वारा वादग्रस्त सम्पत्ति को आधी आधी बांटते हुये राजीनामा कर प्रकरण को समाप्त किया गया। खण्डपीठ मांक 03 पीठासीन अधिकारी देवेन्द्र कुमार के समक्ष ग्राम दूरा सेमरिया के निर्णीतऋणीगण राजेन्द्र राय के द्वारा श्रीराम ट्रांसपोर्ट फायनेंस कंपनी लिमिटेड से लोन लिया गया था एवं निर्णीतऋणीगण के द्वारा राशि अदायगी नहीं किये जाने पर उसके द्वारा न्यायालय के सक्ष कुल 7,44,356 दो आर्बिटेशन प्रकरण प्रस्तुत किया गया था, जिसमें निर्णीतऋणीगण की आर्थिक दशा को देखते हुए आज्ञप्तिधारी ने दोनों प्रकरणों में केवल 1,00,000/- में राजीनामा किया गया है। इसी तरह इण्डसइण्ड कंपनी लिमिटेड के द्वारा निर्णीतऋणीके विरुद्ध 7.23.315 रूपये के आर्बिटल प्रकरण में उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए केवल 1.16,000 /- रूपये की रिकवरी कर राजीनामा किया गया है।

## पारिवारिक एवं अन्य मामलों के झगड़ों में न्यायाधीश ने समझाइश देकर कराया राजीनामा

नेशनल लोक अदालत में पति, जेठ, जेठानी, सास व ससुर गाली गलौज देते हुए मारपीट कर शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान करने का प्रकरण पेश हुआ था जिसे न्यायिक मजिस्ट्रेट, मो. जहांगीर तिगाला द्वारा रिश्तो की अहमियत को बताते हुए समझाइश दिये जाने पर दोनों पति एवं पत्नि का विवाद बिना किसी डर, दबाव एवं भय के स्वतंत्र सहमति के आधार पर आपसी राजीनामा किया गया। वही दूसरे प्रकरण बेटा बहू को डीजे में परधा रहे थे, जिसमें चाचा भतीजा नाचते नाचते आपस में धक्का मुक्का एवं हाथ में पहने हुए चूड़ा से मारपीट कर एक दूसरे को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने का मामला पेश किया गया था। जहां पीठासीन अधिकारी द्वारा दोनों पक्षो के मध्य आपसी सहमति से राजीनामा कराया गया।

## दो पक्षों के बीच हुए विवाद में हुए राजीनामा

पीठसीन अधीकारी श्रुति साहू के न्यायालय में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के विरुद्ध धारा-294, 323 सहपठित धारा-34 एवं 506 भाग-2 भारतीय दण्ड सहिता के अंतर्गत मामला पेश किया गया था। उक्त प्रकरण में दोनों पक्षों द्वारा बिना किसी डर, दबाव व प्रलोभन के स्वेच्छापूर्वक अभियुक्तगण के साथ राजीनामा किया गया है। प्रकरण वर्ष 2024 से लंबित प्रकरण है, जिसमें नेशनल लोक अदालत में आहतगण एवं अभियुक्तगण के मध्य सफलतापूर्वक राजीनामा की कार्यवाही पूर्ण हुई है।

# नवापारा हसदेव नदी से चौबीस घंटे हो रही रेत की तस्करी जेसीबी से हाइवा में किया जा रहा रेता लोड

नवापारा हसदेव नदी से चौबीस घंटे हो रही रेत की तस्करी जेसीबी से हाइवा में किया जा रहा रेता लोड

- **खनिज विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में सिर्फ कारवाही की बात करते हैं जिम्मेदार**

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



जिले के नवागढ़ ब्लॉक के नवापारा केवा भादा क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन खुलेआम जारी है नदी के अंदर जेसीबी मशीनें लगाकर सीधे हाइवा में रेत भरी जा रही है यह पूरा खेल दिन के उजाले में हो रहा है और चार किलोमीटर दूर से भी हाइवा की आवाजाही साफ दिख जाती है इसके बावजूद खनिज और राजस्व विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आती अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद अवैध उत्खनन रुक नहीं रहा, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

> कुछ दिन पहले गए थे कार्यवाही के लिए वहां कोई नहीं मिला सभी भाग गए थे, जल्द ही टीम बना कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी
> **-राजकुमार मरावी**
> **तहसीलदार जांजगीर**

### दिखावटी कार्रवाई, असली खेल जारी

खनिज विभाग द्वारा समय-समय पर की जाने वाली कार्रवाई स्थानीय लोगों के मुताबिक केवल औपचारिकता बनकर रह गई है कभी-कभार एक-दो ट्रैक्टर या छोटे वाहन पकड़कर यह दिखाने की कोशिश होती है कि विभाग सक्रिय है, लेकिन बड़े स्तर पर चल रहे अवैध उत्खनन पर कोई असर नहीं पड़ता रोजाना सैकड़ों हाइवा रेत लेकर बिलासपुर और जांजगीर की ओर रवाना हो रहे हैं, जबकि स्थायी निगरानी या नियमित जांच व्यवस्था का अभाव साफ दिखाई देता है। रेत कारोबार से जुड़े लोगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे खुलेआम कहते हैं कि खनिज विभाग के भीतर उनके आदमी मौजूद हैं। उनका दावा है कि जैसे ही अधिकारी फील्ड में निकलते हैं, पहले से सूचना मिल जाती है और तब तक मशीनें और वाहन हटा लिए जाते हैं। यह कथित गठजोड़ अब क्षेत्र में सार्वजनिक चर्चा का विषय बन चुका है, जिससे अवैध खनन को रोकना और कठिन होता जा रहा है।

### राजस्व विभाग के कार्यशैली पर भी उठ रहे सवाल

नवापारा में राजस्व विभाग पर भी आरोप लग रहे हैं कि वे कभी मौके पर दौरा करने नहीं गए और न ही स्वयं पहुंचकर स्थिति की जांच की स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में इतने बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन चल रहा है, इसके बावजूद राजस्व विभाग की मौजूदगी कभी नदी किनारे देखने को नहीं मिली न कोई आकस्मिक निरीक्षण, न ही संयुक्त जांच टीम के साथ मौके पर पहुंचने की पहल प्रशासनिक अधिकारियों की यह दूरी सवाल खड़े कर रही है कि क्या उन्हें जमीनी हकीकत की जानकारी नहीं है या जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है । राजस्व पुलिस विभाग की भूमिका पर भी उंगलियां उठ रही हैं, क्योंकि भूमि, नदी और शासकीय संसाधनों की निगरानी उनकी जिम्मेदारी में आती है, फिर भी मौके पर उनकी सक्रियता शून्य दिखाई देती है मौके से गैरहाजिरी ने इस अवैध नेटवर्क को और मजबूत कर दिया है ग्रामीणों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं। फोन पर सूचना देने पर निरीक्षण की बात जरूर कही जाती है, लेकिन नदी किनारे कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आती लोगों का मानना है कि जब तक जिम्मेदार अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर जांच नहीं करेंगे और सख्त निर्णय नहीं लेंगे, तब तक नवापारा में रेत की यह खुली लूट रुकने वाली नहीं है।

# नेशनल लोक अदालत के माध्यम 26865 प्रकरणों का निराकरण

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



वर्ष 2025 का अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, समस्त तालुका न्यायालय एवं राजस्व न्यायालय में आयोजित हुआ। जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर में नेशनल लोक अदालत का उदघाटन दीप प्रज्वल माननीय शक्ति सिंह राजपूत प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर-चांपा, समस्त सम्माननीय न्यायाधीशगण, अध्यक्ष जिलाअधिवक्ता संघ एवं अधिवक्तागण, जिला प्रशासन के समस्त विभागों के अधिकारीगण, जिला न्यायालय के समस्त अधिकारीगण कर्मचारीगण, जिला विदिशा प्राधिकरण के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण, विधि छात्रों एवं सम्माननीय मीडिया कार्ड की उपस्थिति में हुआ जहां प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय द्वारा सभी को संबोधित करते हुए नेशनल लोक अदालत के महत्व बताते हुए अधिक से अधिक प्रकरण को सफल बनाने हेतु सहयोग करने को कहा गया। साथ ही प्रधान जिला न्यायाधीश के कुशल मार्गदर्शन व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में नेशनल लोक अदालत के अवसर पर जिला न्यायालय भवन के सामने नालसा की योजनाएं योजना 2015 एवं नालसा योजना 2015 के तहत कार्यक्रम व समस्त विभागों का जागरूकता स्टार लगाया गया जिसमें समाज कल्याण विभाग के द्वारा उनके दिव्यांग जनों हेतु योजनाओं के तहत, महिला बाल विकास विभाग जांजगीर महिला स्व सहायता अनुदान, स्पॉन्सरशिप योजना, सुपोषण के वितरण, गर्भवती महिलाओं हेतु सधोरी कार्यक्रम, बच्चों का अन्नप्राशन, स्थानीय का खाद्य पदार्थ एवं व्यंजन प्रदर्शन, श्रम विभाग जांजगीर द्वारा नैनीताल छात्रवृत्ति योजना एवं मिनीमाता महतारी जतन योजना, स्वास्थ्य विभाग जांजगीर द्वारा आयुष्मान कार्ड योजना एवं सभी प्रकार की इलाज एवं जागरूकता अभियान, पुलिस विभाग जांजगीर द्वारा यातायात जागरूकता, कृषि पशुधन विकास विभाग एवं जिला व्यापारी एवं उद्योग केंद्र द्वारा अपनी योजनाओं के तहत जानकारी हेतु जागरूकता स्टाल में शक्ति सिंहराजपूत प्रधान न्यायाधीश एवं न्यायाधीशगण एवं जिला प्रशासन के समस्त अधिकारीगण की उपस्थिति में एवं उनके हाथों से समस्त विभागों की योजनाओं के तहत हिमांशु कहरा, कौशल्या यादव, मनहरण प्रसाद, राकेश रोई दास को ट्राई साइकिल, राधिका साहू, हीरालाल लाठियां को श्रवण यंत्र, मनकठई महिला समूह एवं सरोज तिवारी को चेक राशि एक लाख रुपए, मीना बाई, सावित्रीबाई , दुखीन बाई नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत बीस हजार की चेक राशि, पूजा यादव एवं प्रिंसी को ननिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत तीन - तीन चेक राशि, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा द्वारा नेशनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय जांजगीर, समस्त तालुका न्यायालयों एवं राजस्व न्यायालयों में 40 खंडपीटों में कुल रखे गए प्रकरण 41379 में नेशनल का अदालत के माध्यम से 26865 प्रकरणों का निराकरण हुआ।

# लायंस क्लब के जांच शिविर से 42 निःसंतान दंपत्ति लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com



स्थानीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब चांपा द्वारा आर.एल. हॉस्पिटल रायगढ़ की एम.बी.बी .एस., डी.जी.ओ., आई.वी.एफ. तथा प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया अग्रवाल के सहयोग से लायंस भवन में निःशुल्क निःसंतान दंपत्ति जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर से कुल 42 निःसंतान दंपत्ति लाभान्वित हुए। शिविर के समापन अवसर पर लायंस क्लब चांपा के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने कहा कि लायंस क्लब चांपा द्वारा समय-समय पर समाज सेवा के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। इसी कड़ी में क्षेत्र के निःसंतान दंपत्तियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से निःसंतान दंपत्ति जांच शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए डॉ. प्रिया अग्रवाल का आभार व्यक्त किया। क्लब सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर में नगर सहित आसपास के ग्रामों से आए कुल 42 निःसंतान दंपत्तियों की निःशुल्क जांच के बाद उन्हें आवश्यक परामर्श देकर लाभान्वित किया गया। उन्होंने शिविर के सफ्लता पूर्वक आयोजन में सहयोग प्रदान करने के लिए डॉ. प्रिया अग्रवाल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर रायगढ़ से आयी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब चांपा द्वारा आयोजित शिविर में सेवाएं प्रदान कर उन्हें आत्मीय सुख मिला है। उन्होंने क्लब द्वारा शिविर आयोजन के दौरान की गई व्यवस्था की भी सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के शिविर आयोजन पर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। शिविर को सफल बनाने में लायंस क्लब चांपा के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी, सचिव लायन राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन वासुदेव देवांगन, लायन डॉ. संतोष कुमार अग्रवाल, लायन एम. के. पारीक ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# चार बच्चों को शिक्षा के मुख्यधारा से जोड़ा गया

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com



पढ़ाई लिखाई छोड़कर गांव में घर घर भीख मांगने वाले चार बच्चों को प्रेरित कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा गया। बच्चों को कपड़े एवं ठंड को देखते हुए उन्हें कम्बल दिया गया। वे अब नियमित स्कूल जाने को तैयार हुए है। शा. प्रा. शा. भाठापारा सारागांव मे अध्ययरत चार बच्चे जो अपने शिक्षा की मुख्यधारा से भटक कर घर घर भीख मांगने के लिए जाते थे ऐसे बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़कर स्कूल जाने प्रेरित किया गया। संकुल समनवयक सुरेश देवांगन को संकुल अंतर्गत विद्यालय मे निरीक्षण के दौरान 4 बच्चे डबरीपारा मे भीख मांगते हुए दिखाई दिए पूछताछ करने पर पता चला की ये सभी बच्चे प्रा. शा. भाठापारा मे अध्ययरत है शासन की महत्वपूर्ण योजना शिक्षा के अधिकार के तहत विकासखंड शिक्षा अधिकारी रत्ना थवाईत एवं बी आर सी सी हिरेन्द्र बेहार के कुशल मार्गदर्शन मे घटना को तत्काल संज्ञान मे लेते हुए समनवयक द्वारा प्रा. शा. भाठापारा मे कार्यरत ऋषि राठौर से संपर्क किया गया जिनसे जानकारी प्रमाणित होने पर बच्चों के घर जाने की योजना बनाई गई घर जाते वक्त तहसील कार्यालय मे तहसीलदार के के. जायसवाल से संपर्क किया गया। जिससे वे भी पालको से संपर्क करने पर तैयार हो गए तीनो के द्वारा घर जाकर उनकी वस्तु स्थिति के बारे मे पता लगाया गया बच्चों के आधार कार्ड नहीं होने की बात सामने आने पर तहसीलदार द्वारा पहले जन्म प्रमाण उसके बाद आधार कार्ड बनाने के लिए पूर्ण सहयोग करने पर आस्वासन दिया गया और बच्चों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित करने हेतु तहसीलदार जायसवाल द्वारा बच्चों को कपडे और समनवयक सुरेश देवांगन द्वारा ठंडी से बचाव हेतु कम्बल प्रदान किया गया उक्त कार्य मे प्रा शा भाठापारा के प्रभारी प्रधान पाठक ऋषि राठौर एवं क प्रा. शा. सारागांव के सफाईकर्मी दुर्गेश यादव का विशिष्ट सहयोग रहा।

# डॉ. चरण दास महंत के जन्मदिवस पर कंबल वितरण किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर उनके मंशानुरूप जिसमें उन्होंने अपील की थी कि मेरे पारिवारिक एवं मित्रों के अचानक देवलोक गमन हो जाने से मन उदास है मुझसे मिलकर शुभकामनाएं देने के बजाय जरूरतमंदों को मदद कर दी जाए या एक पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण करने की कोशिश करें और वहीं से सभी के खुशी के लिए ईश्वर से प्रार्थना करें उनके इसी भावना के अनुरूप शहर के कांग्रेसी नेताओं ने बिसाहू दास महंत शासकीय चिकित्सालय में मरीजों एवं उनके परिजनों को ठंड के मौसम में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पूर्व पार्षद नागेंद्र गुप्ता के सौजन्य से शहर कांग्रेस द्वारा कंबल का वितरण किया गया एवं डॉ महंत को शुभकामनाएं प्रेषित किया गया इस अवसर पर कार्य.ब्लॉक अध्यक्ष सुनील साधवानी, जिला प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जय थवाईत, पूर्व आयोग सदस्य विष्णु विश्वकर्मा, चाम्पा ब्लॉक के मंडल अध्यक्ष अनिल मोदी, राज सरोज, जिला उपाध्यक्ष उमेश तिवारी, किशन सोनी, नेता प्रतिपक्ष हरीश पांडेय, पार्षद ललित देवांगन,तमिन्द्र देवांगन, पवन साहू, पुरषोत्तम देवांगन, पवन आर्य, गिरधर देवांगन, राजेश्वर मिश्रा, रामबाई स्वर्णकार, पूर्व पार्षद डुग्गु प्रधान, गोविन्द देवांगन, अनिता प्रकाश, गोविंदा वैष्णव, इकबाल अंसारी, जफर अंसारी, राकेश जोशी, परदेशी केंवट, विष्णु गाड़ा, सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# अब ऑपरेशन में नहीं पड़ेगा बड़ा चीरा, जिला अस्पताल में शुरू हुई हाईटेक लेप्रोस्कोपिक नसबंदी सेवा

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पहली बार लेप्रोस्कोपिक विधि से महिला नसबंदी सेवा की शुरुआत की गई है। लंबे अंतराल के बाद शुरू हुई इस आधुनिक सुविधा के तहत परिवार नियोजन कार्यक्रम में शामिल छह महिला हितग्राहियों का एलटीटी ऑपरेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया, जिससे क्षेत्र की महिलाओं को सुरक्षित और उन्नत चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सकेगा। लेप्रोस्कोपिक नसबंदी ऑपरेशन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में सिविल सर्जन एवं मुख्य अस्पताल अधीक्षक, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। पूरी प्रक्रिया अत्यंत सुरक्षित तरीके से संपन्न हुई और सभी महिला हितग्राही स्वस्थ बताई जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जानकारी दी गई है कि अब प्रत्येक बुधवार को जिला चिकित्सालय में कम से कम 10 महिला हितग्राहियों का लेप्रोस्कोपिक नसबंदी ऑपरेशन नियमित रूप से किया जाएगा। इससे दूरदराज के क्षेत्रों की महिलाओं को भी आधुनिक परिवार नियोजन सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। गौरतलब है कि जिला चिकित्सालय में लंबे समय से लेप्रोस्कोपिक नसबंदी सेवा की मांग की जा रही थी। इस सुविधा के शुरू होने से न केवल महिलाओं को कम समय में सुरक्षित उपचार मिलेगा, बल्कि उन्हें बड़े शहरों की ओर रुख करने की मजबूरी से भी राहत मिलेगी।

# फिल्मी अंदाज में कलेक्टर ने किया 3 किलोमीटर पीछाः तालकेश्वरपुर के जंगलों में पकड़ा अवैध धान

- **कृषि मंत्री के गृह क्षेत्र में धान माफिया पर प्रहार, कलेक्टर की सीधी कार्रवाई**

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी कड़ी में कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने खुद मोर्चा संभालते हुए अवैध धान परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। कलेक्टर ने विकासखंड रामचंद्रपुर के सीमावर्ती क्षेत्र तालकेश्वरपुर के घने जंगलों में करीब 3 किलोमीटर तक पीछा कर दो पिकअप वाहनों को रोका, जिनमें अवैध रूप से धान का परिवहन किया जा रहा था। जांच के दौरान वाहनों से 140 बोरी अवैध धान बरामद किया गया, जिसे आगे की कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी सनवाल के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि यह मामला कृषि मंत्री रामविचार नेताम के गृह क्षेत्र से जुड़ा है, जिससे प्रशासनिक कार्रवाई को और अधिक अहम माना जा रहा है। कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में धान खरीदी व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अवैध परिवहन और भंडारण को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतरराज्यीय सीमा क्षेत्रों में चौकसी और सख्त की जाए,तथा 24 घंटे सक्रिय निगरानी रखते हुए अवैध धान परिवहन पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए,ताकि धान खरीदी व्यवस्था सुरक्षित, सुचारू और पूरी तरह पारदर्शी बनी रहे।

# नेता एवं अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं किसी को परवाह नहीं सडक की हाल का

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com





लोक निर्माण विभाग संभाग चांपा के अंतर्गत ग्राम पंचायत घिवरा, मल्दा से डभरा चंद्रपुर तक राज्य मार्ग की हालत बहुत ज्यादा खराब हो गई है। इस राज्य मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े जान लेवा गड्ढा हो गया है। जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग चांपा मरम्मत करने की बजाय कुर्सी में बैठकर कार्यालय की शोभा बढ़ा रहे हैं। जिसके कारण इस राज्य मार्ग पर चलने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि सक्ती जिला के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत घिवरा और मल्दा से लेकर डभरा-चंद्रपुर तक इस राज्य मार्ग की हालत बहुत ज्यादा खराब हो गई है। इस राज्य मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े जान लेवा गड्ढा हो गया है। जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग संभाग चांपा के अधिकारी कर्मचारी इस राज्य मार्ग की मरम्मत करने की बजाय कुर्सी में बैठकर कार्यालय की शोभा बढ़ा रहे हैं। जिसके कारण इस राज्य मार्ग पर चलने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह राज्य मार्ग जांजगीर चांपा जिला और सक्ती जिला को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। इसी राज्य मार्ग से यात्री बसें, ऑटो, मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर, ट्रक, कैप्सूल हाईवा आदि गाड़ियां शिवरीनारायण, बिलासपुर, रायपुर, बलौदा बाजार, रायगढ़ ,कोरबा जिला और आदि अन्य शहरों के लिए आते जाते हैं। रोजाना हजारों की तादाद में चलने वाले वाहन चालकों को इस राज्य मार्ग में बड़ी-बड़ी तालाब नुमा जानलेवा गड्ढा से बचने के चक्कर में बरसात के दिनों में कई वाहन पलट चुके हैं तो कई वाहन सड़क में दो-तीन दिनों तक फंसे हुए थे। लेकिन बरसात के जाने के बावजूद भी इस राज्य मार्ग में बने बड़े-बड़े जान लेवा गड्ढा को आज तक लोक निर्माण विभाग के द्वारा मरम्मत नहीं कराया गया है। लिहाजा ठंड के दिनों में भी धूल का अंबार लग रहा है।

धूल से बचने के लिए स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सड़क के ऊपर पानी डाल दिया जा रहा है। सड़क के ऊपर बने बड़े-बड़े गड्ढा में पानी डालने से बरसात जैसे नजारा देखने को मिल रहा है। वाहन चालकों को सड़क के गढ्ढा में पानी भरने से वाहन चलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो लेकिन घिवरा, मल्दा से लेकर डभरा-चंद्रपुर तक इस राज्य मार्ग में बने बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढा के कारण वाहन चालकों को बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों ने सक्ती जिला के कलेक्टर से सड़क के ऊपर डामर की मोटा परत चढ़ाने की मांग किए हैं।

**धान खरीदी व्यवस्था पर गंभीर सवाल, प्रशासनिक चुप्पी पर उठी उंगलियां**

# अमानक धान बताकर वसूली का आरोप, अतिरिक्त बोरी काटने से किसान बेहाल

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



बलरामपुर जिले के 49 धान खरीदी केंद्रों में 15 नवंबर से शुरू हुई खरीदी व्यवस्था एक बार फिर विवादों में घिरती नजर आ रही है। बीते एक माह के भीतर खरीदी प्रभारी को लेकर बार-बार बदलाव,कभी राजस्व तो कभी कृषि और कभी शिक्षा विभाग से नियुक्ति, अंततः समितियों के कर्मचारियों को प्रभारी बनाकर व्यवस्था को पटरी पर लाने का दावा किया गया, लेकिन अब कई केंद्रों से अवैध वसूली और अतिरिक्त धान लेने के गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं,जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

**वीडियो वायरल-किसानों का गंभीर आरोप**-हाल ही में तातापानी धान खरीदी केंद्र से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक वृद्ध किसान सहित दर्जनों आदिवासी किसान खुले तौर पर आरोप लगाते दिखाई दे रहे हैं कि खरीदी प्रभारी द्वारा दो लोगों को विशेष रूप से तैनात किया गया है,जो धान को अमानक बताकर प्रति बोरी 500 से 1000 रुपये तक अवैध वसूली कर रहे हैं। आरोप यह भी है कि प्रत्येक बोरी में आधा किलो से लेकर एक किलो तक अतिरिक्त धान जबरन लिया जा रहा है,जिससे किसानों को सीधा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**बगरा खरीदी केंद्र में बोरी काटने का खेल**-तातापानी के बाद अब बगरा धान खरीदी केंद्र से भी चौंकाने वाले आरोप सामने आए हैं। यहां किसानों का कहना है कि यदि कोई किसान 110 बोरी धान लेकर केंद्र पहुंचता है और तौल में भी 110 बोरी ही आती है,तो खरीदी पर्ची में केवल 105 बोरी दर्ज की जाती है। शेष पांच बोरी यह कहकर काट ली जाती हैं कि धान अमानक है और अतिरिक्त देना पड़ेगा। इस रवैये से किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं और खुलकर नाराजगी जता रहे हैं।

**सरकारी मंशा पर सवाल,बेलगाम खरीदी प्रभारी**-एक ओर राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और धान का एक-एक दाना खरीदने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर कुछ खरीदी केंद्रों पर कथित रूप से चल रही अवैध वसूली सरकार की मंशा पर सवाल खड़े कर रही है। धान जैसे संवेदनशील मुद्दे पर किसानों का शोषण न केवल व्यवस्था की कमजोरी उजागर करता है, बल्कि आने वाले समय में बड़े राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव की आशंका भी पैदा करता है।

**प्रशासनिक चुप्पी पर सवाल, कार्रवाई कब?**-तातापानी,भावरमाल, महावीरगंज, बगरा सहित दर्जनों खरीदी केंद्रों से लगातार अवैध वसूली की शिकायतें सामने आ रही हैं,लेकिन अब तक जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई या स्पष्ट बयान नहीं आया है। ऐसे में सवाल उठना लाज़मी है कि किसानों की शिकायतों पर प्रशासन मौन क्यों है और दोषियों पर कार्रवाई कब होगी।

**खरीदी ड्यूटी सूची में संशोधन, चर्चाएं तेज**-धान खरीदी केंद्रों पर ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों के नामों में अचानक किए गए संशोधन को लेकर भी जिले में चर्चाओं का बाजार गर्म है। आरोप हैं कि यह संशोधन पारदर्शिता के बजाय लेन-देन का परिणाम है। प्रथम सूची में शामिल अधिकारियों को हटाने के कारणों पर खाद्य विभाग द्वारा अब तक कोई आधिकारिक विज्ञप्ति जारी नहीं की गई है, जिससे संदेह और गहराता जा रहा है। यदि पहले नियुक्त अधिकारी सक्षम थे तो उन्हें हटाया क्यों गया यह सवाल अब पूरे जिले में गूंज रहा है।

**अब किसानों की निगाहें प्रशासन पर**-किसानों का साफ कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन की राह भी अपनाई जा सकती है।

फिलहाल जिले भर की नजरें प्रशासन पर टिकी हैं कि क्या अवैध वसूली और अनियमितताओं में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# कबीरधाम में स्वास्थ्य सुविधाओं की बड़ी छलांगः मातृत्व अस्पताल, सीटी स्कैन एम्बुलेंस से लेकर मेडिकल कॉलेज तक–जिले ने दो साल में रचा नया इतिहास




पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिले में वर्ष 2023 से अब तक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिले के अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों, मशीनों, एम्बुलेंस, लैब और मेडिकल शिक्षा से जुड़ी योजनाओं ने स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा दी है। जिले को 13 सितंबर 2024 को 50 बिस्तरों वाले मातृत्व एवं शिशु अस्पताल की सौगात मिली। इसके लिए 40 पदों की मंजूरी दी गई, जिससे मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार होगा। इसके बाद 20 जनवरी 2025 को जिला अस्पताल में 16.63 करोड़ रुपये की लागत से बने क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक का लोकार्पण किया गया, जिसका कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। 25 फरवरी 2024 को जिला चिकित्सालय में 92.87 लाख रुपये की लागत से आधुनिक हमर लैब शुरू की गई, जिससे मरीजों को कई तरह की जांच की सुविधा स्थानीय स्तर पर मिलने लगी। 1 जुलाई 2025 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेंगाखार को 27 लाख रुपये की एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई, जबकि 19 जुलाई 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया को भी नई एम्बुलेंस मिली। 16 जुलाई 2025 को जिला चिकित्सालय कबीरधाम की क्षमता 100 से बढ़ाकर 220 बिस्तर करने की स्वीकृति दी गई। साथ ही 258 नए पदों को स्वीकृति मिली, जिससे अस्पताल की सेवाएँ और मजबूत होंगी। 25 जुलाई 2025 को जिले को 449.99 लाख रुपये की उन्नत सीटी स्कैन मशीन की सौगात मिली। इसके अलावा अस्पताल के ओटी और हमर लैब में आनलाइन यूपीएस पावर बैकअप की सुविधा भी स्थापित की गई ताकि महत्वपूर्ण सेवाएं बिजली कटौती से प्रभावित न हों। बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 24 सितंबर 2025 को 15 लाख रुपये की सोनोग्राफी मशीन दी गई। इसी दिन कर्मचारियों के लिए 2 एफ-टाईप क्वार्टर (84 लाख) और 2 जी-टाईप क्वार्टर (31 लाख) का शुभारंभ किया गया। 2 नवंबर 2025 को पिपरिया और सहसपुर-लोहारा दोनों में 50-50 लाख रुपये की लागत से ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट की शुरुआत की गई। स्वास्थ्य विभाग ने राजानवागांव उपस्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में और तरेगांव पीएचसी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नत कर स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया। पिपरिया और तरेगांव दोनों सीएचसी के लिए 2.5-2.5 करोड़ रुपये की लागत से नए भवनों की स्वीकृति दी गई। जिले को सबसे बड़ी सौगात तब मिली जब 318 करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई। इससे जिले को स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार तीनों क्षेत्रों में बड़ा लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वनांचल और दूरस्थ इलाकों में लगातार स्वास्थ्य शिविर और सोनोग्राफी कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं, जिनसे अब तक 1000 से अधिक गर्भवती महिलाओं को घर के आसपास ही जांच सुविधा मिल चुकी है। जिला अस्पताल में बालको के साथ मिलकर हर महीने मुफ्त कैंसर स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें अब तक 155 मरीजों की जांच की जा चुकी है। जिला खनिज न्यास मद से अस्पताल में 14 स्टाफ नर्स की नियुक्ति कर स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया गया है। कुल मिलाकर इन महत्वपूर्ण कार्यों ने कबीरधाम जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत, आधुनिक और व्यापक बनाया है। मातृत्व सेवाओं से लेकर आपातकालीन चिकित्सा, जांच सुविधाओं, भवन निर्माण और मेडिकल शिक्षा तक–जिले में स्वास्थ्य का आधार पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है।

# गौ माता राष्ट्र माता बने, गौ प्रेम सनातन का मूल आधार : डॉ सौरव निर्वाणी

## धर्म स्तंभ काउंसिल के आह्वान पर नवागढ़ में गोपाल यज्ञ

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम बाघुल में गौ माँ प्रेम क्रांति यात्रा के तत्वावधान में आयोजित होने जा रहा गौ सेवा गोपाल यज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हिन्दू समाज के जीवन में गौ-प्रेम, गौ-संरक्षण और सांस्कृतिक चेतना जागृत करने का विराट जनआंदोलन है। यह भव्य आयोजन 28 दिसंबर को शोभायात्रा के साथ प्रारंभ होकर 29 दिसंबर से 4 जनवरी तक यज्ञ एवं विविध गौ-सेवा कार्यक्रमों के रूप में संपन्न होगा। इस पुण्य आयोजन का संचालन परम पूज्य शक्तिधाम पीठाधीश्वर दिवाकर महाराज के पावन सान्निध्य में किया जाएगा। धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी ने इस अवसर पर जारी अपने बयान में कहा गौ माता केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, प्रकृति और राष्ट्र जीवन की आधारशिला हैं। गौ-रक्षा ही हिन्दू समाज की रक्षा है। गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिलाने का यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए सांस्कृतिक संकल्प है। उन्होंने आगे कहा कि इस यज्ञ के माध्यम से गौ-व्रत धारण, गौ-रक्षा सूत्र बंधन, और समूहिक गौ-सेवा संकल्प कराकर समाज को कर्तव्यबोध से जोड़ा जाएगा। यह आयोजन धर्म, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण को एक सूत्र में पिरोने का अद्वितीय प्रयास है। वहीं रामजानकी मंदिर नवागढ़ के महंत सुरेंद्र दास ने समस्त क्षेत्रवासियों, संत समाज, मातृशक्ति, युवाओं एवं हिन्दू संगठनों से सक्रिय जनसहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि जब तक प्रत्येक हिन्दू गौ-रक्षा को अपना व्यक्तिगत दायित्व नहीं मानेगा, तब तक राष्ट्र की आत्मा सुरक्षित नहीं रह सकती। यह यज्ञ आत्मजागरण का अवसर है–इसे जन-जन का अभियान बनाना होगा। धर्म स्तंभ काउंसिल ने स्पष्ट किया कि यह आयोजन राजनीति से परे, पूर्णतः सांस्कृतिक और राष्ट्रहित में समर्पित है तथा इसका उद्देश्य गौ-हत्या, गौ-उपेक्षा और सांस्कृतिक विस्मृति के विरुद्ध समाज को संगठित करना है।

# दो साल में मोदी की गारंटी फेल, जनता खुद को ठगा महसूस कर रही : नवीन जायसवाल



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने भाजपा सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल को पूरी तरह विफल बताते हुए कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में किए गए वादे जमीन पर नहीं उतरे। उन्होंने आरोप लगाया कि जल-जंगल-जमीन को बड़े उद्योगपतियों के हवाले किया जा रहा है, आदिवासी अधिकारों का हनन हो रहा है और किसान खाद-बीज, बिजली कटौती व धान खरीदी की अव्यवस्थाओं से जूझ रहे हैं। कबीरधाम के शक्कर कारखानों में गन्ना किसानों का भुगतान महीनों अटका रहने से आर्थिक संकट गहरा गया है। गृह मंत्री का जिला होने के बावजूद अपराध बढ़े हैं; मूर्ति चोरी-खंडन और सामाजिक अशांति की घटनाएँ सामने आई हैं। शिक्षा में शिक्षकों की कमी, किताबों की देरी, बेरोजगारी, भर्ती प्रक्रियाओं पर भ्रष्टाचार के आरोप और 500 रुपये गैस सिलेंडर जैसे वादों की असफलता भी उजागर हुई है। बिजली बिलों में बढ़ोतरी से गरीब-मध्यम वर्ग परेशान है, वहीं सड़कों की बदहाली और पंचायतों के पास फंड की कमी विकास को रोक रही है। जायसवाल ने कहा कि सरकार केवल अपने नेताओं-कार्यकर्ताओं को खुश करने में लगी है, जबकि किसान, युवा, महिलाएं और आम जनता सबसे अधिक परेशान हैं–और जनता आने वाले समय में इसका जवाब देगी।

# नेशनल लोक अदालत में बड़ी संख्या में प्रकरणों का निराकरण

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



व्यवहार न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में बड़ी संख्या में प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित मामलों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान किया गया। लोक अदालत में पति-पत्नी संगीता भारद्वाज एवं महेंद्र भारद्वाज के बीच लंबे समय से चल रहे घरेलू हिंसा प्रकरण में दोनों पक्षों के बीच राजीनामा कर प्रकरण को समाप्त कराया गया। इसके अतिरिक्त 06 प्रकरण धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के, 937 प्रकरण मोटर व्हीकल एक्ट के, 80 समरी ट्रायल, 02 आईपीसी के तथा 33 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया। प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में बैंक, नगर पालिका, नगर पंचायत, विद्युत विभाग एवं दूरसंचार विभाग से संबंधित मामलों में आपसी सहमति से राजीनामा हुआ। लोक अदालत में कुल 1058 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निपटारा किया गया। इस दौरान कुल 26,19,176 रुपये की राशि प्राप्त हुई। इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय दल्ली राजहरा की प्रथम श्रेणी न्यायाधीश श्रद्धा सिंह श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। अधिवक्ता अधिकारी के रूप में पीतांबर रावटे एवं जितेंद्र भट्ट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोक अदालत में अधिवक्ता पवन गोयल, इसराइल साह, राकेश द्विवेदी, जागेंद्र भारद्वाज, सुनील नंदी, मनोज प्रताप सिंह, अनीश वाघमारे, रेशमा बानो एवं सेलीस्टियल डिसूजा उपस्थित रहे। इसके साथ ही न्यायालय रीडर मनीष कुमार दर्रो, विजय तुरकाने, संजय चंद्राकर कमलेश्वरी गावरे, विभिन्न संस्थाओं–बैंक, नगर पालिका, नगर पंचायत, विद्युत विभाग एवं दूरसंचार विभाग–के आधिकारिक प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहे।

# नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का आयोजन, 1176 विद्यार्थी हुऐ उपस्थित

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा विकासखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। शैक्षणिक सत्र 2026-27 कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु पंजीकृत विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। परीक्षा प्रातः निर्धारित समय पर प्रारंभ हुई। विकासखंड में 6 परीक्षा केंद्र प्रतिभा हायर सेकेंडरी स्कूल बालसी, मा.स.गो. हायर सेकेंडरी स्कूल , शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल , सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आईईएमबीएच स्कूल कुटेला, एसटी विंसेंट पलोटी हायर सेकेंडरी स्कूल कुटेला केंद्रों पर सुरक्षा, स्वच्छता एवं अनुशासन की समुचित व्यवस्था की गई थी। परीक्षार्थियों की पहचान, प्रवेश पत्र जांच तथा अन्य औपचारिकताओं का कार्य सुचारू रूप से संपन्न कराया गया। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षकों, केंद्राध्यक्षों, शिक्षकों एवं सहायक कर्मचारियों द्वारा अपने दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन किया गया। अभिभावकों ने भी प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। विकासखंड में कुल 1384 विद्यार्थियों ने पंजीयन किया जिसमें 1176 उपस्थित रहे 208 अनुपस्थित रहे। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित यह परीक्षा ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उड़नदस्ता टीम द्वारा परीक्षा केंद्र 25080506 आई ई एम बी एच स्कूल कुटेला में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का निरीक्षण नायब तहसीलदार हरिप्रसाद भोय, बीआरसीसी देवानंद नायक, पटवारी दूधनाथ साहू द्वारा किया गया । प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपादित हो रही थी। परीक्षा में कुल 232 उपस्थित 189 अनुपस्थित 43 थे। इस अवसर में शांतिपूर्ण सुव्यस्थित संचालन के लिए नियुक्त समन्वयगण भोलानाथ नायक, किशोर कुमार पटेल एवं कैलाशचंद्र पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे। परीक्षा केंद्र 25080505 एसटी विसेंट पलोटी हायर सेकेंडरी स्कूल कुटेला, जिसमे कुल परीक्षार्थी 192 उपस्थित 157, अनुपस्थित 35 थे। परीक्षा केंद्र 25080504 सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरायपाली कुल 240, उपस्थित 191, अनुपस्थित 49 थे। उड़न टीम में हरिप्रसाद भोय नायब तहसीलदार, देवानंद नायक बीआरसीसी, दूधनाथ साहू पटवारी ने निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्र 250 80501 प्रतिभा हायर सेकेंडरी स्कूल बालसी में कुल 240 उपस्थित 288 अनुपस्थित 12 थे, 250 80 502 शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरायपाली में कुल 240 उपस्थित 205 अनुपस्थित 35 थे, 250 80 503 मा.स.गो. हायर सेकेंडरी स्कूल सरायपाली में कुल 240 उपस्थित 206 अनुपस्थित 34 का निरीक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी टी.सी. पटेल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी. एन. दीवान एवं गजेंद्र नायक पटवारी उड़न दस्ता टीम ने किया। नवोदय विद्यालय समिति छिन्दपाली (सरायपाली) के द्वारा निरंतर निगरानी की गई।


# नशा मुक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन विद्यार्थीयों एवं युवाओं को किया जागरूक


पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में युवक युवती शामिल हुए इस कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड संयोजिका नमिता साहू द्वारा किया गया,नमिता साहू ने बताया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसडीओपी ललिता मेहर रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है, इसलिए युवाओं को इससे दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाना चाहिए। ओर इस कार्यक्रम के आयोजन की प्रशंसा की ओर बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला संयोजिका अनिता चौधरी एवं दुर्गा वाहिनी की जिला सह संयोजिका ललिता सिदार ने भी अपने विचार व्यक्त किए और नशा मुक्त समाज निर्माण में महिलाओं एवं युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रगति कॉलेज की निदेशक मैडम टिलेश्वरी पटेल, कौशल विकास प्रशिक्षक सुजाता साहू, आईटीआई कॉलेज के प्राचार्य हिमांशु साहू तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर शिक्षा, कौशल और संस्कारों के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया।

# कबीरधाम में विकास की नई रफ्तारः सड़क परियोजनाओं ने बदली जनजातीय क्षेत्रों की तस्वीर



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

## 200 से अधिक बसाहटें होंगी मुख्यधारा से जुड़ी

जिले में सड़क विकास कार्यों को लेकर एक नया और मजबूत दौर शुरू हो चुका है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कुशल नेतृत्व और लगातार प्रयासों से ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में कनेक्टिविटी सुधारने वाली महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को अभूतपूर्व गति मिली है। पीएम-जनमन योजना के तहत वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में बोड़ला और पंडरिया विकासखंड के अतिविशिष्ट जनजातीय क्षेत्रों के लिए 76 सड़कों (273.60 किमी) के निर्माण हेतु 20588.36 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे। इनमें से 12 सड़कें पूरी हो चुकी हैं, जिससे 12 दूरस्थ बसाहटों को पहली बार सालभर सड़क सुविधा मिली है। शेष 64 सड़कों का निर्माण मार्च 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है, जिससे 74 और बसाहटें सड़क से जुड़ेंगी। वर्ष 2025-26 में जनजातीय पहुंच-विहीन बसाहटों को जोड़ने के लिए 7 नई सड़कों (17.20 किमी) के निर्माण हेतु 1572.75 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत जिले के चारों विकासखंड–कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया और सहसपुर-लोहारा–में 44 सड़कों (239.58 किमी) के सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण हेतु 13666.54 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 5 सड़कों पर कार्य शुरू हो चुका है, जबकि अन्य 39 सड़कों की निविदा प्रक्रिया जारी है। चौथे चरण में जिले को बड़ी सौगात मिलते हुए 48 नई सड़कों (104.06 किमी) के लिए 10618.18 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इससे 48 बसाहटों को पहली बार बारहमासी सड़क सुविधा मिलेगी, जो क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई ऊर्जा देगी। पीएम-जनमन योजना के अंतर्गत 9 वृहद पुलों (470 मीटर) के निर्माण हेतु 2669.14 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। निविदा की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिससे मुख्य मार्गों पर आवागमन और सुगम होगा। इन सभी परियोजनाओं के पूर्ण होने पर कबीरधाम का ग्रामीण परिवेश न सिर्फमजबूत सड़क नेटवर्क से जुड़ेगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार में भी नई संभावनाएं खुलेगी। कबीरधाम जिला अब ग्रामीण सड़क विकास का उभरता राष्ट्रीय मॉडल बनता दिखाई दे रहा है।

# विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com













विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्युएचओ) के सहयोग से श्री बालाजी इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस, रायपुर मे सीएमई (सतत चिकित्सा शिक्षा) का कार्यक्रम आयोजन किया गया। श्री बालाजी इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रायपुर के सामुदायिक चिकित्सा विभाग और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्युएचओ) के संयुक्त तात्वधान में सतत चिकित्मा शिक्षा (सीएमई) प्रोग्राम का आयोजन श्री बालाजी मेडीकल कॉलेज परिसर मे शुक्रवार को किया गया। सीएमई प्रोग्राम में विश्व स्वास्थ्य संगठन से मुख्य रूप से डॉ नितिन पाटिल, डॉ उर्विन कुमार शाह, डॉ निलय मोजारकर तथा आर्या नाग मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। वहीं श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के चेयरमेन डॉ देवेन्द्र नायक, डीन डॉ. विष्णु दत्त अलग-अलग विभाग के विभागाध्यक्ष जिसमें नेत्र रोग विभाग, एर्मेटोलानी विभाग, फोरेसिंक मेडिसीन, बायोकेमेस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, पैथालाजी, सामुदायिक चिकित्सा विभाग मेडिसीन विभाग के सहायक प्राध्यापक, सह प्राध्यापक जेआर, सीनीयर रेजीडेन्ट एवं पी.जी रेसीडेन्ट उपस्थित हुए। सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण एवं टीकाकरण द्वारा रोके जा सकने वाले रोगो की निगरानी विषय पर आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ नितिन पाटिल डॉ उर्विन कुमार शाह, डॉ निलय मोजारकर व उर्या नाग ने विस्तृत रूप से वैक्सीन से रोगों के बचाव तथा स्वास्थ्य प्रणाली को वैक्सीन के माध्यम से सुदृड किया जा सकता बताया। विस्तृत चर्चा में अलग-अलग वैक्सीन जिसमें एमआर वैक्सीन, पोलियो, डीपीटी तथा अन्य वैक्सीन से रोगों के बचाव व न लगने पर होने वाली गंभीर बीमारियो से अवगत कराया। सभी वक्ताओं ने विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा किये जा रहे अलग-अलग प्रोग्राम तथा वर्तमान स्थितियों के बारे में चार्ट व पीपीटी के माध्यम से बताया। श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के चेयरमेन डॉ. देवेन्द्र नायक ने इस कार्यक्रम की सराहना की। उन्होने बताया सीएमई कार्यक्रमो के माध्यम से निरंतर चिकित्सकों को नए स्वास्थ्य संबंधित अनुसंधान व उपचार के बारे में पता चलता है। इससे निरंतर अलग-अलग विभागों के मध्य ज्ञान का प्रसार होता है। मेडिकल कॉलेज के डीन द्वारा इस कार्यक्रम की प्रशंसा की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने हेतु प्रेरित किया गया। अंत में सामुदायिक चिकितसा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ प्रियंका साहू द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित सभी डब्ल्युएचओ के वक्ताओं तथा उपस्थित सभी विभागाध्यक्ष, चेयरमैन, डीन, सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक सीनियर रेसीडेन्ट जूनियर रेसीडेन्ट डॉक्टरी का आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय कर्मयोगी वृहद जनसेवा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण सम्पन्न



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय कर्मयोगी वृहद जन सेवा कार्यक्रम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत विगत दिवस राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र छत्तीसगढ़ अटल नगर नवा रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें शासन के राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को राष्ट्रीय कर्मयोगी वृहद कार्यक्रम के तहत भारत के विभिन्न मॉड्यूल, डिजिटल क्षमता-वर्धन तथा प्रशासनिक दक्षता से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एनआईसी की टीम द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। पूरे प्रशिक्षण में सहकर्मी सीखने, सहयोग और अनुभवात्मक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए बैच को 5 छोटी टीमों में विभाजित किया गया था। प्रशिक्षण में टीम-आधारित चुनौतियाँ, व्यक्तिगत अभ्यास, चिंतनशील और संवादात्मक चर्चाएं की गई। यह प्रशिक्षण व्यक्तिगत प्रभावशीलता और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता पर केंद्रित रहा। छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के छत्तीसगढ़ के एसआईओ टी. एन. सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अधिकारी-कर्मचारी को नागरिक-केंद्रित सेवाएँ प्रदान करने के लिए एक सच्चे राष्ट्रीय कर्मयोगी के गुणों को अपने दैनिक कार्यों में अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

# मैट्स विश्वविद्यालय के बी.काम विद्यार्थियों ने भनपुरी, रायपुर स्थित एस्क्वायर फूड्स जॉफ स्पाइसेस का उद्योग भ्रमण किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मैट्स विश्वविद्याल के बैचलर ऑफ कॉमर्स के विद्यार्थियों ने हाल ही में भनपुरी, रायपुर स्थित एस्क्वायर फूड्स जॉफ स्पाइसेस फैक्ट्री का शैक्षणिक उद्योग भ्रमण किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों को खाद्य एवं मसाला विनिर्माण क्षेत्र की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने हेतु आयोजित किया गया था। इस शैक्षणिक यात्रा का समन्वय डॉ. उमेश गुप्ता, हेड ऑफ डिपार्टमेंट, बिजनेस स्टडीज़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक दीप्तांशु शर्मा एवं डॉ. प्रियंका बोस भी साथ रहे। इस कार्यक्रम को कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. के. पी. यादव, आदरणीय महानिदेशक प्रियेश पगारिया एवं आदरणीय रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा के शुभाशीर्वाद प्राप्त हुए, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण एवं उपयोगी शैक्षणिक पहल के लिए व्यवसाय अध्ययन विभाग को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जॉफ स्पाइसेस की उत्पादन इकाई का निरीक्षण किया और उत्पादन प्रक्रिया, क्वालिटी कंट्रोल, सप्लाई चेन मैनेजमेंट जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों को उद्योग विशेषज्ञों के साथ संवाद करने का अवसर भी मिला, जिससे उनकी वास्तविक व्यावसायिक प्रक्रियाओं की समझ और भी मजबूत हुई। यह उद्योग भ्रमण अत्यंत सफल रहा, जिसने विद्यार्थियों को खाद्य उद्योग में संभावित करियर अवसरों को समझने का मंच प्रदान किया। विद्यार्थियों ने इस अनुभव को अपने भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। मैट्स विश्वविद्याल अपने विद्यार्थियों को समग्र एवं व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करने के लिए ऐसे उद्योग भ्रमण का आयोजन निरंतर करती रही है। व्यवसाय अध्ययन विभाग भविष्य में भी विद्यार्थियों को उद्योग के नवीनतम रुझानों से अवगत कराने हेतु इस प्रकार की और भी शैक्षणिक गतिविधियाँ आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# आदिवासी समाज ने शहीद वीरनारायण सिंह जैसे सपूत देकर प्रदेश ही नहीं देश को भी गौरवान्वित किया : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com





अमर शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर आदिवासी गोंड समाज मॉवली महासभा सिंगारपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए। समाज के लोगो को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अमर शहीद वीरनारायण सिंह जी का जीवन सबके लिए प्रेरणादायक है। सोनाखान के वीर नारायण सिंह ने जहां गांव, गरीब और किसानों की रक्षा के लिए संघर्ष किया, वहीं उन्होंने अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष करते हुए देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि हम जियें तो देश के लिए और मरे तो भी देश के लिये। शहीद वीरनारायण सिंह ने सोनाखान की धरती में जन्म लेकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ1857 की क्रांति में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया था। आज भी देश में जब आदिवासी बलिदान की चर्चा होती है तो शहीद वीरनारायण सिंह का नाम सबसे पहले याद किया जाता है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवशाली इतिहास में छत्तीसगढ़ के वीर सपूत शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत वीर नारायण सिंह ने छत्तीसगढ़ की जनता में देश भक्ति की भावना का संचार किया। सन् 1856-57 के भयानक अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया और अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। शिवरतन शर्मा ने समाज के लोगो से कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी आर्थिक प्रगति से नहीं बल्कि जागरूकता से होती है, आदिवासी समाज अपनी श्रेष्ठ संस्कृति और उत्कृष्ट परम्परा से पहचानी जाती है। इस समाज ने शहीद वीरनारायण सिंह जैसे सपूत देकर प्रदेश ही नही देश को भी गौरवान्वित किया है। आदिवासी समाज तथा इस समाज के नेतृत्वकर्ताओं ने राजसिंहासन त्यागकर देशहित में अपने प्राणों की आहुति देकर देशवासियों को नया संदेश दिया है। उक्त अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, अध्यक्ष मावली महासभा बंशीलाल नेताम, जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल, अमर मंडावी, अगेश्वर छेदइहा, जागेश्वर मरावी, राजेश नेताम, चंद्रशेखर ध्रुव, तीजराम ध्रुव, पुसउराम ध्रुव, कृपा राम ध्रुव, संतोष ध्रुव, नरेश ध्रुव, रिखीराम पोर्ते, पवन वर्मा, कनक मनहरे, संगीता नेताम, सुंदर साहू, दिनेश साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

# समर्पणम : जब रक्त बना जीवन का संदेश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल्स मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (एसएसआईपीएमटी), रायपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (रा.से.यो.) इकाई ने बिलासा ब्लड बैंक के सहयोग से 12 दिसंबर 2025 को समर्पणम नामक रक्तदान एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य केवल रक्तदान नहीं, बल्कि यह मानवता के प्रति समर्पण का उत्सव भी था। शिविर में 15 चिकित्सकों की टीम के मार्गदर्शन में 240 से अधिक छात्रों, संकाय सदस्यों एवं रा.से.यो. स्वयंसेवकों सहित परिसर समुदाय से उत्साहपूर्वक सहभागिता देखने को मिली। रक्तदान के साथ-साथ प्रतिभागियों को सामान्य स्वास्थ्य परामर्श, हीमोग्लोबिन परीक्षण, रक्तचाप परीक्षण, रक्त समूह की जानकारी सामान्य शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण तथा नेत्र जाँच की सुविधाएँ प्रदान की गईं, जिससे निवारक स्वास्थ्य सेवा के महत्व को बल मिला। साथ ही, एक सौहार्दपूर्ण एवं करुणामय वातावरण ने पूरे परिसर को सेवा की भावना से भर दिया। शिविर के दौरान कुल 45 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जहाँ प्रत्येक यूनिट एक अमूल्य जीवन को बचाने की क्षमता का प्रतीक है। रक्तदान न केवल दाताओं के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी सिद्ध होता है, बल्कि यह समाज को सशक्त बनाते हुए जरूरतमंदों के लिए आशा की किरण भी बनता है। यह पहल शिविर का विषय समर्पणम के साथ पूर्णतः सामंजस्य स्थापित करती है, जिसका तात्पर्य सामाजिक कल्याण हेतु स्वयं को समर्पित करना है। इस आयोजन के उद्देश्य से की गई पहल एक नियमित चिकित्सा शिविर से कहीं आगे बढ़कर मानवता के प्रति करुणा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं समर्पण की एक सशक्त अभिव्यक्ति के रूप में उभरी, जिसने पूरे परिसर समुदाय को समाज में सार्थक योगदान की साझा भावना से एकजुट किया। कृतज्ञता एवं सद्भावना के प्रतीक स्वरूप, बिलासा ब्लड बैंक द्वारा एस.एस.आई.पी.एम.टी., रायपुर की रा.से.यो. इकाई को भेंट प्रदान की गई। यह सम्मान इकाई द्वारा किए गए ईमानदार प्रयासों तथा सामुदायिक सेवा के प्रति उसके निरंतर समर्पण की सराहना के रूप में दिया गया। समर्पणम की सफलता इस बात का सशक्त अनुस्मारक है कि जब युवा आगे बढ़कर सेवा करते हैं, तो समाज अधिक सुरक्षित और सशक्त बनता है।

# गायत्री महामंत्र वेदों का और हमारी सनातन परम्परा का सबसे महत्वपूर्ण मंत्र है : शिवरतन शर्मा

**गायत्री यज्ञ का उद्देश्य व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर शुद्धि, सकारात्मक ऊर्जा का संचार, मानसिक शांति और विश्व कल्याण है**

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



नगर में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित शक्ति संवर्धन 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा शामिल हुए। शिवरतन शर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित कर कहा कि गायत्री परिवार के सदस्यों ने देश को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया है, क्योंकि कोई भी देश तभी मजबूत हो सकता है, जब उसकी बुनियाद मजबूत हो। हमारे देश की बुनियाद हमारी सनातन परम्पराओं में है। गायत्री परिवार के सदस्य धर्म जागरण का कार्य कर रहे है। शिवरतन शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश माता कौशिल्या की धरती है तथा भगवान श्रीराम जी का ननिहाल है। गायत्री महामंत्र वेदों का और हमारी सनातन परम्परा का सबसे महत्वपूर्ण मंत्र है। यह हमें सन्मार्ग की ओर चलने की प्रेरणा देता है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की गायत्री यज्ञ एक शक्तिशाली और वैज्ञानिक अनुष्ठान है जो माँ गायत्री (प्रकाश और ज्ञान की देवी) और सूर्य देव की आराधना के लिए किया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर शुद्धि, सकारात्मक ऊर्जा का संचार, मानसिक शांति और विश्व कल्याण है, जो स्वस्थ जीवन, सफलता और आत्म-उन्नति प्रदान करता है और वातावरण को शुद्ध करता है। शिवरतन शर्मा ने कहा की यह केवल धार्मिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक रूप से भी लाभकारी माना जाता है, जिसमें पवित्र मंत्रों जैसे 'ओम भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात' के साथ घी और अन्य सुगंधित सामग्री की आहुतियाँ दी जाती हैं, जिससे सकारात्मक सूक्ष्म वातावरण बनता है। कार्यक्रम में देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के उप कुलाधिपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य को जीवन एक स्वर्णिम अवसर के रूप में मिला है, जिसे अच्छे उद्देश्य में लगाना चाहिए। गायत्री परिवार इंसान के अंदर देवत्व की भावना को जगाने वाला परिवार है। यज्ञ हमें श्रेष्ठ कर्म की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने गायत्री परिवार के सदस्यों को आह्वान किया कि वे समाज से नशे की बुराई को दूर करने के लिए लगातार प्रयास करें। इस महायज्ञ कार्यक्रम में वहां उपस्थित वशिष्ठगण, गणमान्य अतिथियों एवं सभी वरिष्ठजनों को गायत्री मंत्र दुप्पटा भेंट एवं गुरुदेव का साहित्य प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# भारत के पहले डीवी कपूर फाउंडेशन एनर्जी इनोवेशन अवॉर्ड्स के दौरान ऊर्जा क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए दिए गए पुरस्कार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत में ऊर्जा की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने और दीर्घकालिक स्थायित्व के लक्ष्यों को समर्थन प्रदान करने में बेहतरीन तकनीकी नवाचारों को सम्मानित करने के लिए, डीवी कपूर फाउंडेशन ने नई दिल्ली स्थित स्कोप कॉम्प्लेक्स में पहले डीवी कपूर फाउंडेशन एनर्जी इनोवेशन अवॉर्ड्स का आयोजन किया। भारत सरकार में प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ सुरेश प्रभु, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं चेयरमैन, डीवी कपूर फाउन्डेशन, पद्म विभूषण, डॉ अनिल काकोड़कर, पूर्व चेयरमैन, एटॉमिक एनर्जी कमिशन और ग्रैंड जूरी के चेयरमैन; डॉ डीवी कपूर, फाउन्डेशन के संस्थापक और एनटीपीसी लिमिटेड के फाउंडर चेयरमैन; आरवी शाही, पूर्व सचिव (एमओपी) एवं ट्रस्टी सदस्य, डीवी कपूर फाउन्डेशन एवं ग्रैंड जूरी के सदस्य; डॉ अजय माथुर, पूर्व महानिदेशक, इंटरनेशनल सोलर अलायन्स; तथा डॉ रंगन बैनर्जी, डायरेक्टर (आईआईटी-दिल्ली), एनटीपीसी के वरिष्ठ लीडर्स और ऊर्जा सेक्टर के लीडर भी मौजूद रहे। पुरस्कार दो श्रेणियों में दिए गए: 38 वर्ष से कम उम्र के युवा इनोवेटर्स को कैटेगरी 1 में सम्मानित किया गया। वहीं कैटेगरी 2 में व्यक्तियों एवं संगठनों को तकनीकी इनोवेशन्स के लिए पुरस्कार दिए गए। डॉ. अचु चंद्रन, प्रिंसिपल साइंटिस्ट, सीएसआईआर-एनआईआईएसटी को 'नैनो इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर' के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए कैटेगरी 1 में एक प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिला। एनटीपीसी की आर एंड डी विंग, नेत्रा को 'ग्रीन यूज़ ऑफ कोल टेक्नोलॉजीज़' के क्षेत्र में आधुनिक अनुसंधान के लिए कैटेगरी 2 में पुरस्कार मिला।

# अमेज़न इंडिया ने कारीगरों, उद्यमियों और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए अवसरों बढ़ाने के लिए की सरकारी विभागों के साथ साझेदारी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेज़न इंडिया ने भारत में पारंपरिक कारीगरों, महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों, उभरते स्टार्टअप और भारत के लॉजिस्टिक्स परितंत्र में अनुसंधान आधारित नवोन्मेष का समर्थन करने के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित कई संस्थानों के साथ गठजोड़ की घोषणा की। कंपनी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमओएमएसएमई), उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) और रेल मंत्रालय के तहत आने वाले गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) के साथ हुई इन साझेदारियों के ज़रिये बाज़ार पहुंच के विस्तार, क्षमता निर्माण और भारत की आर्थिक प्राथमिकताओं में सार्थक योगदान देना चाहती है। अमेज़न इंडिया के कंट्री मैनेजर, समीर कुमार ने इन साझेदारियों के संबंध में कहा, हम कारीगरों, उद्यमियों और निरंतर विकसित हो रहे लॉजिस्टिक्स परितंत्र का समर्थन करने के लिए भारत सरकार के इन संस्थानों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ये गठजोड़, देश भर के लोगों और व्यवसायों के लिए पहुंच और अवसरों का विस्तार करते हुए भारत के दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों में योगदान करने के अवसर पैदा करेंगे। अमेज़न, भारत के परिवहन और लॉजिस्टिक्स के लिए समर्पित पहले विश्वविद्यालय, गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) के साथ अनुसंधान और इस क्षेत्र की क्षमता बढ़ाने के लिए गठजोड़ कर रही है। इस साझेदारी को कुलपति कार्यालय के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) के ज़रिये औपचारिक रूप दिया जा रहा है और यह रेलवे फ्रेट कॉरिडोर, मल्टीमॉडल परिवहन, प्रौद्योगिकी आधारित लॉजिस्टिक्स दक्षता और वहनीयता से जुड़ी पहलों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

# भाटापारा में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हर्षोल्लास के साथ संपन्न

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com





नगर में आयोजित शक्ति संवर्धन विराट 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ पूरे हर्षोल्लास, श्रद्धा और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई, जबकि यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ आयोजन का समापन हुआ। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने लगभग 4 किलोमीटर की दूरी तय की। ठंड के बावजूद महिलाओं, बहनों और बेटियों को बिना चप्पल नंगे पांव चलते देखा गया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों द्वारा जल, जूस पिलाकर एवं पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। ठंड के कारण लोगों की उपस्थिति थोड़ी देर से रही, लेकिन समाज के सभी वर्गों की सहभागिता देखने को मिली। कई श्रद्धालु यज्ञ में बैठकर आहुति देते रहे, तो कई केवल दर्शन व माथा टेकने पहुंचे–इस प्रकार हर वर्ग की भावपूर्ण उपस्थिति रही। यज्ञ के दौरान पुंसवन संस्कार, गुरुदीक्षा, मुंडन, अन्नप्राशन सहित अनेक संस्कार संपन्न हुए। संस्कार कराने आए परिवारों के चेहरे पर विशेष उत्साह और गर्व झलक रहा था। भोजनालय की व्यवस्था भी सराहनीय रही। युवा वर्ग, महिलाएं एवं बुजुर्ग–सभी ने सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे आयोजन में कहीं भी असंतोष या शिकायत का भाव देखने को नहीं मिला। कार्यक्रम समाप्ति के बाद भी श्रद्धालुओं का दर्शन के लिए आना जारी रहा। भाटापारा की आम जनता ने इस आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में नगर पालिका, पुलिस विभाग, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न प्रशासनिक इकाइयों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# लोक अदालत में 26865 मामलों का हुआ निराकरण

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com





वर्ष 2025 का अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, समस्त तालुका न्यायालय एवं राजस्व न्यायालय में आयोजित हुआ। जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर में नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन दीप प्रज्वल शक्ति सिंह राजपूत प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर-चांपा, समस्त न्यायाधीशगण, अध्यक्ष जिलाअधिवक्ता संघ एवं अधिवक्तागण, जिला प्रशासन के समस्त विभागों के अधिकारीगण, जिला न्यायालय के समस्त अधिकारीगण कर्मचारीगण, जिला विदिशा प्राधिकरण के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण, विधि छात्रों एवं सम्माननीय मीडिया कार्ड की उपस्थिति में हुआ जहां प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा सभी को संबोधित करते हुए नेशनल लोक अदालत के महत्व बताते हुए अधिक से अधिक प्रकरण को सफल बनाने हेतु सहयोग करने को कहा गया। साथ ही नेशनल लोक अदालत के अवसर पर जिला न्यायालय भवन के सामने नालसा की योजनाएं (मानसिक रूप से बीमा एवं दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 एवं नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 के तहत कार्यक्रम व समस्त विभागों का जागरूकता स्टार लगाया गया जिसमें समाज कल्याण विभाग के द्वारा उनके दिव्यांग जनों हेतु योजनाओं के तहत, महिला बाल विकास विभाग जांजगीर महिला स्व सहायता अनुदान, स्पॉन्सरशिप योजना, सुपोषण के वितरण, गर्भवती महिलाओं हेतु सधोरी कार्यक्रम, बच्चों का अन्नप्राशन, स्थानीय का खाद्य पदार्थ एवं व्यंजन प्रदर्शन, श्रम विभाग जांजगीर द्वारा नैनीताल छात्रवृत्ति योजना एवं मिनीमाता महतारी जतन योजना, स्वास्थ्य विभाग जांजगीर द्वारा आयुष्मान कार्ड योजना एवं सभी प्रकार की इलाज एवं जागरूकता अभियान, पुलिस विभाग जांजगीर द्वारा यातायात जागरूकता, कृषि पशुधन विकास विभाग एवं जिला व्यापारी एवं उद्योग केंद्र द्वारा अपनी योजनाओं के तहत जानकारी हेतु जागरूकता स्टाल में शक्ति सिंह राजपूत प्रधान न्यायाधीश एवं न्यायाधीशगण एवं जिला प्रशासन के समस्त अधिकारीगण की उपस्थिति में एवं उनके हाथों से समस्त विभागों की योजनाओं के तहत हिमांशु कहरा, कौशल्या यादव, मनहरण प्रसाद, राकेश रोई दास को ट्राई साइकिल, राधिका साहू, हीरालाल लाठियां को श्रवण यंत्र, मनकठई महिला समूह एवं सरोज तिवारी को चेक राशि एक लाख रुपए, मीना बाई, सावित्रीबाई , दुखीन बाई नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत बीस हजार की चेक राशि, पूजा यादव एवं प्रिंसी को ननिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत तीन-तीन चेक राशि, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा द्वारा नेशनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय जांजगीर, समस्त तालुका न्यायालयों एवं राजस्व न्यायालयों में कल 40 खंडपीटों में कुल रखे गए प्रकरण 41379 में नेशनल का अदालत के माध्यम से कल प्रकरण का 26865 प्रकरणों का निराकरण हुआ।

# नेशनल सटलर आकर्षि कश्यप ने जशपुर में हो रहे 24वीं योनेक्स स्टेट बैडमिंटन चौंपियनशिप में अपना पहला मैच जीता

## जशपुर के अमन चौरसिया ने रोमांचक मुकाबले में बिलासपुर के अथर्व राय को दी शिकस्त

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जशपुर में चल रहे 24 में योनेक्स सनराइज छत्तीसगढ़ स्टेट सीनियर बैडमिंटन चौंपियनशिप में इंटरनेशनल बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षि कश्यप ने आसान मुकाबले में अपना पहला मैच जीता। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी नेशनल खिलाड़ी प्रियल गोयल को 21-4 और 21-6 से करारी शिकस्त दी। जशपुर के अमन चौरसिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंदी खिलाड़ी बिलासपुर के अथर्व राय को हराया। अमन कुनकुरी में पिछले माह हुई जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष सिंगल्स के विजेता रहे हैं । चौंपियनशिप के नोडल अधिकारी अनिकेत अशोक, आयोजन समिति के अध्यक्ष एसडीएम विश्वासराव म्हस्के, खेल अधिकारी समीर बड़ा और जिला बैडमिंटन संघ के सेक्रेटरी विनोद गुप्ता के मार्गदर्शन और देखरेख में इंडोर स्टेडियम में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, खिलाड़ियों की सुविधाओं के लिए भी व्यवस्थाएं की गई है। मुख्य रेफरी प्रताप भट्टाचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेन ड्रॉ के मैच 14 दिसंबर से शुरू हुए हैं। मेन ड्रॉ के पहले दिन 38 मुकाबलों में विभिन्न वर्गों के 72 खिलाड़ियों ने मैच खेला। दर्शकों ने कई रोमांचक मुकाबलों का आनंद लिया। मेन ड्रॉ के मैच खेलने वाले खिलाड़ियों में लगभग सभी नेशनल लेवल के खिलाड़ी हैं, दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। प्री-क्वार्टर फाइनल के मैच भी आज हुए। 15 दिसंबर से क्वार्टर फाइनल के मैच आयोजित होने हैं। पुरुष सिंगल्स, वुमेन सिंगल्स, पुरुष डबल्स, वूमेन डबल्स और मिक्स्ड डबल्स के मुकाबला हो रहे हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पाण्डेय, क्रीडा अधिकारी प्रदीप चौरसिया, वॉलिंटियर सुजीत सिंह, दिवाकर यादव, सज्जन रवानी की विशेष भूमिका है।

# परिजनों को पुलिस ने नहीं दी थी जानकारी

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



शहर के बहिदार पारा निवासी राधेश्याम शर्मा के पुत्र दीपक शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार किया था लेकिन उनके परिजनों को इसकी कोई जानकारी नहीं दी गयी। इस बात से नाराज क्षेत्रवासियों ने कोतवाली में आवेदन देकर दीपक के विषय में जानकारी चाही लेकिन पुलिस की ओर से मिले गोलमोल जवाब से असंतुष्ट होकर एस पी कार्यालय के सामने गांधी प्रतिमा के पास धरने में बैठ गये है। वहीं पुलिस की ओर से उन्हें जानकारी देते हुए बताया गया कि दीपक के विरुद्ध तमनार पुलिस ने प्रतिबंधत्मक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। दरअसल बहिदार पारा निवासी राधेश्याम के पुत्र दीपक शर्मा को अचानक पुलिस गिरफ्तार कर ले गयी। वहीं देर शाम तक परिजनों को किसी बात की जानकारी नहीं दी गयी जिससे पुरानी बस्ती क्षेत्र के रहवासियों ने पुलिस प्रशासन के इस रवैये पर आक्रोश जाहिर करते हुए एस पी कार्यालय के सामने गांधी प्रतिमा के पास धरने में बैठ गये स क्षेत्र के लोगों का कहना था कि दीपक उद्योगो के विरुद्ध ब्यानबाजी करता है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था उसके बाद दीपक कहा हैस इसकी कोई जानकारी नहीं है। यदि पुलिस ने उसे छोड़ दिया है तो वह कहा गया? इस बात का जवाब नहीं मिल पा रहा है जिससे वें चिंतित है। वहीं क्षेत्रवासियों द्वारा धरना प्रदर्शन करने पर पुलिस की ओर से उन्हें जानकारी दी गयी कि दीपक को तामनार पुलिस ने बीएनएसएस की धारा 170 के तहत प्रतिबंधत्मक कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल कर दिया गया है। वहीं पुरानी बस्ती के लोगों ने किस अपराध के लिये कार्रवाई की गई है पूछे जाने पर इसका जवाब पुलिस की ओर से नहीं मिलने पर वें जवाब मिलने तक धरने पर बैठे रहने की बात पर अड़े रहे।

# क्रेशर प्लांट में घुसकर दो ट्रैक्टरों से लगभग 50 लीटर डीजल चोरी, आरोपी की तलाश में पुलिस

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com




जिले में मां समलेश्वरी स्टोन क्रेशर प्लांट में घुसकर एक शख्स ने दो ट्रेक्टर से तकरीबन 50 लीटर डीजल चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मुंशी की रिपोर्ट के बाद पुलिस अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है, पूरा मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, पूनम पैकरा ने लैलूंगा थाने में लिखित शिकायत करते हुए बताया कि मां समलेश्वरी स्टोन क्रेशर में वह मुंशी का काम करता है। जब वह प्लांट आया तो देखा कि प्लांट में खड़ी दो ट्रैक्टर का पाइप काटकर लगभग 50 लीटर डीजल की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था और ट्रैक्टर की बोनट पर अश्लील शब्द लिखे थे। जिसके बाद उसने पूरे मामले की क्रेशर संचालक उमेश अग्रवाल को दी। पूनम पैकरा ने बताया कि जब प्लांट में लगे सीसीटीवी कैमरा देखा गया तो पता चला कि रात 1 बजकर 9 मिनट में एक व्यक्ति क्रेशर में घुसा और दो ट्रैक्टर से डीजल चोरी करने के बाद रात 2 बजकर 5 मिनट में जाता हुआ नजर आया। समलेश्वरी स्टोन क्रेशर के मुंशी पूनम पैकरा की रिपोर्ट के बाद लैलूंगा पुलिस आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# 400 किलो अवैध महुआ लहान एवं 45 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

ग्राम हरदी थाना सक्ती में अवैध रूप से महुआ शराब बनाने की शिकायत में आबकारी विभाग सक्ती से सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल और आबकारी उपनिरीक्षक घनश्याम प्रधान ने संयुक्त टीम बनाकर छापामार कार्रवाई की। इसमें नाला किनारे 2 चढ़ी शराब भट्ठी मिली। जिसे मौके पर ही नष्ट किया गया। प्लास्टिक पन्नी में रखा महुआ शराब 45 लीटर, महुआ लाहन 20 बोरी प्रत्येक में 20 किलो कुल 400 किलो महुआ लाहन लावारिस बरामद किया गया।

# टोकन तुंहर हाथ ऐप के माध्यम से घर बैठे किसानों को मिल रहा धान बेचने के लिए टोकन : मुकेश

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में प्रदेशभर में धान खरीदी प्रक्रिया सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी रूप से संचालित हो रही है। इसी क्रम में जशपुर जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निरंतर जारी है। जशपुर निवासी मुकेश कुमार भगत मनोरा धान खरीदी केन्द्र में अपना धान बेचने पहुंचे उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन की धान खरीदी व्यस्था देखकर खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि धान बेचने के लिए टोकन तुंहर हाथ ऐप के माध्यम से ऑनलाइन घर बैठे अपना टोकन कटाया था और आसानी से उन्हें टोकन मिल गया है। उन्होंने किसानों के लिए ऐप को अच्छी सुविधा बताया उन्होंने कहा कि किसानों को टोकन कटाने के लिए लाइन में लगने की आवश्यकता नहीं होती है। घर बैठे टोकन कटा कर आसानी से अपना धान बेच सकते हैं। किसानों के लिए अच्छी व्यस्था देखकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि खरीदी केन्द्र में किसानों की सुविधा के लिए केन्द्रों में टोकन कटाई, तौलाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों का भी सुदृढ़ प्रावधान किया गया है। किसानों के लिए केंद्र में साफ सुथरे बोरे उपलब्ध हैं, समय पर तौलाई हो रही है और सुविधाएं पहले की तुलना में काफी बेहतर हुई हैं। उन्होंने कहा कि अब किसानों को घंटों लाइन में लगने की आवश्यकता नहीं पड़ती, जिससे समय और मेहनत दोनों की बचत हो रही है।

# धान तस्करों पर कलेक्टर की रात में रेड: 1 ट्रक 3 पिकअप जब्त, 214 बोरी अवैध धान पकड़ा

## अवैध धान पर प्रशासन की सर्जिकल स्ट्राइक,कलेक्टर खुद मैदान में उतरे

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com



धान खरीदी के बीच अवैध धान परिवहन पर नकेल कसने के लिए बलरामपुर जिले में प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। कलेक्टर राजेंद्र कटारा की सख्त निगरानी और फील्ड में सक्रिय मौजूदगी का असर यह रहा कि बीती रात अंतर्राज्यीय सीमाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने एक ट्रक और तीन पिकअप वाहनों से कुल 214 बोरी अवैध धान जब्त किया। कलेक्टर कटारा न सिर्फ मॉनिटरिंग कर रहे हैं, बल्कि स्वयं सीमावर्ती इलाकों और चेकपोस्टों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने रामचंद्रपुर तहसील के मनरु घुटरा सहित कई अंतर्राज्यीय चेकपोस्टों का दौरा कर वहां तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति, वाहनों की जांच प्रक्रिया, परिवहन दस्तावेजों की पड़ताल और रजिस्टर संधारण की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। प्रशासन की सख्ती का सबसे बड़ा उदाहरण रात्रिकालीन कार्रवाई में सामने आया,जब बीती रात करीब 2 बजे कलेक्टर कटारा स्वयं प्रशासनिक टीम के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान उत्तर प्रदेश की ओर से अवैध रूप से धान परिवहन करते हुए एक ट्रक को रोका गया,जिसमें करीब 40 बोरी अवैध धान भरा हुआ पाया गया। ट्रक को तत्काल जब्त कर थाना सनावल के सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई में अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता,जनपद सीईओ रणवीर साय सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। कलेक्टर कटारा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में अवैध धान की आवक किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेकपोस्ट पर तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मुख्य मार्गों के साथ-साथ वैकल्पिक और गुप्त रास्तों पर भी कड़ी नजर रखी जाए तथा हर वाहन की आवाजाही का विधिवत रिकॉर्ड संधारित किया जाए। इसी कड़ी में सामरी क्षेत्र में भी बड़ी कार्रवाई हुई। अनुविभागीय अधिकारी कुसमी करुण डहरिया के नेतृत्व में झारखंड की ओर से आ रहे दो पिकअप वाहनों को ग्राम अमटाही क्षेत्र में रात्रि करीब 3:30 बजे रोका गया। जांच में दोनों वाहनों से 123 बोरी अवैध धान बरामद किया गया, जिसे जब्त कर थाना सामरी के सुपुर्द किया गया। वहीं रामचंद्रपुर तहसील के बेलकुर्ता क्षेत्र में एक अन्य पिकअप वाहन से 51 बोरी अवैध धान पकड़ा गया। वाहन और धान को जब्त कर आगे की कार्रवाई संबंधित थाने को सौंप दी गई है। कलेक्टर कटारा ने दो टूक कहा कि अवैध धान के परिवहन, भंडारण और सीमावर्ती इलाकों में हो रही संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को गांवों, जंगलों और सीमा क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने तथा किसी भी संदेहास्पद गतिविधि पर तुरंत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत जिले में एक गांव बनेगा मॉडल सोलर विलेज

## सबसे अधिक जनसंख्या वाले 10 गांव में से 1 गांव का होगा चयन

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत जिले में एक ग्राम को मॉडल सोलर विलेज के रूप में विकसित किया जाएगा। गांव के चयन की प्रक्रिया औपचारिक तौर पर प्रारंभ हो गई है। भारत सरकार द्वारा जारी अद्यतन दिशा-निर्देशों के अनुसार अब नवीन जनगणना के आधार पर ऐसे राजस्व ग्रामों का चयन किया जाना आवश्यक है जिनकी आबादी 5,000 से अधिक हो। जिले में 5,000 से अधिक आबादी वाले ग्रामों की संख्या 10 से कम होने के कारण जिला स्तरीय समिति द्वारा जिले के प्रथम 10 सर्वाधिक आबादी वाले ग्रामों के मध्य छह माह की प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। इस प्रक्रिया के आधार पर ही अंतिम मॉडल सोलर विलेज का चयन किया जाएगा। दिशा-निर्देशों के अनुसार जिस ग्राम में सरकारी अथवा गैर-सरकारी माध्यमों से सर्वाधिक सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित होगी, उसे मॉडल सोलर विलेज के रूप में प्राथमिकता दी जाएगी। इसी क्रम में जिला प्रशासन ने जिले के 10 सर्वाधिक आबादी वाले ग्राम बटईकेला, सन्ना, कांसाबेल, पण्ड्रापाठ, लुड़ेग, कामारिमा, घोघर, तपकरा, दुलदुला और फरसाबहार को प्रतिस्पर्धा हेतु सूचीबद्ध किया गया है। इन ग्रामों में सौर ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने और मूल्यांकन के लिए छह माह की अवधि निर्धारित की गई है। चयनित ग्राम के विकास हेतु 2 करोड़ रुपये की डी.पी.आर. तैयार कर 15 मार्च 2026 तक ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन को भेजा जाएगा। जिला प्रभारी क्रेडा ने बताया कि प्रतिस्पर्धा की प्रक्रिया जारी है और निर्धारित मानकों के आधार पर जिले के आदर्श सौर ग्राम का चयन समय सीमा में कर लिया जाएगा।

## सनातन धर्म की रक्षा के लिए संघ ने जो कार्य किया है वह एक अदभुत कार्य है

# संघ के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने पर शक्ति में हुआ हिंदू सम्मेलन का आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com






राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे भारत देश में शताब्दी वर्ष के रूप में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में शक्ति शहर के नारायण सागर तालाब उद्यान में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोरबा के विभाग सह कार्यवाह एवं कुष्ठ निवारक संघ चाम्पा की संचालन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सोनी, प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य राजेंद्र शर्मा एवं ब्रह्म कुमारी संस्था शक्ति की संचालिका तुलसी बहन प्रमुख रूप से उपस्थित थे, सम्मेलन का शुभारंभ वीणा वादिनी मां सरस्वती एवं भारत माता के तेल चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वललन कर हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता लक्ष्मी नारायण सोनी ने विस्तार पूर्वक संघ स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने की गौरवशाली यात्रा पर विस्तार पूर्वक अपनी जानकारी देते हुए पंच परिवर्तन के रूप में स्व-आधारित जीवन, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य बोध और शिष्टाचार तथा पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार पूर्वक बिंदुवार जानकारी दी तथा सोनी ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की संघ यात्रा ने संगठन एवं सेवा के 100 वर्ष पूर्ण किए हैं, जो हम सभी के लिए एक गौरवशाली अवसर है, तथा आज संघ की स्थापना जिन उददेश्यों के लिए की गई थी, उस कार्य में स्वयंसेवक अपना परिश्रम लगाकर उसे गति दे रहे हैं, सोनी ने इस अवसर पर हिंदुओं को भी आवाहन करते हुए कहा कि हिंदुओं को जगाने के लिए हम सभी को लगातार कार्य करना होगा एवं हिंदू समाज विशालकाय समाज है, तथा हम सबको गर्व होना चाहिए कि हम हिंदू हैं, सोनी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के गौरवशाली यह 100 वर्ष महायज्ञ अविरत रूप से चल रहा है, संपूर्ण समाज को संगठित कर देश के सामने आने वाली सभी समस्याओं और चुनौतियों का समाधान करना समाज में स्थाई परिवर्तन लाने हेतु समाज की व्यवस्थाओं का युग अनुकूल निर्माण करना यह संघ कार्य का आगामी चरण है, किंतु हमारा देश विशाल देश है, एवं कोई एक संगठन इसमें स्थाई परिवर्तन नहीं ला सकता, इसके लिए हम सभी को आपसी मतभेद बुलाकर एक साथ आकर काम करना होगा इसके लिए सज्जन शक्ति की सक्रियता और सहयोग आवश्यक है, तथा अपनी पवित्र मातृभूमि को पुनः विश्व गुरु के रूप बनाने हेतु आज पुरुषार्थ करने का समय है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य राजेंद्र महाराज टेमर वाले ने विस्तार पूर्वक उपस्थित बंधुओ का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यह अविरल यात्रा एक गौरवशाली यात्रा है, जिसने अपने स्थापना के 100 वर्षों में ऐसे कार्य किए हैं, एवं लोगों में राष्ट्रभक्ति को जगाने के लिए सदैव काम किया है,आज संघ की शाखाएं जहां ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों में देश प्रेम की भावना जगाने एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए काम कर रही है, वहीं आचार्य राजेंद्र जी महाराज ने विगत वर्षों में संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत के साथ हुई अपने मुलाकात के गौरवशाली क्षणों का भी वर्णन करते हुए विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन दिया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रजापति ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की तुलसी बहन ने कहा कि संघ की स्थापना का यह गौरवशाली शताब्दी वर्ष हम सबके लिए एक प्रेरणा लेने वाला एवं स्वयंसेवकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने वाला है, तथा सनातन धर्म की रक्षा के लिए संघ ने जो कार्य किया है वह एक अदभुत कार्य है, तथा आप हम सब आगे आकर इस यात्रा को गति प्रदान करें। कार्यक्रम के दौरान हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के जिला संयोजक गोविंद देवांगन, जिला सहसंयोजक संजय कश्यप एवं रीता पटेल द्वारा आगंतुक वक्ताओं का शाल, श्रीफल, गमछा एवं पुष्पाहार के माध्यम से स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के सभी सदस्य जुटे रहे एवं इस कार्यक्रम में शक्ति के पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू, पूर्व मंत्री मेधाराम साहू,जिला पंचायत सदस्य विद्या सिदार, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, अनीता सिंह, संजय अग्रवाल, रामनरेश यादव, रंजन सिन्हा, रामावतार साहू, बजरंग लाल अग्रवाल, डमरूधर देवांगन, ओमप्रकाश राठौर, सुदामा चंद्रा, मनोज सोनी, लक्ष्मी सोनी, सत्येंद्र नाथ सोनी, विद्या लखन देवांगन, रमेश चंद्र अग्रवाल, रामनारायण गौतम, आदित्य अग्रवाल राजा, गजेंद्र यादव पिंटू सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विभिन्न हिंदू संगठनों के सदस्य, नगर पालिका शक्ति के भाजपा समर्थित पार्षद, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा पत्रकार साथी मौजूद रहे, कार्यक्रम के पश्चात आभार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर शक्ति के संघ चालक कुशलाल वर्मा ने आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी से आवाहन किया कि आज इस कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपना योगदान दें एवं कार्यक्रम के पश्चात आयोजन समिति द्वारा दोपहर भोजन भंडारा प्रसाद की भी व्यवस्था की गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# पायनियर हलचल...

## 'अटल निर्माण वर्ष' और नकारा पीडब्ल्यूडी विभाग

राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इस डिजिटल क्रांति और एआई के जमाने में भी अपने हांथ से लिखकर, बड़ी मेहनत और बड़े जतन से राज्य का बजट भाषण 2025-26 विधानसभा में प्रस्तुत किया था। निश्चित ही भाषण में उनकी भावनाएं भी होंगी और राज्य में विकास को नया आयाम देने का सपना भी। दरअसल वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने लिखे हुए बजट भाषण में कहा था कि इस वर्ष को छत्तीसगढ़ में 'अटल निर्माण वर्ष' मनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा था कि यह निर्माण इंफ्रा का निर्माण तो है ही, इस निर्माण का आशय सभी क्षेत्रों में नए अवसरों का भी निर्माण है। लेकिन राज्य का निर्माण विभाग यानि कि पीडब्ल्यूडी उनके सपनों और विजन के विपरीत उन्हें खुलेआम मुंह चिढ़ाने का काम कर रहा है। आज इस वित्तीय वर्ष का आधा से अधिक का समय हाथ से निकल चुका है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के तकरीबन साढ़े तीन माह ही शेष बचे हुए हैं, लेकिन सरकार का निर्माण विभाग 'अटल निर्माण वर्ष' में पूरी तरह नकारा साबित हो चुका है। 'अटल निर्माण वर्ष' में पीडब्ल्यूडी विभाग में तकरीबन 9500 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान है। लेकिन राशि खर्च करने के आकड़ों ने सबको हैरान कर दिया है, परेशान कर दिया है। दरअसल कहा जा रहा है कि यह विभाग 9500 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान में से अभी तक महज 1900 करोड़ रुपये ही खर्च कर पाया है। यह कैसा 'अटल निर्माण वर्ष' है? आखिर अटल निर्माण वर्ष में विभाग की स्थिति इतनी दयनीय क्यों है? क्या इस परफारमेंस को देखकर किसी को ऐतराज नहीं हो रहा? बहरहाल 'अटल निर्माण वर्ष' में इन्फ्रा के हाल सबके सामने है। अन्य क्षेत्रों के निर्माण के अवसरों पर कभी और चर्चा की जाएगी।

## आपका सीएम आपका भाई, अब आपके बीच सीएम हेल्प लाइन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हाल ही एक कार्यक्रम में कहा था कि आपका मुख्यमंत्री आपके समाज के बीच का है, आपका भाई है, आप आगे बढ़ें, सरकार हर कदम आपके साथ है। निश्चित ही मुख्यमंत्री अपने इस कसौटी पर खरे उतरते दिख रहे हैं। वह जनता को अपने से जोड़कर रखना चाहते हैं, उनकी परेशानियों को सुनकर उसका निराकरण करना चाहते हैं। दरअसल यह हम नहीं कह रहे यह उनके प्रयास चीख-चीख कर बयां कर रहे हैं। मुख्यमंत्री और उनकी टीम जल्द ही जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाइल लेकर आ रहे हैं। सीएम हेल्पलाइन से जनता सीधा जुड़कर सरकार तक अपनी बात पहुंचा सकती है, शिकायत का समाधान पा सकती है। अब उन्हें दर-दर भटकना नहीं पड़ेगा। इस प्लेटफार्म से सरकारी कर्मचारियों की जवाबदेही जनता के प्रति और सुनिश्चित होगी, जनता का सरकार पर और विश्वास बढ़ेगा। हालांकि इसके अलावा भी मुख्यमंत्री ने जनता के प्रति अधिकारियों और कर्मचारियों को और जवाबदेह बनाने अनेकों निर्णय लिए हैं। सरकारी काम - काज में और कसावट लाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में ई-फाइल का प्रयोग सफल रहा। ई-फाइल के चलते सरकारी काम की जवाबदेही और समयसीमा पर सकारात्मक प्रभाव दिखने लगा है। अब 1 जनवरी से कलेक्टर कार्यालय, कमिश्नर कार्यालय एवं एचओडी में भी ई-फाईल के माध्यम से काम होंगे। इसके साथ ही मंत्रालय में सीएस, एसीएस और सचिव स्तर के अफसर भी अब सुबह 10 बजे तक डिजिटल अटेंडेंस लगाते दिख रहे हैं। मतलब कार्यालयीन समय में भी पावन्दी की शुरुआत सीधा उच्च स्तर से की गई है। संभव है यह फार्मुला जल्द ही सभी विभागों के मुख्यालय और उनके अधीन कार्यालयों में भी लागू हो जाएंगे।

## तस्वीर और और भूपेश बघेल

राजनीति में कुछ भी निजी नहीं होता। यहां राजनेता का उठना-बैठना, कहना-सुनना सब जनता से जुड़ा हुआ होता है। दरअसल राजनीति और राजनेता में व्यक्तिगत और निजी जैसे शब्द पूर्णतः झूठे प्रतीत होते हैं। खैर इस पर सबके अपने-अपने तर्क हैं। लेकिन इन दिनों पूर्व सीएम भूपेश बघेल को एक तस्वीर ने संजीवनी देने का काम किया है। भूपेश बघेल और कांग्रेस इस तस्वीर को भुनाने में पूरी तरह जुट गए हैं, हालांकि एक राजनेता के रुप में किसी अवसर को भुनाने में कोई बुराई नहीं है। सम्भवतः इसीलिए भूपेश बघेल और कांग्रेस इस तस्वीर को निजी आयोजन से इतर सीधा जनता से जोड़ने में सफल होते दिख रहे हैं। इसके दूरगामी परिणाम क्या होंगे? फिलहाल इस कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन इससे कांग्रेस का कोई नुकसान नहीं होने वाला यह भूपेश और कांग्रेसी नेता भली-भांति जानते हैं।

## विजन 2047 का बहिष्कार

विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरु होने जा रहा है। सत्र के पहले दिन यानि की रविवार को सरकार विजन 2047 पर चर्चा कराएगी। हालांकि शनिवार और रविवार को सामान्यतः विधानसभा में अवकाश रहता है। दरअसल छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहला विधानसभा सत्र राजकुमार कॉलेज में 14 दिसम्बर को हुआ था। वहीं दूसरी ओर विपक्ष ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन विजन 2047 की चर्चा को बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। कांग्रेस का कहना है कि विजन 2047 के नाम पर झूठ फैलाया जा रहा है। हालांकि 14 दिसम्बर को कांग्रेस पार्टी दिल्ली में एक बड़ा आंदोलन करने जा रही है, संभव है कांग्रेस के ज्यादातर विधायक दिल्ली में आयोजित होने वाले इस आंदोलन में शामिल होंगे। वहीं शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक में जमीनों की बढ़ी गाइडलाइन दर को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी पर जोर दिया गया है। साथ ही किसानों के मुददे पर भी कांग्रेस का सदन में शोर-शराबा देखने को मिल सकता है।

## छत्तीसगढ़ का पहला रामसर साइट

कोपरा जलाशय छत्तीसगढ़ का पहला रामसर साइट बन गया है। वहीं कोपरा को मान्यता मिलने के बाद देश भर में रामसर स्थलों की संख्या अब 94 हो गई है। बिलासपुर जिले का कोपरा जलाशय तकरीबन 209.753 हेक्टेयर में फैली यह आर्द्रभूमि जैव विविधता और पर्यावरण के कारण अंतराष्ट्रीय स्तर पर काफी महत्वपूर्ण मानी गई है। दरअसल रामसर साइट वह आर्द्रभूमि है जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय महत्व के लिए रामसर संधि के तहत सूचीबद्ध किया गया है। इसका प्रमुख उद्देश्य आर्द्रभूमि का संरक्षण और लगातार उपयोग सुनिश्चित करना है। यह संधि 1971 में ईरान के रामसर शहर में हुई थी। निश्चित ही यह छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। इसके लिए राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार को प्रास्ताव भेजा था, जिस पर मुहर लगने से छत्तीसगढ़ को यह गौरव प्राप्त हुआ है।

## सूचना आयोग में नियुक्ति के संकेत

लंबे समय से सूचना आयोग बिना किसी मुखिया के संचालित हो रहा है। जिसका इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। संभव है कि आने वाले दिनों में आयोग में नियुक्तियों का सिलसिला शुरु हो जाए। दरअसल राज्य में मुख्य सूचना आयुक्त समेत सूचना आयुक्त के लिए इंटरव्यू भी हो चुका है। मुख्य सूचना आयुक्त के लिए राज्य के पूर्व सीएस रिटायर्ड आईएएस अमिताभ जैन, पूर्व डीजीपी रिटायर्ड आईपीएस अशोक जुनेजा समेत अन्य रेस में हैं। माना जा रहा है कि विधानसभा सत्र के आखिरी-आखिरी इन नियुक्तियों पर मुहर लग सकती है।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# साय सरकार की प्रथम कैबिनेट के दो वर्ष पूर्ण 18 लाख पीएम आवास को दी गई थी स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी प्रथम मंत्रिपरिषद बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 18 लाख आवासों की स्वीकृति के निर्णय के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में 10,000 आजीविका डबरी निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कवर्धा जिले के जनमन आवास योजना के हितग्राहियों तथा नारायणपुर जिले के आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के लिए संचालित विशेष परियोजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को आजीविका डबरी के स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारीक सिंह, प्रधानमंत्री आवास योजना के संचालक एवं आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा तारन प्रकाश सिन्हा तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वर्ष 2016 से 2026 की अवधि के लिए 26.27 लाख आवासों के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 24.37 लाख आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिनमें से 17.14 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैं। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में मात्र दो वर्षों में लगभग 8 लाख आवासों का निर्माण पूर्ण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है, जो योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को दर्शाता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा विगत दो वर्षों के अल्प कार्यकाल में ही लगभग 8 लाख आवासों का निर्माण पूर्ण किया गया है। यह उपलब्धि राज्य में आवास निर्माण की गति को दर्शाती है। विशेष रूप से पिछले 6 महीनों में प्रतिदिन औसतन 2000 आवासों का निर्माण पूर्ण किया गया, जो प्रशासनिक दक्षता और सतत निगरानी का परिणाम है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का शुभारंभ अप्रैल 2016 में किया गया, जिसका उददेश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत प्रति आवास 1.20 लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही, योजना का अन्य योजनाओं से अभिसरण किया गया है, जिसके तहत मनरेगा से 90 दिवस की मजदूरी तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से 12 हजार रूपए की सहायता शौचालय निर्माण हेतु दी जाती है, जिससे हितग्राही को संपूर्ण आवास सुविधा प्राप्त हो सके। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत प्रदेश में 10,000 आजीविका डबरी निर्माण का कार्य मोर गांव-मोर पानी महाअभियान के अंतर्गत क्रियान्वित किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री साय से शासकीय आदर्श पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में शासकीय आदर्श पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री साय को शहीद वीर नारायण सिंह जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया। शहीद वीर नारायण सिंह जयंती के अवसर पर यह भव्य समारोह 15 दिसंबर को रायपुर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी छात्र-छात्राओं द्वारा शासकीय आदर्श पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, पेंशन बाड़ा, रायपुर में शाम 7 बजे से किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आयोजन की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम के सफल आयोजन की कामना की। इस अवसर पर छात्रावास अध्यक्ष पुरुषोत्तम नेताम सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ भाजपा ने राज्य सरकार द्वारा गाइडलाइन दरों में किए गए व्यापक सुधारों को कहा जनहितैषी

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में राज्य सरकार द्वारा गाइडलाइन दरों में किए गए व्यापक सुधारों को जनहितैषी बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर पंजीयन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और आमजन के अनुकूल बनाया जा रहा है। इसी क्रम में गाइडलाइन दरों को लेकर विभिन्न हितधारकों से प्राप्त सुझावों और आपत्तियों पर विचार कर केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। केदारनाथ गुप्ता ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में 1400 वर्ग मीटर तक भूखंडों पर लागू इंक्रीमेंटल गणना व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। अब नगर निगम क्षेत्र में 50 डेसिमल, नगर पालिका में 37.5 डेसिमल तथा नगर पंचायत में 25 डेसिमल तक स्लैब दर से मूल्यांकन होगा। बहुमंजिला भवनों में फ्लैट, दुकान और कार्यालय के अंतरण पर सुपर बिल्ट-अप एरिया के स्थान पर केवल बिल्ट-अप एरिया के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे मध्यम वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही बेसमेंट व प्रथम तल पर 10 प्रतिशत और द्वितीय तल एवं उससे ऊपर 20 प्रतिशत की कमी के साथ मूल्यांकन का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भूमि मूल्यांकन से जुड़े कई अतिरिक्त भार समाप्त किए गए हैं।

## तेलीबांधा ब्रिज के नीचे चला टीम प्रहरी अभियान, यातायात जाम से मिली राहत

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जनहित और जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए टीम प्रहरी अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान का उददेश्य मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों में यातायात को सुगम बनाना है। इसी क्रम में टीम प्रहरी अभियान के तहत नगर निगम जोन क्रमांक 3 क्षेत्र में तेलीबांधा ब्रिज के नीचे संयुक्त कार्रवाई की गई। नगर निगम जोन 3 के नगर निवेश विभाग की टीम और नगर निगम मुख्यालय के नगर निवेश विभाग के उड़न दस्ते ने सख्ती से कार्रवाई करते हुए सड़क पर अवैध रूप से लगे तीन ठेलों को तत्काल जब्त कर लिया। इसके अलावा लगभग नौ ठेलों को मौके से हटाया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में लगने वाले यातायात जाम की समस्या से नागरिकों को त्वरित राहत मिली और यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित हो गई।




## गेवरा से बिलासपुर तक फैला कोयला गोरखधंधा तीन ट्रक जब्त, बड़े नेटवर्क की जांच शुरू

**कोरबा।** कोरबा जिले की गेवरा कोयला खदान से कोयले की अवैध निकासी और गड़बड़ी का एक गंभीर मामला सामने आया है। शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि यह मामला सिर्फ चोरी तक सीमित नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से संचालित एक संगठित कोयला घोटाले का हिस्सा हो सकता है, जिसकी कड़ियां दीपका क्षेत्र से लेकर बिलासपुर के निजी कोल डिपो तक जुड़ी बताई जा रही हैं। जानकारी के अनुसार, गेवरा खदान से अडानी पावर लिमिटेड के जयरामनगर साइडिंग के लिए रवाना हुए तीन ट्रक पिछले तीन दिनों से दीपका थाना परिसर में खड़े हैं। ये वाहन प्रदेश की बड़ी कोल ट्रांसपोर्ट कंपनी के हैं। सूत्रों के अनुसार, कोयला जयरामनगर साइडिंग तक पहुंचने के बजाय फर्जी दस्तावेजों के सहारे बिलासपुर जिले के निजी कोल डिपो में खपाया जा रहा था। संबंधित ट्रांसपोर्ट कंपनी का खुद का कोल डिपो भी बिलासपुर में होने से पूरे मामले पर संदेह और गहराता जा रहा है। बताया जा रहा है कि गेवरा से निकलने के बाद ट्रकों को साइडिंग से पहले ही रोक दिया जाता था। इस दौरान ट्रकों में लगे जीपीएस उपकरण निकालकर मोटरसाइकिल पर लगा दिए जाते थे, ताकि कागजों और सिस्टम में ट्रक की लोकेशन सही दिखाई दे।

## रायपुर एयरपोर्ट पर उड़ान संचालन पटरी पर, यात्रियों को मिली राहत



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

पिछले दस दिनों से बाधित चल रही विमान सेवाएं अब धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं। मुंबई से शाम पांच बजे रायपुर आने वाली एक फ्लाइट को छोड़कर अन्य सभी शहरों से आने-जाने वाली उड़ानें अपने तय ट्रैक पर लौट चुकी हैं। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से सबसे अधिक उड़ानों का संचालन करने वाली इंडिगो एयरलाइंस की कई फ्लाइट्स बीते दिनों विमानों की कमी के कारण प्रभावित हुई थीं। इससे यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। हालांकि बुधवार के बाद स्थिति में सुधार आया और रायपुर से संचालित 27 से 30 नियमित उड़ानों में से केवल तीन उड़ानें ही अस्थायी रूप से स्थगित रहीं। दिल्ली से आने वाली एयर इंडिया की एक फ्लाइट और बेंगलुरु की एक उड़ान अपने निर्धारित समय से करीब एक घंटे की देरी से पहुंची। विमानतल अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की समस्याओं के समाधान के लिए स्थानीय अधिकारियों को तैनात किया गया है और फिलहाल एयरपोर्ट पर किसी तरह की बड़ी परेशानी नहीं है। उड़ान सेवाओं के पूरी तरह सामान्य होने से यात्रियों ने राहत की सांस ली है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403